दैनिक
बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
■ Since : 2004
/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 119 | जयपुर | सोमवार, 03 मार्च, 2025 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष चतुर्थी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

संक्षिप्त समाचार

भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रन से हराया

सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला, न्यूजीलैंड साउथ अफ्रीका से खेलेगी

बढ़ता राजस्थान

दुबई (एजेंसी)। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी में अजेय अभियान जारी रखा है। टीम ने रविवार को न्यूजीलैंड को 44 रन से हराया। रविवार को 250 रन का टारगेट चेज कर रही न्यूजीलैंड 45.3 ओवर में 205 रन पर ऑलआउट हो गई। वरुण चक्रवर्ती ने 5 विकेट झटके। कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले। केन विलियम्सन ने सबसे ज्यादा 81 रन बनाए। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। भारतीय टीम 50 ओवर में 8 विकेट पर 249 रन ही बना सकी। श्रेयस अय्यर ने 79 रन बनाए। न्यूजीलैंड से मैट हेनरी ने 5 विकेट लिए। इस जीत के साथ भारत ने ग्रुप-ए में टॉप पोजिशन के साथ फिनिश किया है यानी कि भारत का सेमीफाइनल मुकाबला 4 मार्च को इसी मैदान पर ऑस्ट्रेलिया से होगा। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड की टीमें खेलेंगी।

हिमाचल में बर्फबारी से 4 नेशनल हाईवे बंद

जम्मू-श्रीनगर हाईवे हल्के वाहनों के लिए खुला; आज बारिश-बर्फबारी के आसार

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के पहाड़ी इलाकों में बारिश-बर्फबारी का दौर कुछ धीमा हो गया है। मौसम विभाग के मुताबिक आज रात एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। इसके असर से 3 मार्च के बाद बारिश और बर्फबारी का दौर फिर से शुरू होने की उम्मीद है। हिमाचल प्रदेश में लैंडस्लाइड की वजह से सड़कें अभी भी बंद हैं। राज्य की 480 सड़कें और 4 नेशनल हाईवे अभी भी बंद हैं। स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के मुताबिक शनिवार शाम तक भी 2 हजार से ज्यादा ट्रांसफॉर्मर और 434 जल आपूर्ति योजनाएं बाधित हैं। हिमाचल में कुल्लू जिले के भुंतर में सबसे ज्यादा 112 एमएम बारिश दर्ज हुई। कुल्लू जिले के ही कोठी में सबसे ज्यादा 15 ष्द्व बर्फबारी हुई। ढ्ढरूष्ठ के मुताबिक 2 मार्च की रात तक मौसम साफ रहने की उम्मीद है। 3 मार्च को सुबह से भारी बारिश और बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 6 मार्च से तापमान धीरे-धीरे बढ़ेगा। जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे शनिवार को सिर्फ हल्के वाहनों के लिए खोल दिया गया। पंजाब, राजस्थान, दिल्ली समेत उत्तर-पश्चिमी राज्यों का न्यूनतम तापमान अगले 2 दिन 3 से 4 डिग्री तक गिर सकता है।

शेयर बाजार 'धोखाधड़ी' मामला

पूर्व सेबी प्रमुख व पांच अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश

बढ़ता राजस्थान

मुंबई (एजेंसी)। एक विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी और विनियामकीय उल्लंघन के संबंध में शेयर बाजार नियामक सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है। मुंबई स्थित विशेष एसीबी अदालत के न्यायाधीश शशिकांत एकनाथराव बांगर ने शनिवार को पारित आदेश में कहा, प्रथम दृष्टया विनियामकीय चूक और मिलीभगत के सबूत हैं, जिसकी निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है।

अदालत ने कहा कि वह जांच की निगरानी करेगा और 30 दिनों के भीतर (मामले की) स्थिति रिपोर्ट मांगी गई है। अदालत ने आदेश में यह भी कहा है कि आरोपों से संज्ञेय अपराध का पता चलता है, जिसके लिए जांच जरूरी है। इसमें कहा गया है कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की निष्क्रियता के कारण सीआरपीसी (आपराधिक प्रक्रिया संहिता) के प्रावधानों के तहत न्यायिक हस्तक्षेप की जरूरत है।

बुच के अलावा जिन अन्य अधिकारियों के खिलाफ अदालत ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है, उनमें बीएसई के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदररामन राममूर्ति, इसके तत्कालीन चेयरमैन और जनहित निदेशक प्रमोद अग्रवाल और सेबी के तीन पूर्णकालिक सदस्य अश्विनी भाटिया, अनंत नारायण जी और कमलेश चंद्र वार्ष्णेय शामिल हैं।

सेबी कोर्ट के आदेश को चुनौती देने के लिए उचित कानूनी कदम उठाएगी

वहीं रविवार को सेबी ने स्टेटमेंट में कहा कि वह जल्द ही मुंबई की एसीबी कोर्ट के आदेश को चुनौती देने के लिए उचित कानूनी कदम उठाएगी। इसके अलावा सेबी ने कहा कि शिकायतकर्ता तुच्छ और आदतन मुकदमेबाज है।

- माधवी बुच समेत छह लोगों पर एफआईआर का आदेश
- सेबी की पूर्व चीफ माधवी पूरी बुच
- सेबी के होल टाइम मेंबर अश्वनी भाटिया
- सेबी के होल टाइम मेंबर अनंत नारायण
- सेबी के होल टाइम मेंबर कमलेश चंद्र वार्ष्णेय
- बीएसई के चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल
- बीएसई के सीईओ सुंदररमन राममूर्ति

एसीबी को 30 दिनों के भीतर स्टेटस रिपोर्ट पेश करनी होगी

जज बांगर ने शिकायत और सहायक दस्तावेजों की समीक्षा करने के बाद यह आदेश दिया। जज ने मुंबई के एंटी-करप्शन ब्यूरो (एसीबी), भारतीय दंड संहिता, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और सेबी अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। अदालत ने एसीबी को 30 दिनों के भीतर स्टेटस रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

अब माधबी बुच के बारे में जानिए

बुच ने अपना करियर 1989 में आईसीआईसीआई बैंक से शुरू किया था। 2007 से 2009 तक आईसीआईसीआई बैंक में एग्जीक्यूटिव डायरेक्ट थीं। वे फरवरी 2009 से मई 2011 तक आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज की मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ थीं। 2011 में सिंगापुर चली गईं और वहां उन्होंने ग्रेटर पैसिफिक कैपिटल में काम किया। माधबी के पास फाइनेंशियल सेक्टर में 30 साल का लंबा अनुभव है और वे सेबी की तमाम कमेटियों में पहले भी रह चुकी हैं। वे अभी इसकी एडवाइजरी कमेटी में भी थीं।

सीएम भजनलाल ने भैरवजी मंदिर में की पूजा-अर्चना

एक लाख नई भर्तियां करेंगे, धार्मिक टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा : भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

डूंगरपुर (नि.स.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को डूंगरपुर जिले के दौरे पर रहे। मुख्यमंत्री विशेष हेलिकॉप्टर से खेरमाल गांव में पहुंचे। स्वयं भू श्री जांबूखंड भैरव जी मंदिर में दर्शन, पूजा अर्चना ओर यज्ञ कुंड में आहुतियां दी। उन्होंने राजस्थान के विकास ओर टीएसपी क्षेत्र की योजनाओं का जिक्र करते हुए विरोधियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि युवाओं को भटकाने वाले कभी कामयाब नहीं होंगे। सरकार आने वे समय में एक लाख नई भर्तियां करेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने तय कार्यक्रम से 3 घंटे देरी से डूंगरपुर के खेरमाल गांव पहुंचे। खेरमाल गांव में स्वयं भू श्री जांबुखंड भैरवजी मंदिर की तलहटी में बनाए गए विशेष हेलीपेड पर पहुंचे। भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक पटेल रणोली, पूर्व जिलाध्यक्ष ओर आयोजक वेलजी पटेल समेत कई कार्यकर्ताओं ने हेलीपेड पर स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री काफिले के साथ पहाड़ी पर स्थित स्वयं भू श्री जांबुखंड भैरव जी मंदिर पहुंचे।

यज्ञ कुंड में आहुतियां दी-मुख्यमंत्री ने मंदिर में दर्शन, पूजा अर्चना ओर आरती की। जीर्णोद्धार महोत्सव को लेकर यज्ञ कुंड में आहुतियां दी। इसके बाद मुख्यमंत्री तलहटी में स्थित पांडाल पहुंचे। बेणेश्वर धाम के पीठाधीश्वर महंत अच्युतानंद महाराज, टीएडी मंत्री बाबूलाल खराड़ी, निंबाहेड़ा से विधायक श्रीचंद कृपलानी, राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत समेत कई विधायक मंच पर मौजूद रहे।

बारिश-ओलावृष्टि से लौटी ठंड

भरतपुर-धौलपुर समेत 4 जिलों में बरसात के साथ ओले गिरे, पारा दो से तीन डिग्री तक गिरा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान में 28 फरवरी और 1 मार्च को हुई बारिश और ओलावृष्टि के बाद मौसम अचानक से बदला है। कई शहरों में तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक नीचे गिरने से ठंडक बढ़ गई। अलवर, सीकर, पिलानी (झुंझुनूं), चूरू समेत कुछ शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया। रात का तापमान भी 14 से 16 डिग्री सेल्सियस तक आ गया। इससे पहले शनिवार शाम को भरतपुर और धौलपुर में बारिश के साथ ओले गिरे थे। अलवर में भी रात को तेज हवा के साथ बारिश हुई थी। झुंझुनूं के खेतड़ी और तिजारा के कई इलाकों में शनिवार सुबह हुई ओलावृष्टि से खेतों में सफेद चादर बिछ गई थी। बारिश-ओलावृष्टि के कारण तापमान में दो-तीन डिग्री की गिरावट हुई है। श्रीगंगानगर, चूरू, कोटपूतली-बहरोड़, बीकानेर, अलवर जैसे इलाकों में फसलों को भारी नुकसान हुआ है।

अगले 2 दिन ड्राई रहेगा मौसम

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, राज्य में अगले दो दिन मौसम ड्राई रहेगा और तापमान में कोई खास बदलाव नहीं आएगा। 5 मार्च से उत्तरी हवा फिर से चलेगी और रात के तापमान में थोड़ी गिरावट होने से सुबह-शाम ठंड बढ़ सकती है। पिछले 24 घंटे के दौरान शेखावाटी के एरिया में कल (शनिवार) अलसुबह तक रुक-रुककर बारिश होती रही। चूरू में कुल 28.2एमएम बारिश हुई, जो पिछले 10 साल में एक दिन में इतनी बारिश कभी भी फरवरी-मार्च के महीने में नहीं हुई।

सीकर में सुबह 9-10 बजे बाद भी बारिश हुई। यहां कुल 6एमएम बारिश दर्ज हुई। जयपुर, अलवर, सीकर, झुंझुनूं के एरिया में दोपहर तक हल्के बादल रहे। दोपहर बाद प्रदेश में मौसम साफ होने लगा।

ठंडी हवा चली, सुबह-शाम हुई ठिठुरन

बारिश, ओलावृष्टि से मौसम ठंडा हो गया और सुबह-शाम शेखावाटी के एरिया में ठंडी हवा चली, जिससे ठिठुरन हो गई। जयपुर, अलवर, दौसा, सीकर के एरिया में शाम को तेज ठंडी हवा चली। जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, जालोर, कोटा, उदयपुर के एरिया में कल दिनभर आसमान साफ रहा और दिन में धूप निकली। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले 24 घंटे के दौरान तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होने की संभावना जताई है। अगले 4-5 दिन राज्य में मौसम शुष्क रहेगा और आसमान साफ रहेगा।

राजस्थान में होगा विदेशियों का सबसे बड़ा धुलंडी सेलिब्रेशन

5 हजार फॉरेनर होंगे शामिल, 15 लाख खर्च करेगा पर्यटन विभाग

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। पर्यटन विभाग इस बार जयपुर में विदेशियों के लिए धुलंडी सेलिब्रेशन का बड़ा आयोजन करेगा। इसमें 5 हजार विदेशियों के शामिल होने की संभावना है।

सरकार की ओर से मेहमान नवाजी के लिए 15 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। पर्यटन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि धुलंडी सेलिब्रेशन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। होटल्स व टूर ऑपरेटर्स को भी न्यौते भेजे जा रहे हैं। इसके चलते ज्यादा से ज्यादा विदेशी पर्यटक धुलंडी सेलिब्रेशन में शामिल हो सकें। विदेशी पर्यटकों को सेलिब्रेशन में न्योता भेजा जा रहा है। 14 मार्च को जयपुर के खासा कोठी परिसर में सुबह 9:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक धुलंडी की धूम रहेगी। तीन घंटे से ज्यादा समय तक विदेशी पर्यटक राजस्थानी गानों पर झूमने के साथ ही गुलाल होली खेलेंगे।

कपल एंट्री का प्रावधान-पर्यटन विभाग की ओर आयोजित किए जा रहे धुलंडी महोत्सव-25 में करीब 5 हजार विदेशी पर्यटक शामिल होंगे। विदेशी पर्यटकों के लिए आयोजित धुलंडी सेलिब्रेशन पर सरकार की ओर से 15 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

Tariq : 9509674415
Mahi Car Decor
• Seat Covers • Floor Mats
• Android Players • Speakers
• Center Locking • Power Windows
• Perfumes • Ambience Light
Manufacturer of Car Seat Covers
Chacha Complex, Jalupura Link Road, M.I.Road, Jaipur

SONY
D-TREK
Pioneer
AUTOCOP
M-TEK
JVC
Xplod
JBL
PLATI

बीकानेर में स्कॉर्पियो की टक्कर से 4 की मौत : शादी समारोह से 2 बाइक पर लौट रहे थे युवक; एसयूवी के पहिए भी निकल गए

बढ़ता राजस्थान

बीकानेर। बीकानेर में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने 2 बाइक पर जा रहे 4 युवकों को टक्कर मार दी। एक्सीडेंट में चारों युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद स्कॉर्पियो ड्राइवर फरार हो गया। चारों युवक शादी समारोह से लौट रहे थे। मामला नाल थाना इलाके का एनएच-11 (जैसलमेर रोड) पर शनिवार देर रात 2 बजे का है। नाल एसएचओ विकास विश्नोई ने बताया- हादसे में नाल बड़ी निवासी ओमप्रकाश (29) पुत्र गंगाराम, राहुल (25) पुत्र चोरूराम, कोजुराम उर्फ श्यामलाल (18) पुत्र बिरजूराम और गोरधन (30) पुत्र चोरु राम की मौत हो गई है। पोस्टमॉर्टम करवाकर चारों के शव परिजन को सौंप दिए। स्कॉर्पियो ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

स्कॉर्पियो और बाइक हो गई डैमेज

एसएचओ ने बताया- चारों किसी शादी समारोह से काम करके लौट रहे थे। इस दौरान अपने घर नाल गांव जाते हुए स्कॉर्पियो ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक ने पीबीएम हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में स्कॉर्पियो और दोनों बाइक बुरी तरह डैमेज हो गईं। यहां तक कि स्कॉर्पियो के पहिए तक निकल गए। बीकानेर के पीबीएम अस्पताल की मॉर्च्युरी के बाहर खाजूवाला विधायक विश्वनाथ मेघवाल भी पहुंचे। वहां उन्होंने हादसे में जान गंवाने वाले युवकों के परिजनों से मुलाकात की। चारों का रविवार दोपहर नाल गांव में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान वहां मौजूद सभी लोगों की आंखें नम थीं।

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ और नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने किया रेलमंगरा मंडल के विभिन्न पंचायतों का दौरा

बढ़ता राजस्थान

राजसमन्द (नि.स.)। राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, जिला प्रमुख रत्नि देवी जाट ने आज नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र के रेलमंगरा मंडल के विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की, उनके समस्याओं को सुना और विकास कार्यों का शुभारंभ किया।

साँसेरा ग्राम पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास और सामुदायिक सराय निर्माण का लोकापण`: सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, जिला प्रमुख रत्नि देवी जाट ने ग्राम पंचायत साँसेरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया। इस केंद्र से क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा और ग्रामीणों को दूर-दराज के अस्पतालों तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, जिला प्रमुख रत्नि देवी जाट ने सामुदायिक सराय के निर्माण का भी लोकापर्ण किया। यह सराय ग्रामीणों को सुविधा प्रदान करेगा।इस दौरान, सभी नेताओं ने जलदेवी माता जी के कार्यों का अवलोकन किया और स्थानीय लोगों से मुलाकात की।

चराना ग्राम पंचायत में जन सुनवाई

इसके बाद, सांसद और विधायक ने ग्राम पंचायत चराना में जन सुनवाई कार्यक्रम में शिरकत की । इस मौके पर क्षेत्रीय लोगों ने अपनी समस्याएं साझा की। स्थानीय मुद्दों पर चर्चा करते हुए, सभी नेताओं ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

धनेरिया ग्राम पंचायत में विकास कार्यों का उद्घाटन और जन सुनवाई

ग्राम पंचायत धनेरिया में सांसद, विधायक ने विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरान, उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कार्य योजना बनाई। सांसद महिमा कुमारी, विधायक विश्वराज सिंह ने जन सुनवाई भी की और लोगों के समस्याओं को सुना। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों की गति को और तेज किया जाएगा। इस दौरान धनेरिया ग्राम पंचायत में सीसी सड़क और महिला स्नानघर का लोकापर्ण, साथ ही विश्रांति घर और श्मशान घाट का शिलान्यास भी किया गया। इन विकास कार्यों से क्षेत्र की महिलाओं और ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।ग्रामीणों द्वारा जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन विस्तार में आरही समस्याएं, नई रोडवेज बस सुविधा की माँग, पर्याप्त बिजली के लिए जीएसएस बनाना, तालाब की सफ़ाई जैसे कई मुद्दों को विधायक एवं सांसद के सामने रखा गया। सांसद महिमा कुमारी एवं विधायक विश्वराज सिंह ने सभी मुद्दों पर संज्ञान लिया और संबंधित विभागों से शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया।

प्रतिभाओं का हुआ सम्मान : पालीवाल ब्राह्मण महासभा मेवाड़ द्वारा राजसमन्द में प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

शिक्षा ही समाज और परिवार का आभूषण, मेनारिया, नागदा, पालीवाल समाज की प्रतिभाओं का हुआ सम्मान, वक्ताओं ने कहा-समाज के विकास में सहयोग करें

बढ़ता राजस्थान

पालीवाल ब्राह्मण महासभा मेवाड़

राजसमन्द (सुरेश बागोरा)। पालीवाल ब्राह्मण महासभा मेवाड़ के राजसमन्द मंडल द्वारा रविवार को किशोरनगर गायत्री शक्तिपीठ पर प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजसमन्द विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी, मुख्य वक्ता नाथद्वारा सहायक कलक्टर लतिका पालीवाल, सुप्रीम कोर्ट जज वरुण पालीवाल, महासभा संरक्षक घनश्याम पालीवाल मंडा, महासभा अध्यक्ष धर्मनारायण जोशी, कार्यकारी अध्यक्ष केशुलाल पालीवाल थे। मीडिया व आईटी प्रभारी महेश देवगढ़ व नीलेश धर्मेटा ने बताया कि सर्व प्रथम गिरिजाशंकर पालीवाल द्वारा गायत्री मंत्र के सामूहिक उच्चारण व प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अथितियों व प्रतिभाओं को पालीवाल ब्राह्मण इतिहास प्रबोधिनी और प्रतीक चिन्ह व इकलाई देकर सम्मानित किया गया। स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष राजसमन्द मंडल चन्द्रशेखर बागोरा सुन्दरचा ने दिया। प्रतिभाओं व समाजजनों को सम्बोधित करते हुए नाथद्वारा सहायक कलक्टर लतिका पालीवाल ने कहा की शिक्षा सामाजिक मानदंडों और रूढ़ियों को चुनौती देने के लिए एक मंच प्रदान करती है, लड़कियों को लिंग-आधारित भेदभाव को चुनौती देने और उससे उबरने के लिए सशक्त बनाती है। राजसमंद विधायक दीप्ती माहेश्वरी ने कहा कि युवा वर्ग उच्च शिक्षा ग्रहण कर समाज व परिवार को गौरवान्वित करे तथा समाज के विकास में सहयोग करे। शिक्षा के बल पर ही समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है।

250 से अधिक प्रतिभाये हुई सम्मानित : समाज के प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह में मेनारिया, नागदा तथा पालीवाल समाज कई प्रतिभाओ को जिन्होंने वर्ष 2024 में दसवीं और बारहवीं बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में न्युनतम 90 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण, मान्यता प्राप्त विश्विद्यालय से स्नातक अथवा स्नातकोत्तर परीक्षा, डिग्री न्युनतम 80 प्रतिशत से उत्तीर्ण, राज्य सरकार या केंद्र सरकार की सेवाओं में किसी भी पद पर नियुक्ति, मान्यता प्राप्त वित्तीय संस्थान बैंक इत्यादि में नियुक्ति, आई आई टी आई आई एम नीट एनडीए इत्यादि की अर्हताएं पूर्ण कर राजकीय संस्थान में प्रशिक्षण हेतु चयन, सह शैक्षिक गतिविधियों यथा खेल एनसीसी स्काउट साहित्य संस्कृति इत्यादि में राज्य स्तर पर स्वर्ण रजत कांस्य पदक विजेता अथवा राष्ट्रीय स्तर पर राज्य की टीम में चयन होकर सहभागिता, विशेष उपलब्धि हेतु राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने वाली 250 से अधिक प्रतिभाओ को सम्मानित किया गया।

जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को दिए पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

चूरू (सुरेश लाटा)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को पीसीपीएनडीटी अधिनियम की पूर्ण पालना करवाए जाने व उल्लंघनकर्ताओं के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि गर्भधारण पूर्व एव प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन अधिनियम, 1994 सशोधित अधिनियम जनवरी 2003 से प्रभावी है। अधिनियम का उद्देश्य प्रसव पूर्व लिग चयन के साथ गर्भधारण पूर्व लिग चयन को रोकना है।

पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत यह है अपराध : उन्होंने बताया कि पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत प्रसव पूर्व निदान तकनीक का अपंजीकृत संस्थान में सचालन, प्रसव पूर्व निदान तकनीक का लिंग जांच हेतु उपयोग,लिंग जांच को प्रोत्साहित करने वाले कोई भी विज्ञापन, अपंजीकृत संस्थानों को प्रसव पूर्व निदान तकनीक या लिग जांच करने में सक्षम उपकरणों का विक्रय तथा लिंग को निर्देशित करने वाले निर्देशक शब्द चित्र इत्यादि का प्रकाशन अपराध है।

मुखबिर बनकर दे सकते है भ्रूण लिंग परीक्षण की सूचना : उन्होंने बताया कि भ्रूण लिंग जांच करने वाले केन्द्रों अथवा व्यक्तियों की सूचना सही पाये जाने पर राज्य सरकार की मुखबिर योजना में 03 लाख रूपये का इनाम देने का प्रावधान किया गया है। कोई भी व्यक्ति व्हाट्सएप नम्बर 9799997795 अथवा टोल फ्री नम्बर 104 व 108 पर भ्रूण लिंग जाच केन्द्र व व्यक्ति के बारे में सूचना दे सकता है। सूचना का विभाग की ओर से सत्यापन करवाया जाएगा। विभाग की ओर से डिकाय आपरेशन किया जाएगा। डिकाय आपरेशन के बाद मुखबिर योजना में एक लाख रूपये की राशि मुखबिर को, डेढ़ लाख रूपये की राशि गर्भवती महिला व 50 हजार रूपये की राशि गर्भवती महिला की सहयोगी को दी जाएगी। प्रथम किश्त डिकाय कार्यवाही पूर्ण होने पर तथा प्रकरण पंजीबद्ध होने पर मुखबिर को 50 हजार रुपए, गर्भवती महिला को 50 हजार व गर्भवती महिला की सहयोगिनी को 25 हजार रुपए दिए जाएंगे। दूसरी किश्त न्यायालय में अभियोजन पक्ष के बयान होने के बाद 50 हजार रुपए मुखबिर तथा 1 लाख गर्भवती महिला व 25 हजार रूपये गर्भवती महिला की सहयोगिनी को मिलेंगे।

जेएसजी प्लेटिनम के रक्तदान शिविर रक्तगौरव 2.0 का आयोजन संपन्न, 129 यूनिट रक्त एकत्रित

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। जैन सोश्यल ग्रुप प्लेटिनम के संस्थापक अध्यक्ष जितेन्द्र हरकावत ने बताया कि आज आर एन टी मेडिकल कॉलेज व सरल ब्लड बैंक के साथ श्री जिनदत्त सूरी (वासुपूज्य धर्मशाला) में सर्वसमाज हितार्थ ग्रुप द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मातृ शक्ति और पुरुष सदस्यों द्वारा कुल 129 यूनिट रक्तदान हुआ ।

ग्रुप अध्यक्ष विपिन जैन ने बताया कि कार्यक्रम में निवृत्ति कुमारी मेवाड़ की गरिमामय उपस्थिति के साथ ही उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, पूर्व उपमहापौर नगर निगम उदयपुर पारस सिंघवी, मेवाड़ रीजन चैयरमेन (25-27) अरुण मांडोत, भाजपा नेता प्रमोद सामर , भाजपा आपदा एवं राहत प्रदेश संयोजक डॉ जिनेंद्र शास्त्री, महाराणा भूपाल चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. आर.एल. सुमन, भाजयुमो नेता उज्जवल जैन, मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष पंकज गांगावत, वन टू ऑल उदयपुर ग्रुप से एडमिन शरद लोढ़ा, वरुण सुराणा, दिगम्बर जैन बीसा नरसिंहपुरा समाज अध्यक्ष ऋषभ जसिंगोत, भाजपा उदयपुर संभाग सह संयोजक आई टी विभाग प्रदीप विजयवर्गीय सहित कई गणमान्य लोगो की उपस्तिथि रही । ग्रुप सचिव सुमित खाब्या ने बताया कि आयोजन में रविन्द्र पाल सिंह कप्पू द्वारा 104 वी बार रक्तदान किया गया , किसी ने पहली बार तो किसी ने 51वी, 55वी, 88वी बार रक्तदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया । कार्यक्रम में प्लेटिनम ग्रुप परिवार के संस्थापक अध्यक्ष जितेंद्र हरकावत ,अध्यक्ष विपिन जैन,उपाध्यक्ष तनुजय किकावत, सह सचिव लोकेश जैन, कोषाध्यक्ष पंकज जैन, पूर्व अध्यक्ष प्रीतेश जैन, आशीष रत्नावत, मुकेश चपलोत, ग्रुपबल पीआरओ हेमेन्द्र जैन, पीआरओ ग्रीटिंग्स हेमन्त सिसोदिया सहित कार्यकारिणी सदस्य व ग्रुप के दंपती सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को रक्तगौरव सम्मान से सम्मानित किया गया ।

महाराणा मेवाड़ फाउण्डेशन के 41वें सम्मान समारोह में डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने किया 78 विद्यार्थियों का सम्मान

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। सिटी पेलेस उदयपुर के ऐतिहासिक जनाना महल के लक्ष्मी चौक में महाराणा मेवाड़ फाउण्डेशन का 41वाँ वार्षिक सम्मान समर्पण समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर फाउण्डेशन के प्रबन्ध न्यासी महाराज कुमार साहिब डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने परमेश्वराजी महाराज श्री एकलिंगनाथजी एवं फाउण्डेशन के संस्थापक महाराणा भगवत सिंह जी मेवाड़ को पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया और समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। प्रभु श्री एकलिंगनाथ जी की प्रार्थना के पश्चात् महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल के बच्चों ने 'श्रीराम स्तुति' प्रस्तुत की। तत्पश्चात् फाउण्डेशन के प्रबन्ध न्यासी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ से सम्मान ग्रहण करने के लिए मंच संचालक ने भामाशाह सम्मान के 15, महाराणा राज सिंह सम्मान के 17 तथा महाराणा फतह सिंह सम्मान के 46 विद्यार्थियों को मंच पर आमंत्रित किया, जिन्हें मेवाड़ ने सम्मान के तहत प्रमाण-पत्र, रुपये ग्यारह हजार एक की सम्मान राशि एवं मेडल प्रदान करते हुए फाउण्डेशन के कर्तव्यों का निर्वहन किया। फाउण्डेशन के प्रबंध न्यासी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ के निर्णयानुसार सम्मान समारोह में लगभग सभी ईको-फ्रेंडली उत्पाद ही उपयोग में लिये गये। जिनमें विद्यार्थियों को गाय के गोबर से तैयार करवाये गये पेपर के प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। फाउण्डेशन की ओर से ऐसे पेपर का उपयोग प्रतिवर्ष लाखों वृक्षों को कटने से बचाने और आने वाली पीढ़ी के लिये भी पर्यावरण प्रेम का संदेश है तो दूसरी ओर हम हमारी गोशालाओं को भी आत्मनिर्भर बना सकते हैं।

इस वर्ष महाराणा मेवाड़ फाउण्डेशन के 41वें सम्मान समारोह में महाराणा मेवाड़ विद्या मंदिर की छात्रा मोहलक्षिका कुमारी मेवाड़ ने समारोह में पधारें सभी अतिथियों का आभार-साधुवाद ज्ञापित किया और सम्मानित विद्यार्थियों को शिक्षा, खेलकूद व अन्य विषयों में अर्जित विशेष उपलब्धियों के लिए फाउण्डेशन की ओर से शुभकामनाएं प्रदान की। समारोह का मंच संचालक गोपाल सोनी ने किया।

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत जिला स्तरीय आयोजन संपन्न

बढ़ता राजस्थान

चूरू(सुरेश लाटा)। चूरू सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत रविवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। कॉपरेटिव एमडी मदनलाल ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सहकारी संस्थाओं के माध्यम से आर्थिक समृद्धि और सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में जिले के समस्त सहकार कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर कॉपरेटिव डीआर डॉ सुनील कुमार मंडिया ने सहकारिता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सहकारी संस्थाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने सहकारी संगठनों को अधिक प्रभावी और समावेशी बनाने पर जोर दिया। प्रबंध निदेशक मदन लाल ने कहा कि सहकारिता केवल एक आर्थिक प्रणाली नहीं, बल्कि समाज के सर्वांगीण विकास का आधार है। सहकारी संस्थाएं ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समान रूप से आर्थिक आत्मनिर्भरता और समावेशी विकास को बढ़ावा देती हैं। वर्तमान समय में सहकारी संस्थानों को अधिक सशक्त बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों और नवाचारों को अपनाना आवश्यक है। हमें मिलकर सहकारिता आंदोलन को और मजबूत करना होगा ताकि अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन को गति देने के लिए वित्तीय सुदृढ़ीकरण, पारदर्शिता और डिजिटलाइजेशन पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने सहकारी बैंकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह बैंक किसानों, उद्यमियों और छोटे व्यापारियों को आर्थिक सहयोग प्रदान कर उनकी समृद्धि में सहायक बनते हैं। सहकारी निरीक्षक केशर देव ने सहकारिता के लाभों से अवगत कराया।

वैष्णव (वैरागी) समाज संस्थान का परिचय सम्मेलन आयोजित

जीवनसाथी हो, जो घर परिवार को साथ लेकर चले

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। रविवार को शहर के टेकरी स्थित आवरी माता मंदिर के पास स्थित सामुदायिक भवन में संयुक्त प्रवासी वैष्णव (वैरागी) समाज संस्थान की ओर से युवक-युवती परिचय सम्मेलन, प्रतिभा एवं वरिष्ठजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें खुले मंच से युवक युवतियों ने अपने भावी जीवन साथी कैसा हो को लेकर अपना परिचय देते हुए अपनी बात रखी। मुख्य अतिथि नरेंद्र पठार थे। अन्य अतिथियों में नरेंद्र दास, नानूराम वैष्णव, मोड़ीदास, मनोहरदास शामिल हुए। संस्थान के महासचिव महेश वैष्णव ने महिला सशक्तिकरण और शिक्षा को बढ़ावा देने पर बल देते हुए बताया कि सम्मेलन में उदयपुर के अलावा गुजरात के अहमदाबाद, वडोदरा, गांधीनगर, हिम्मत नगर, संभाग के बांसवाड़ा, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद सहित जयपुर, जोधपुर के 100 से अधिक युवक-युवतियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में युवक-युवतियों ने मंच से अपनी खूबियां और भावी जीवनसाथी से जुड़े अपेक्षाओं को लेकर खुलकर अपने विचार रखें। युवक बोले, ऐसा जीवनसाथी हो, जो घर परिवार को साथ लेकर चले वहीं युवतियों ने कहा कि उनका जीवनसाथी उन्हें अपनी काबलियत को उपयोग करने का मौका दे। साथ ही उनका हमेशा ख्याल भी रखे। युवकों ने मंच परिचय देते हुए अपनी शिक्षा, मासिक वेतन, व्यवसाय, के बारे में सिलसिलेवार बताया। फिर अपनी खूबियां गिनाई। वहीं जीवनसाथी से जुड़ी अपेक्षाओं के बारे में बताया। ज्यादातर युवाओं ने कहा कि वे ऐसा हमसफर चाहते हैं तो उन्हें समझे।

जिला बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में चल रहे हैं आंदोलन के तहत 60 दिन 2 महीने होने के बाद भी नहीं खुली सरकार की नींद

बढ़ता राजस्थान

शाहपुरा (नि.स.)। दौरान संघर्ष समिति अध्यक्ष राजोरा ने कहा कि विधायक की कमजोर पैरवी का परिणाम है कि आज शाहपुरा से जिले का दर्जा छीन लिया गया । अधिवक्ता अंकित शर्मा ने बताया कि पवार कमेटी द्वारा बिना मापदंडों को सार्वजनिक किए बिना राजनीतिक भेदभाव करते हुए डिग, खैरतल- तिजारा, फलोदी, सलूंबर जैसे जिले जो पावर कमेटी के मापदंडों को पूरा नहीं करते हैं उन्हें भी जिला बनाना और शाहपुरा को जिला हटाना एक राजनीतिक भेदभावपूर्ण रवैया है जिसकी समस्त शाहपुरा वासी निंदा करते हैं। पार्षद याकूब ने बताया कि सभी वार्ड वासी जिला बनने तक संघर्ष समिति के हर आव्हान के साथ है बने हुए जिले को हटाया और जिस जनता ने हज़ारों वोटो से जीताकर विधायक बनाया उसने भी अपनी कमजोर पैरवी की और जिला खो दिया। इस दौरान वार्ड नंबर 1 पार्षद पति याकूब अली खां , मुस्ताक खां, बबलू मंसूरी, मोहसिन खां, गुलशेर खां , सिकंदर खां , सुलेमान खान, असलम खान, रिजवान खां , शेर खां फूल मोहम्मद, सोनू खान, सनी कुरेशी, मुमताज कुरैशी, गुलजार खान, तालिब खान, इमरान छीपा मोईन मंसूरी, इकबाल रंगरेज सहित वार्ड के गणमान्य वार्डवासी एवं दुर्गालाल राजोरा नमन ओझा पार्षद हामिद खान, अविनाश शर्मा रामेश्वर लाल सोलंकी, उदय लाल बैरवा, हाजी उस्मान छिपा, अजय मेहता, धनराज जीनगर, शहाबुद्दीन पठान, नूर मोहम्मद रंगरेज, आशीष भारद्वाज, शरीफ मोहम्मद दीपक मीणा आदि मौजूद थे।

प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प से ही हर घर में नल से स्वच्छ जल संभव हो पा रहा है-मंत्री श्री रावत

अपने अपने घरों के नलों में जल देखकर ग्राम वासियों के चेहरे खिल उठे

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राजस्थान के जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत ने अपने अथक प्रयासों से अजमेर जिला स्थित पुष्कर विधानसभा क्षेत्र के सराधना ग्राम पंचायत के ग्राम डांग सराधना में प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के तहत पूर्ण कराए गए हर घर नल–हर घर जल कार्य का उद्घाटन किया। मंत्री श्री रावत ने नल खोलकर इस कार्य का विधिवत रूप से शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में मंत्री श्री रावत ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प के तहत हर घर में स्वच्छ जल पहुंचाना विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि यह योजना विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट को समाप्त करने और लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की यह योजना न केवल जल संकट को दूर करने में मदद कर रही है, बल्कि यह हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करती है।

मंत्री श्री रावत ने ग्रामवासियों द्वारा मिले स्नेह, सम्मान और अभिनंदन के लिए उनका आभार व्यक्त किया और कहा कि मैं हृदय से सभी का आभार व्यक्त करता हूँ। आपकी सहभागिता और समर्थन ही विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनकल्याण के लिए वह सदैव तत्पर रहेंगे और इस दिशा में लगातार प्रयास करेंगे। मंत्री श्री रावत ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि जल है तो कल है और इस योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन को सफल बनाने के लिए सरकार की ओर से लगातार प्रयास किए जाएंगे।

राज्य स्तरीय आरोग्य मेले में यूनानी कपिंग थेरेपी से मरीजों को मिल रहा स्वास्थ्य लाभ

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। आयुष विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा जयपुर के जवाहर कला केंद्र में 1 से 4 मार्च 2025 तक चार दिवसीय राज्य स्तरीय आयुष आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में मरीजों को आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, योग एवं अन्य हर्बल चिकित्सा पद्धतियों से निःशुल्क उपचार और परामर्श दिया जा रहा है। विशेष रूप से, मेले में हिजामा (कपिंग थेरेपी) के जरिए मरीजों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। करीब ढाई हजार साल पुरानी इस चिकित्सा पद्धति से लंबे समय से असाध्य बीमारियों से परेशान मरीजों को राहत दी जा रही है। कपिंग थेरेपी मांसपेशियों के दर्द, सूजन, जकड़न, लिगामेंट की समस्या, साइटिका, नसों में खिंचाव और सिकुड़न जैसी समस्याओं के लिए कारगर मानी जाती है। इस तकनीक में दर्द वाले स्थान पर मेडिकेटेड कप लगाकर वैक्यूम (दबाव) बनाया जाता है, जिससे मरीजों को बिना दवा के ही 30–40 प्रतिशत तक तुरंत आराम मिल जाता है। आरोग्य मेले में महिलाओं के लिए महिला चिकित्सकों द्वारा अलग से कपिंग थेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा, यूनानी चिकित्सा के माध्यम से गठिया, त्वचा रोग, पेट संबंधी बीमारियां, बालों का झड़ना, बवासीर, पुराना कब्ज, बार–बार पेशाब आना, शुगर और माइग्रेन जैसी समस्याओं का भी उपचार किया जा रहा है।

बेटी की घोड़ी पर बैठाकर निकाली बिंदौरी

कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)। कस्बे के उपली कोठी निवासी रोशन लाल सैनी ने अपनी पुत्री रुकला कांस्टेबल दिल्ली पुलिस की शादी से पूर्व बेटी को घोड़ी पर बैठाकर डीजे के साथ बिंदौरी निकालकर बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। जहां समाज में बेटों की शादियों में लाड चाव किया जाता है आज समाज जागृत हो चुका है और बेटियों को भी बेटों के बराबर समझकर लाड चाव से घोड़ी पर बैठाकर गाजे बाजे के साथ बिंदौरी निकालते हैं। पूर्व सरपंच रामनिवास सैनी ने कहा कि बेटियां दो परिवारों को संवारती है। बेटियां देश का भविष्य है। बेटियां आज के दौर में कही भी कम नहीं है, आज देश की प्रथम नागरिक एक बेटी है, जो देश को संभाल रही है। इस मौके पर रोशनलाल सैनी, प्रभु सैनी, पांचूराम सैनी, तुलसीराम सैनी, पूर्व पंच रतिराम सैनी, रामौतार, पूरण ठेकेदार, रोहिताश सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाये जाने के विरोध में पानी की टंकी पर चढ़े सरपंच प्रतिनिधि समेत ग्रामीण

क्षेत्र के ग्राम चतुर्भुज का मामला, 09 घण्टे तक चला हाई प्रोफाईल ड्रामा

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)। कस्बे में बिछाई जा रही सीवरेज लाईन के निकटवर्ती ग्राम चतुर्भुज में प्रस्तावित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाये जाने के विरोध में विगत 261 दिनों से जारी ग्रामीणों के धरना प्रदर्शन ने शनिवार को उग्र रूप ले लिया। एसटीपी के विरोध में सरपंच प्रतिनिधि प्रताप सिंह यादव समेत बलराम, प्रेमचंद व विक्रम आदि ग्रामीण नजदीक ही एक पानी की टंकी पर चढ़ गये एवं चतुर्भुज में ट्रीटमेंट प्लांट लगाये जाने का विरोध करते हुये कुछ दूरी पर स्थित नगर परिषद की 52 बीघा अतिरिक्त जमीन पर स्थानान्तरित किये जाने की मांग भी करने लगे। ग्रामीणों के पानी की टंकी पर चढ़े होने की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन के हाथ–पांव फूल गये। सूचना पर एसडीएम बृजेश चौधरी, तहसीलदार रामधन गुर्जर, डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक व एसएचओ राजेश शर्मा की अगुवाई में पुलिस जाप्ता भी मौके पर पहुंच गया। ऐतिहात के तौर पर जयपुर से एसडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुला लिया गया। बाद में आयुक्त धर्मपाल जाट के मौके पर पहुंचने पर ग्रामीणों के साथ वार्ता शुरू हुई। ग्रामीणों की ओर से विहिप नेता पूरणमल भरगड़, चन्द्रशेखर शर्मा, जिला पार्षद अमीचंद धानका, पंसस प्रतिनिधि बसंत भरगड़ व दिलीप यादव आदि ने पुलिस प्रशासन को अवगत करवाया कि प्रशासन व सरकार की संवेदनहीनता के चलते ग्रामीणों को पानी की टंकी पर चढने् के लिये विवश होना पड़ा है। जहाँ पर एसटीपी प्लांट प्रस्तावित है। वहां पर जमीन ग्रामीणों ने अपने प्रयासों से समतलीकरण किया है। नजदीक ही सरकारी स्कूल की दीवार है। एसटीपी प्लांट की प्रस्तावित जगह विधालय के खेल मैदान के क्षेत्र में आती है। नजदीक ही गौशाला एवं भगवान चतुर्भुज नाथ का मंदिर भी है। यही से कोटपूतली को शुद्ध पेयजल की सप्लाई होती है। यही नहीं मुख्यमंत्री के एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत मौके पर 300 से अधिक पेड़ भी लगाये गये है। ग्रामीण बार–बार एसटीपी प्लांट को स्थानान्तरित करने की मांग कर रहे है। उनका कहना है कि नजदीक ही नगर परिषद की 52 बीघा जमीन है, जिस पर प्लांट को आसानी से स्थानान्तरित किया जा सकता है। इसके लिये कई बार कहने के बावजूद भी ना तो कोई प्रयास शुरू किये गये एवं ना ही कोई बजट अलॉट किया गया। ग्रामीणों ने इसको लेकर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से लेकर डिप्टी सीएम दिया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा, यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, सांसद राव राजेन्द्र सिंह, जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी आदि के समक्ष मांग उठाई है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीणों का यह कहना था कि जब 200 करोड़ रूपयों की सीवरेज लाईन बिछाई जा रही है तो कुछ और बजट जारी कर एसटीपी को स्थानान्तरित भी किया जा सकता है। ग्रामीणों की मांग पर किसी कार्यवाही के बावजूद पुलिस प्रशासन के द्वारा करीब 50 ग्रामीणों को नोटिस भी दे दिया गया। दुसरी तरफ प्रशासन का कहना था कि एसटीपी प्लांट को लेकर यहाँ वर्ष 2022 में ही तैयारी हो गई थी। यही नहीं जो जगह ग्रामीण बता रहे है, वह नदी के बहाव क्षेत्र में आती है। पुलिस प्रशासन की काफी समझाईश के बावजूद भी ग्रामीण नहीं माने एवं लगातार गतिरोध बना रहा। बाद में विधायक हंसराज पटेल ने टंकी पर चढ़े सरपंच प्रतिनिधि प्रताप सिंह यादव से फोन पर बात की एवं सोमवार को ग्रामीणों के प्रतिनिधि मण्डल के साथ यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा से मिलकर समस्या उनके समक्ष रखते हुये अन्यत्र स्थानान्तरण का बजट स्वीकृत कराने का प्रयास किये जाने के आश्वासन पर प्रर्दशनकारी पानी की टंकी से उतरे। हालांकि धरना प्रदर्शन अभी जारी रहेगा। इस दौरान रामरतनदास महाराज, हेमराज, खेमचंद, विक्रम सैन, गिरधारी, गंगाराम, सत्यनारायण, गिरिराज भारती, योगेन्द्र स्वामी, बगुला प्रसाद आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

प्रेम रावत ने जे.के. रोलिंग का बुक रीडिंग रिकॉर्ड तोड़ा नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

बढ़ता राजस्थान

जयपुर/ मिर्जापुर। 2 मार्च 2025 को, अंतर्राष्ट्रीय लेखक प्रेम रावत और भारतीय लेखक विपुल रिखी ने एक साथ सबसे बड़े एक से अधिक लेखक पुस्तक वाचन का नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश में राज विद्या केंद्र द्वारा आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में 1,33,234 लोगों की विशाल समूह को संबोधित किया। यह संख्या जे.के. रोलिंग और कनाडा के दो लेखकों द्वारा वर्ष 2000 में बनाए गए 20.264 लोगों के पिछले रिकॉर्ड से लगभग 1,13,000 अधिक है। प्रेम रावत, जो न्यूयॉर्क टाइम्स के बेस्टसेलिंग लेखक हैं और स्वयं की आवाज जैसी चर्चित पुस्तक लिख चुके हैं, ने अपनी नई पुस्तक श्वास जीवन के प्रति जागरुक हों के अंश पढ़े। उन्होंनें अपनी पुस्तक से पढ़ कर सुनाया कि:श्वास आपके अंदर आती है और आप जीवित रहते हैं। जो शक्ति पूरे ब्रह्मांड में व्याप्त है, वही श्वास के रूप में आपके अंदर आती है और आपको जीवन देती है। जो अविनाशी है, अनंत है उसको महसूस करें। और जब आप उससे जुड़ जातें हैं, उस पल यह श्वास अनंत हो जाती है। अंदर की ओर मुड़िए, इस श्वास को महसूस कीजिए। यही सबसे अविश्वसनीय चमत्कार है। जिस आनंद को आप खोज रहे हैं, वह बाहर नहीं, बल्कि आपके अंदर मौजूद है।

इस आयोजन में विपुल रिखी ने भी अपनी पुस्तक ड्रंक ऑन लव, कबीर की रचनाओं की काव्यात्मक व्याख्या, के अंश पढ़े। यह पुस्तक भी हार्पर कॉलिन्स इंडिया द्वारा प्रकाशित की गई है। यह प्रेम रावत जी का तीसरा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड है। इससे पहले, उन्होंने 2023 में दो रिकॉर्ड बनाए थे – एक लेखक पुस्तक वाचन में सबसे बड़ी दर्शक संख्या, जिसमें 1,14,704 लोग शामिल हुए थे, और सचसे बड़े व्याख्यान में भाग लेने वाली दर्शक संख्या, जिसमें 3,75,603 लोग उपस्थित थे। इस ऐतिहासिक आयोजन की इतनी बड़ी और शानदार प्रतिक्रिया देखकर हम बेहद उत्साहित हैं।

बाल मेले में शिक्षण पद्धतियों का किया प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)। प्रबन्ध समिति आदर्श विद्या मन्दिर कोटपूतली द्वारा संचालित बसन्त प्रभु आदर्श विद्या मन्दिर माध्यमिक सरस्वती बालिका आदर्श विद्या मन्दिर, रामरिछपाल मोरीजावाला आदर्श मन्दिर कोटपूतली द्वारा रविवार को बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में नई शिक्षा नीति आधारित शिशु वाटिका (प्री प्राईमरी) कक्षाओं की शिक्षण पद्धितियों चित्र पुस्तकालय, कार्यशाला, कला शाला, चिडिया घर जैसी 12 शिक्षण पद्धतियों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। मेले में बालकों ने विभिन्न प्रकार के झूलों का लुत्फ उठाया। इस दौरान स्टॉफ सदस्य एवं विधार्थी मौजूद रहे।

श्याम बाबा की पैदल यात्रा से पूर्व निकाली शोभा यात्रा बाबा की महिमाओं का किया गुणगान

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)। कोटपूतली–बहरोड जिले के बर्डोद श्रीखाटूश्याम मन्दिर पर फाल्गुनी एकादशी के अवसर पर खाटूधाम में आयोजित होली मेला सतरँगी महामहोत्सव में सम्मिलित होने से पूर्व श्याम भक्तों ने रविवार को उत्साह के साथ श्याम बाबा शोभा यात्रा निकाली। यात्रा से पूर्व श्याम बाबा की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर, विशेष पूजा अर्चना की गई, सत्संग भजनों के द्वारा बाबा की महिमाओं का गुणगान किया।

नगर भृमण कराया। शोभा यात्रा कस्बे के चाँदनी चौक के पास श्रीश्याम मन्दिर से प्रारम्भ होकर मुख्य मार्गो से होते हुए, पुनः मन्दिर पर सम्पन्न हुई। इस मौके पर श्रीश्याम मण्डल के अध्यक्ष रोशन भारद्वाज, माता हिंगलाज भवानी मन्दिर भक्तनि उगंती देवी महिला सत्संग मण्डल की सदस्या सकुंतला देवी, उषा देवी रेखा देवी, शीला देवी, विनोदी लाल भारद्वाज सहित श्याम भक्त मौजूद रहे।

अजमेर रिंग रोड के लिए 3 करोड़ रूपए की लागत से बनेगी डीपीआर-देवनानी

विधानसभा अध्यक्ष ने किया रातीडांग में 1.80 करोड़ लागत से उच्च जलाशय निर्माण कार्य का शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राजस्थान का बजट आमजन की उम्मीदों का बजट है। प्रत्येक वर्ग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर काम किया जा रहा है। बजट में अजमेर का विकास भी प्राथमिकता है। अजमेर के चारों ओर जल्द रिंग रोड की योजना बनेगी। इसके लिए बजट में 3 करोड़ की राशि से डीपीआर बनाने की घोषणा की गई है। रिंग रोड बनने से एक तरफ जहां शहर को भारी वाहनों के प्रवेश से मुक्ति मिलेगी वहीं शहर का पर्यटन और औद्योगिक विकास भी तेजी से होगा। इसी तरह अन्य विकास कार्य भी आमजन को राहत देंगे।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को रातीडांग में कल्पवृक्ष के पास 1.80 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले उच्च जलाशय के निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। उन्होंने बताया कि इस उच्च जलाशय से रातीडांग ईदगाह प्रथम व ईदगाह द्वितीय, किसान कॉलोनी, अरावली विहार, आसपास की लगभग 50 हजार जनसंख्या लाभान्वित होगी। लम्बे समय से यहां पानी के प्रेशर की समस्या थी। उच्च जलाशय के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को पूरे प्रेशर से पेयजल उपलब्ध होगा। यह कार्य दिसम्बर 2025 तक पूर्ण हो जाएगा। यह उच्च जलाशय का निर्माण कार्य होने से 4 जोन की जलापूर्ति एक जोन में हो सकेगी। इससे दैनिक जलापूर्ति अन्तराल 48 घण्टे से भी कम में किया जाना सम्भव हो सकेगा।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने कहा कि लगातार प्रयासों से राज्य बजट में अजमेर शहर को रिंग रोड और मल्टी परपज स्टेडियम की सौगात मिली है। इन बजट घोषणाओं से अजमेर शहर का विकास और अधिक तीव्र होगा। शहर को भारी वाहनों के प्रवेश से मुक्ति मिलेगी। साथ ही मल्टी परपज स्टेडियम से शहर को विभिन्न आयोजनों के लिए एक नया स्थान भी उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि इसी तरह बजट रिप्लाई में अजमेर में मल्टी परपज स्टेडियम की भी घोषणा की गई है। शहर में लंबे समय से एक ?से स्थान की आवश्यकता महसूस की जा रही थी जहा खेलों के साथ ही विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन आयोजित किए जा सके। इस मल्टी परपज स्टेडियम से शहर को ?सा स्थान उपलब्ध होगा जहा विभिन्न आयोजन किए जा सकेंगे। इसी तरह बजट में अन्य कई घोषणाएं भी अजमेर के लिए की गई है।

ALIVE ARTS
ARCHITECTS (P) LTD.

- Surveyor
- Colonizing
- Estimator
- Supervision
- & All Type Works Of Buildings

Head Office: 26 K-5, 1st Floor, Housing Board Flats, Jyoti Nagar,
Near Vidhan Sabha, Jaipur
Ph.: 0141-2744667 (o), Mobile : 094140-51161,091666-66605
Website: www.aliveartsarchitects.com E-mail:- lodiyaaone@gmail.com
Unit: 192/39, Kumbha Marg, Pratap Nagar, Jaipur

सम्पादकीय

सरकारी नौकरियां बढ़ीं, लेकिन कामकाज में तेजी आई या नहीं?

जून 2022 में नरेंद्र मोदी सरकार ने रोजगार निर्माण पर एक साहसी घोषणा की थी। उसने अगले 18 महीनों में केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में 10 लाख लोगों को नौकरी देने की बात कही थी। घोषणा के मुताबिक ये भर्तियां 'मिशन' की तरह की जानी थीं। घोषणा के राजनीतिक और आर्थिक मायने थे। राजनीतिक इसलिए यह 2024 में होने वाले आम चुनावों से महज दो साल पहले की गई थी, जब राजनीतिक दलों और आम लोगों के बीच नौकरी अहम मुद्दा बन गई थी। आर्थिक इसलिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था श्रम बाजार में तेजी से जुड़ते लोगों के लिए वेतन वाली और अधिक नौकरियां तैयार करने की चुनौती से जूझ रही थी। केंद्र सरकार सबसे अधिक रोजगार देने वालों में है और वह इस राजनीतिक तथा आर्थिक जरूरत को पूरा करना चाहती थी। केंद्र सरकार के विभागों और मंत्रालयों में बनी रिक्तियों ने इस वादे को पूरा करने का काम तेज किया। फरवरी-मार्च 2022 में तत्कालीन कार्मिक मंत्री जितेंद्र सिंह ने संसद में बताया कि केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में मार्च 2020 तक करीब 8.70 लाख पद खाली थे। सबसे ज्यादा 2.47 लाख असैन्य पद रक्षा मंत्रालय में खाली थे। उसके बाद रेलवे में 2.37 लाख, गृह मंत्रालय में 1.28 लाख (ज्यादातर केंद्रीय पुलिस बलों में), डाक विभाग में 90,000 और अंकेक्षण विभाग में 28,000 रिक्तियां थीं। कुल रिक्तियों की 84 फीसदी तो इन्हीं में थीं। उस समय केंद्र सरकार में कुल 40 लाख कर्मचारी तय किए गए थे। फरवरी के आरंभ में प्रस्तुत 2025-26 के केंद्रीय बजट से पता चलता है कि केंद्र सरकार ने सशस्त्र बलों के अलावा अपने सभी विभागों और मंत्रालयों में किस तरह भर्तियां कीं। हकीकत में आंकड़े दिखा रहे हैं कि रेलवे सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की संख्या बढ़ी है। मगर बढ़ोतरी उतनी नहीं है, जितनी का वादा जून 2022 में किया गया था। केंद्र सरकार के कुल कर्मचारियों की संख्या मार्च 2022 के अंत में 31.7 लाख थी। इसमें सशस्त्र बल के कर्मचारी शामिल नहीं हैं। दो साल बाद यानी मार्च 2024 के अंत में आंकड़ा बढ़कर 33 लाख हो गया। इस तरह दो साल में 1.37 लाख यानी केवल 4 फीसदी कर्मचारी बढ़े। अनुमान है कि मार्च 2025 तक संख्या बढ़कर 36.6 लाख हो जाएगी। ध्यान रहे कि मार्च 2025 के आंकड़े कर्मचारियों की वास्तविक संख्या नहीं बताते। परंतु अगर इस संशोधित आंकड़े को भी सही मान लें तो अप्रैल 2022 से अब तक कर्मचारियों की संख्या में करीब 4.89 लाख अथवा 15 फीसदी का इजाफा हुआ। इस बात के लिए सरकार की आलोचना की जा सकती है कि 10 लाख से अधिक सरकारी नौकरियों का वादा किया गया मगर तीन साल बाद उसकी आधी नौकरियां भी नहीं दी गई हैं। सरकार यह कहकर खुद को सही साबित करेगी कि आधे लक्ष्य ने भी रोजगार की चिंता को कुछ हद तक दूर किया है। ज्यादा सरकारी नौकरियों के सृजन के अच्छे या खराब पहलू पर बात करने के बजाय इस बात पर ध्यान देना जरूरी है कि 1991 से 2022 तक सभी सरकारों के कार्यकाल के दौरान कर्मचारियों का आंकड़ा कम ही हुआ है। केंद्र सरकार के कुल असैन्य कर्मचारियों की बात करें तो मार्च 1991 में करीब 40 लाख कर्मचारी थे। मार्च 2014 तक इनकी संख्या कम होकर 33.2 लाख रह गई। मोदी सरकार भी मार्च 2022 तक इनकी तादाद कम करके 31.7 लाख पर ले आई। सार्वजनिक नीति संबंधी अधिकतर बहसों में जिस बात की अनेदखी कर दी जाती है वह यह है कि हाल के सालों में सरकार ज्यादा विरोध या आंदोलन का सामना किए बगैर कर्मचारियों की संख्या घटाने में कामयाब रही है। यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि रिक्तियों को जानबूझकर नहीं भरा गया और कई नौकरियां खत्म कर दी गईं। उन्हीं नौकरियों को ठेके पर या अस्थायी कर्मचारियों के जरिये कराया गया।

मगर कर्मचारियों की तादाद तीन दशक में 21 फीसदी घटा दी गई और कोई उथल-पुथल भी नहीं हुई! ध्यान रहे कि इन सरकारों में से किसी ने भी इन कर्मचारियों की मंजूर संख्या नहीं घटाई और वह अब भी 40 लाख ही है।

आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

3 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- भारतीय मुग़ल बादशाह अकबर ने 1575 में बंगाली सेना को तुकरोई की लड़ाई में पराजित किया।
- राजा राव नंदलाल मंडलोई ने 1716 में इंदौर शहर की स्थापना की थी।
- अमेरिकी कांग्रेस ने 1812 में पहला विदेशी सहायता बिल पास किया था।
- फ्लोरिडा 1845 में अमेरिका का 28वां राज्य बना था।
- चीन और फ्रांस-ब्रिटेन के बीच 1857 में युद्ध हुआ था।
- 1915 में की स्थापना नाका जो कि बाद में नासा बना।
- 1923 में टाइम पत्रिका का पहली बार प्रकाशन हुआ।
- कैल्विन कूलेज 1924 में व्हाइट हाउस से रेडियो संदेस प्रसारित करने वाले पहले अमेरिकि राष्ट्रपति बने।
- सऊदी अरब में कच्चे तेल की 1938 में खोज हुई थी।
- महात्मा गाँधी जी ने 1939 में सविनय अवज्ञा आन्दोलन का प्रारम्भ किया।
- फ्रांस से उत्तर अफ्रीका के देश मोरक्को को 1956 में आजादी मिली थी।
- तुर्की एयरलाइंस का डीसी10 विमान 1974 में पेरिस के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया विमान में सवार लगभग सभी लोगों की मौत हो गई।
- सातवां गुटनिरपेक्ष सम्मेलन नयी दिल्ली में 1983 में संपन्न हुआ।
- आज ही के दिन ऑस्ट्रेलिया अधिनियम 1986 लागू होने के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ब्रिटेन से पूर्ण रूप से स्वतंत्र हुआ था।
- पाकिस्तान के लाहौर में मैच खेलने जा रही श्रीलंकाई क्रिकेट टीम की बस पर 2009 में हथियारबंद लोगों ने गोलियां चला दीं।
- संयुक्त राष्ट्र ने 2013 में 3 मार्च को 'विश्व वन्य जीवन दिवस' के रूप में मनाने की आधिकारिक घोषणा की थी।

03 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- भारत के प्रसिद्ध उद्योगपति और टाटा समूह के संस्थापक जमशेद जी टाटा का 1839 में जन्म हुआ था।
- टेलीफोन का आविष्कार करने वाले अलेक्जेंडर ग्राहम बेल का 1847 में जन्म हुआ था।
- भारत के प्रसिद्ध अभिनेता और कॉमेडियन जसपाल भट्टी जी का 1955 में जन्म हुआ था।
- कारगिल युद्ध में अद्भुत पराक्रम दिखाने के लिए 1999 में परमवीर चक्र से सम्मानित राइफलमैन संजय कुमार जी का 1976 में जन्म हुआ।

03 मार्च को हुए निधन

- मुगल साम्राज्य का आख़िरी शक्तिशाली मुग़ल बादशाह औरंगजेब का सन 1707 में अहमदनगर में निधन हुआ था।
- मराठी भाषा के सुप्रसिद्ध लेखक हरि नारायण आप्टे जी का 1919 में निधन हुआ था।
- उर्दू साहित्य के लिए पहला ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले शायर फिराक गोरखपुरी का 1982 में निधन हुआ था।
- भारत के राजनेता और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष जी. एम. सी. बालायोगी जी का 2002 में आंध्र प्रदेश में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी।

विशेष आलेख

विश्व वन्यजीव दिवस

केवल एक दिन नहीं, बल्कि एक संकल्प

20 दिसंबर, 2013 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 3 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस के रूप में अंकित किया। इसका मूल ध्येय है—वन्यजीवों और वनस्पतियों के प्रति वैश्विक चेतना का प्रज्वलन और उनके प्राकृतिक अधिवासों को अक्षुण्ण रखने की पुकार। वर्ष 2025 की थीम प्रकृति और संरक्षण का उत्सव एक मंत्र-सा है, जो प्रकृति की अलौकिक छटा, उसकी अनंत गहराई और संरक्षण की अनिवार्यता को उजागर करता है। यह हमें आमंत्रित करता है कि हम प्रकृति के साथ एक लय में बंधें, उसके संगीत को सुनें और उसकी रक्षा के लिए संकल्प लें।

प्रो. आरके जैन

वन्यजीव इस धरती के अनुपम रत्न हैं, प्रकृति की उस अनमोल थाती के प्रतीक जो इस विशाल सृष्टि के संतुलन को थामे हुए हैं। ये प्राणी केवल जैविक वैविध्य की शोभा नहीं, अपितु मानव जीवन के उद्गम, उसकी यात्रा और उसके संपूर्ण अस्तित्व के आधार हैं। ये धरती की धड़कन हैं, जो अपने मूक स्वर से प्रकृति के सौंदर्य को जीवंत करते हैं। किंतु, आधुनिकता की उन्मत्त दौड़, शहरीकरण का अनियंत्रित विस्तार, शिकार की क्रूर लिप्सा और प्रदूषण का विषैला जाल इन नन्हे जीवन-संगियों को लील रहा है। अनेक प्रजातियाँ समय के अंधेरे गर्भ में समा चुकी हैं, और असंख्य अन्य अपने अंतिम प्राण गिन रही हैं। यह दारुण दृश्य हमें झकझोरता है कि वन्यजीवों की रक्षा अब केवल कर्तव्य नहीं, अपितु हमारी आत्मा का आह्वान और मानवता का परम धर्म बन चुका है। इसी संकल्प को बल देने हेतु प्रत्येक वर्ष 3 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस मनाया जाता है, जो हमें इन प्राणियों के प्रति संवेदना का दीप जलाने और संरक्षण का पथ प्रशस्त करने को प्रेरित करता है। वन्यजीवों को बचाने का मार्ग बहुआयामी और दृढ़ संकल्प से परिपूर्ण होना चाहिए। प्रथम, वनों की अंधी लूट और शहरीकरण की अनियंत्रित आँधी पर लगाम कसनी होगी। वृक्षों का अनवरत संहार वन्यजीवों से उनका घर छीन रहा है, साथ ही जलवायु परिवर्तन के भयावह दानव को पोषित कर रहा है। वृक्षारोपण का महायज्ञ शुरू करना होगा—हर पौधा एक आशा है, हर वन एक जीवन। सतत विकास का स्वप्न साकार कर हम इस संकट को परास्त कर सकते हैं। वृक्ष धरती की श्वास हैं, और इनके बिना जीवन का संगीत मंद पड़ जाएगा।

दूसरा, प्रदूषण का यह विषचक्र तोड़ना होगा। प्लास्टिक का अंबार और कचरे का जहर जल और थल के प्राणियों को निगल रहा है। समुद्र के गर्भ में मछलियाँ, कछुए और जलपक्षी इस कृत्रिम आपदा के शिकार बन रहे हैं। प्लास्टिक को जीवन से निर्वासित करना होगा—पुनर्चक्रण का संकल्प और प्रकृति के प्रति संयम ही इस संकट का कवच बन सकता है। स्वच्छता का यह अभियान हर प्राणी के लिए जीवन का उपहार होगा। तीसरा, स्थानीय जनमानस को वन्यजीवों की महिमा का बोध कराना होगा। जब हर दिल यह समझेगा कि ये प्राणी केवल जंगल के आभूषण नहीं, बल्कि जीवन-चक्र के संनाद हैं, तब हर हाथ संरक्षण के लिए उठेगा। शिक्षण संस्थाएँ, संगठन और सरकारें मिलकर ज्ञान का ऐसा दीप जलाएँ जो अज्ञान के अंधेरे को चीर दे। विशेषकर वनवासी और ग्रामीण समुदाय इनके संरक्षक बन सकते हैं—उनके भीतर प्रकृति का प्रेम पहले से ही बस्ता है, बस उसे जागृत करना है। चौथा, अवैध शिकार और वन्यजीव व्यापार का यह काला कारोबार कुचलना होगा। दुर्लभ प्राणियों की निर्मम हत्या केवल लालच की भेंट चढ़ रही है—बाघ का गर्वीला रुदन, गैंडे का शांत चिंतन और हाथी की विशालता व्यापार की भट्टी में जल रही है। कठोर कानून और उनका दृढ़ पालन ही इस संकट का अंत कर सकता है। हर नागरिक को संरक्षक बनना होगा—हर आँख सतर्कता का प्रहरी और हर कदम न्याय का संवाहक। पाँचवाँ, संरक्षण संगठनों को शक्ति देनी होगी। ये संगठन वन्यजीवों के लिए योद्धा हैं, जो दिन-रात उनके जीवन की रक्षा में संलग्न हैं। हमारा सहयोग—चाहे धन से, समय से या संदेश के प्रसार से—इनके संकल्प को पंख देगा। ये संगठन अकेले नहीं लड़ सकते; यह युद्ध हम सबका है। आज जब वन्यजीवों पर संकट की काली छाया गहरा रही है, तब यह हमारा परम कर्तव्य है कि हम संरक्षण का संकल्प करें। प्रकृति और संरक्षण का उत्सव एक थीम नहीं, बल्कि एक स्वर है—प्रकृति का स्वर, जो हमें जीवन का मोल समझाता है। यदि आज हम चुप रहे, तो कल की पीढ़ियाँ इस सौंदर्य को कोसेंगी। उनकी आँखों से यह विविधता छिन जाएगी, और हम इतिहास के गुनहगार कहलाएँगे। समय आ गया है उठ खड़े होने का—एक ऐसा संकल्प करें जो वन्यजीवों में जीवन, प्रकृति में सम्मान और धरती में समृद्धि का संदेश फैलाए। विश्व वन्यजीव दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि एक पुकार है—एक जागृति जो हमें याद दिलाती है कि यह धरती तभी तक जीवंत है, जब तक हर प्राणी का स्वर इसमें गूँजता रहता है। हर साँस, हर कदम, और हर प्रयास इस अद्भुत संगीत को अनंत बनाए। चलिए, हम एकजुट होकर इस धरती के हर प्राणी के लिए एक शाश्वत और सजीव संगीत की रचना करें, जो युगों-युगों तक गूँजता रहे।

न्यायालयों में अनसुलझे मामलों की बढ़ती हुई संख्या

देश की न्याय व्यवस्था कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों से जूझ रही है, जिसका मुख्य कारण भारतीय अदालतों में अभी भी 5 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। यह लंबित मामले न केवल न्याय में देरी करते हैं, बल्कि कानूनी व्यवस्था में लोगों का भरोसा भी कम करते हैं। इनमें से कई मामले एक दशक से अधिक समय से लंबित हैं, जिनमें से लगभग 50 लाख मामले दस साल से भी अधिक समय पहले शुरू किए गए थे। नीति आयोग ने सुधारों की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर दिया है, चेतावनी दी है कि मामले के समाधान की वर्तमान गति से, केवल निचली अदालतों में लंबित मामलों को हल करने में 300 साल से अधिक लग सकते हैं।

प्रियंका सौरभ

भारत में, लंबित मामलों का अर्थ कानूनी ढांचे के भीतर अनसुलझे मामलों की भारी संख्या है। स्थिति विशेष रूप से निचले न्यायिक स्तरों पर गंभीर है, जहाँ अधिकांश मामले दायर किए जाते हैं और न्यायाधीशों की कमी से निपटान नहीं होता है। लंबित मामलों की बढ़ती संख्या भारतीय न्याय वितरण प्रणाली के लिए एक बड़ी चुनौती है। लंबी कानूनी प्रक्रियाएँ न्याय में देरी न्याय से वंचित होने के समान है कहावत को चरितार्थ करती हैं, क्योंकि वे जनता के विश्वास को ख़त्म करती हैं और व्यक्तियों को समय पर न्याय से वंचित करती हैं। बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि विवाद जैसे मामलों के लंबे समाधान ने सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ दिया है, जिसमें लगभग 70 साल लग गए। अदालतों में मामलों की विशाल मात्रा अदालती दक्षता में बाधा डालती है और लंबित मामलों की संख्या में वृद्धि करती है, जिससे त्वरित न्याय लगभग असंभव हो जाता है। सर्वोच्च न्यायालय में 82, 000 से अधिक और उच्च न्यायालयों में 62 लाख से अधिक मामले लंबित होने के कारण, निर्णयों में बड़ी देरी आम बात है। मुकदमेबाजी का वित्तीय बोझ आर्थिक विकास को भी बाधित करता है, क्योंकि यह संसाधनों को ख़त्म करता है और व्यक्तियों और व्यवसायों को कानूनी कार्यवाही करने से हतोत्साहित करता है। भारत में न्यायिक देरी की अनुमानित लागत दो मिलियन डॉलर से अधिक है। न्याय प्रणाली पर लंबित मामलों का प्रभाव गहरा और दूरगामी है। लंबे समय तक चलने वाले मामले कानूनी प्रणाली में जनता के विश्वास को ख़त्म कर सकते हैं, जिससे इसकी प्रभावशीलता के बारे में निराशा और संदेह पैदा होता है, जिससे कुछ लोग वैकल्पिक विवाद समाधान विधियों की तलाश करने लगते हैं। देरी का यह चक्र समस्या को और बढ़ाता है। न्यायिक देरी में योगदान देने वाला एक महत्त्वपूर्ण कारक जनसंख्या के लिए न्यायाधीशों का अपर्याप्त अनुपात है। भारत में, विकसित देशों की तुलना में कानूनी प्रणाली बहुत धीमी गति से काम करती है, जहाँ हर दस लाख निवासियों के लिए केवल 21 न्यायाधीश उपलब्ध हैं। सरकार सबसे बड़ी वादी है, जो सभी लंबित मामलों में से लगभग आधे मामलों के लिए ज़िम्मेदार है, जिनमें से कई तुच्छ मुद्दों पर अपील में बंधे हैं। सीमित कोर्ट रूम स्पेस और पुरानी केस मैनेजमेंट प्रथाओं जैसी चुनौतियों से लंबी अदालती कार्यवाही और भी जटिल हो जाती है। दिल्ली उच्च न्यायालय मध्यस्थता केंद्र ने 15 वर्षों में 200, 000 से अधिक मामलों को सफलतापूर्वक हल किया है, जो वैकल्पिक विवाद समाधान विधियों की प्रभावशीलता को उजागर करता है। दुर्भाग्य से, वकील और वादी दोनों अक्सर स्थगन का दुरुपयोग करते हैं, जिसके कारण मामले सालों या दशकों तक टल जाते हैं। मैन्युअल दस्तावेज़ीकरण और पुरानी कानूनी प्रक्रियाओं पर निर्भरता मामलों के समय पर समाधान में बाधा डालती है, जिससे अनावश्यक नौकरशाही बाधाएँ पैदा होती हैं। लंबित मामलों के बैकलॉग को कम करने के लिए, यह सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण है कि कार्यवाही निरंतर हो।

शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं आईएएस श्री नारायण सिंह जी। 2 दिसम्बर सन् 1968 को सीकर जिले में जन्में नारायण सिंह बहुत ही शानदार अधिकारी हैं। अलवर एसडीएम व एडीएम प्रथम के कार्यकाल के दौरान इनकी शानदार कार्रशैली देखने को मिली। आज ये प्रबन्ध निदेशक, जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड, राजस्थान जयपुर जैसे बड़े पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये प्रबन्ध निदेशक, राजफैड जयपुर। सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग जयपुर। संयुक्त शासन सचिव, सहकारिता विभाग राजस्थान, जयपुर। अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) निदेशालय चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग जयपुर सचिव, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव, खेल एवं युवा मामलात विभाग जयपुर। अतिरिक्त कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट, बांसवाड़ा। अतिरिक्त कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट, उदयपुर। अतिरिक्त कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट, अलवर। उपखण्ड अधिकारी, अलवर। उपखण्ड अधिकारी, बसेड़ी धौलपुर। उपखण्ड अधिकारी, नागौर। उपखण्ड अधिकारी, सोजत। उपखण्ड अधिकारी, छबड़ा कोटा। उपखण्ड अधिकारी, भीनमाल जालौर। उपखण्ड अधिकारी, सागवाड़ा बांसवाड़ा। सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट, अलवर रहे हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

नारायण सिंह
(आईएएस)

रूपक शर्मा

2025_060

बढ़ता राजस्थान

Suduko

		8			2		9	
	9	4		8		2		
	7	6		3	9	4		
			9		4			1
9	6	3		7	1		4	2
		1	3	2	5	9		
				5	6	1	7	9
6	4	9				8		5

Ans_2025_059

9	5	7	6	2	1	8	3	4
3	2	4	5	7	8	1	6	9
8	6	1	3	9	4	5	2	7
5	7	8	1	6	9	3	4	2
4	1	3	7	8	2	9	5	6
2	9	6	4	3	5	7	1	8
1	3	2	9	4	7	6	8	5
7	8	5	2	1	6	4	9	3
6	4	9	8	5	3	2	7	1

कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

मेष

पैसे की तंगी महसूस होगी। दुर्घटना, ऑपरेशन का योग बन रहा है, इसलिए सावधानी बरतें। ईश्वर भक्ति से राहत महसूस कर सकेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। सार्वजनिक जीवन में अपयश या स्वाभिमान भंग होने का योग है।

वृष

प्रिय व्यक्ति के साथ की गई मुलाकात रोमांचक रहने की उम्मीद है। तन-मन से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव होगा। अत्यधिक विचारों से मन विचलित रहेगा। आज किसी के साथ बौद्धिक चर्चा या वाद-विवाद हो सकता है।

मिथुन

आज के दिन आप शारीरिक और मानसिक रूप से भय अनुभव करेंगे। पारिवारिक सदस्यों तथा सगे- संबंधियों के साथ अनबन होने की आशंका है। कोशिश करें कि किसी के साथ विवाद न हो। माता का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

कर्क

सरकार से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। प्रतिकूल संयोग के बनने से आपके कार्य में विलंब होगा। पेट के रोग सताएंगे। नौकरी में अधिकारियों के नकारात्मक व्यवहार से आपको दुख होगा। परिजनों के साथ गलतफहमी पैदा होने से मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव होगा।

सिंह

भागीदारों के साथ मतभेद होगा। कुछ खास दोस्तों के साथ मुलाकात विशेष आनंददायक नहीं रहेगी। कोर्ट- कचहरी के काम में दिक्कत होने की आशंका है। आर्थिक लाभ और काम में सफलता मिलेगी। बीमारी में राहत महसूस होगी।

कन्या

आपका आज का दिन सामाजिक प्रवृत्तियों और मित्रों के साथ दौड़-धूप में व्यतीत होगा। फिर भी सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। आज के दिन बुजुर्गों और पूजनीय व्यक्तियों से मुलाकात होगी। आज कोई भी सोच-विचार करने के बाद ही बोलें।

तुला

नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं। सगे-संबंधियों तथा मित्रों का आपके यहां आगमन होने से आनंद अनुभव होगा। कहीं यात्रा होने की संभावना है। भाग्य वृद्धि का अवसर मिलेगा। धार्मिक कार्यों में मन लगाएंगे, तो शांति मिलेगी।

वृश्चिक

अपने अधीनस्थ कर्मचारियों और सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे। आज आप कल्पना और सृजनशक्ति का उपयोग कर सकेंगे। संतान की प्रगति होगी, जिससे आपका मन खुश रहेगा।

धनु

बाहर का खाने-पीने के कारण स्वास्थ्य खराब होने की आशंका है। अपने क्रोध को नियंत्रण में रखें, वरना बड़ा नुकसान हो सकता है। पारिवारिक सदस्यों के साथ बखेड़ा खड़ा हो सकता है। नए संबंध तकलीफदायक साबित होंगे।

मकर

जमीन, वाहन वगैरह की खरीदारी के दस्तावेज बनवाने में सावधानी रखें। गूढ़ रहस्यमय विद्याएं और आध्यात्मिकता का प्रभाव आप पर विशेष रहेगा। आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा। भाई-बहनों के साथ मेल-जोल बना रहेगा।

कुंभ

सरकारी काम में बाधा होगी। महत्वपूर्ण कार्य या निर्णय आज स्थगित रखना उचित रहेगा। संतान के साथ मतभेद होगा। विरोधियों से सतर्क रहने की जरूरत है। आज मन का नकारात्मक व्यवहार आपको हताश करेगा।

मीन

आज आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे। नौकरीपेशा वालों के लिए आज का दिन शुभ है। उन्हें आय वृद्धि या पदोन्नति का समाचार मिलेगा। सरकारी लाभ मिलेगा। उच्च अधिकारियों का प्रोत्साहन आपका उत्साह बढ़ाएगा। धन खर्च होने की संभावना है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

सरकारी नौकरी में नियम, प्राइवेट में नहीं पालना को लेकर अपनाते लचर रवैया

शादी में बिक रहे अरमान, दहेज के नाम पर हो रही करोड़ों की बर्बादी

बढ़ता राजस्थान

सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)। अपनी लाड़ली को राजकुमारी की तरह विदा करने की चाहत माता-पिता की जेब पर बड़ा बोझ बन रही है। बेटी के भविष्य को सुरक्षित करने की चिंता में मां-बाप अपने अरमान बेचकर दहेज दे रहे हैं। दहेज मांगने का यह प्रचलन सामाजिक स्तर को भी दर्शा रहा है। दहेज के मामलों का अंदाजा न्यायालय में लंबित तलाक के मामलों से भी समझा जा सकता है।

अच्छी नौकरी व वेतन तो दहेज भी अच्छा

अच्छी नौकरी एवं अच्छा वेतन पाने वाले युवाओं पर हर किसी का फोकस रहता है और इससे कोई भी समाज अथवा वर्ग अछूता नहीं है। हर कुलीन व्यक्ति अपनी बेटी के लिए अच्छा वर ढूंढने की मंशा में अधिक से अधिक दहेज देने की इच्छा रखता है और यह इच्छा भी लड़के वालों की दहेज लोलुपता को और बढ़ा रही है। वर्तमान समाज में डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक सभी की अलग-अलग डिमांड है और लड़की के मां-बाप इन्हें पूरा भी कर रहे हैं। हालांकि दहेज की यह बातें बाहर नहीं आती, लेकिन शादी की भव्यताओं से इस बात का आंकलन लगाया जा सकता है। प्राईवेट नौकरियों में दहेज पर रोक लगाने को लेकर कोई नियम नहीं बने हैं, लेकिन सरकारी नौकरी लगने से पहले युवाओं को दहेज नहीं लेने का शपथ एवं बोंड भरकर देना होता है। लेकिन ये सारे नियम और अच्छे आचरण की बातें बाद में फाइलों तक सिमट कर रह जाती है। फलस्वरूप जब तलाक के मामले सामने आते हैं तो इनमें दहेज उत्पीड़न का ही प्रमुखता से जिक्र होता है।

नहीं होती कार्रवाई

यह सही है कि वर्तमान में सरकारी नौकरियों में ही सबसे ज्यादा दहेज है, जबकि नौकरी पाने वाले से इन सभी युवाओं से दहेज नहीं लेने का शपथ-पत्र एवं बोंड भरवाया जाता है। लेकिन विभागीय स्तर पर ये दस्तावेज सिर्फ खानापूर्ति होते हैं। बाद में इन्हें कोई उठाकर नहीं देखता और न ही ऐसे मामलों में कार्रवाई होती।

सुशील भारद्वाज, सामाजिक कार्यकर्ता

शपथ पत्र देने का बना रखा नियम

राज्य सरकार ने सरकारी नियुक्तियां देने से पहले दहेज को लेकर शपथ पत्र पेश करने का नियम बना रखा है। लेकिन दहेज को लेकर जितने मुकदमे दर्ज होते हैं, उसमें अधिकांश सरकारी कर्मचारियों के होते हैं। हालांकि प्राइवेट कर्मचारियों के इस तरह के मामले कम हैं, लेकिन प्राइवेट नौकरियों में दहेज रोकने को लेकर कोई नियम नहीं बने हैं। दहेज प्रथा को लेकर सख्त नियम बनने चाहिए।

चंद्रशेखर शर्मा, राज. हाई कोर्ट, एडवोकेट

विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के लिए 9 मार्च तक करें आवेदन

विजेताओं को मिलेगा राज्य विधानसभा और देश की संसद में विचार रखने का मौका

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 18 से 25 आयु वर्ग के युवा प्रतिभागी माय भारत पोर्टल के माध्यम से 9 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं । नेहरू युवा केन्द्र के मीडिया प्रभारी गजेंद्र मीणा ने बताया की यह कार्यक्रम माय भारत इनिशिएटिव के अंतर्गत नोडल जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाएगा। प्रतिभागियों को रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत 1 मिनट का वीडियो दिए गए विषय पर माय भारत पोर्टल पर अपलोड करना होगा। विषय पर अपलोड होने वाले वीडियो में से 150 प्रतिभागियों के वीडियो का चयन किया जाएगा। इसके बाद चुने गए 150 प्रतिभागियों को राजकीय महाविद्यालय टोंक में नोडल जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। गौरतलब है कि सवाई माधोपुर जिले के प्रतिभागियों का जिला स्तरीय नोडल कंपटीशन राजकीय महाविद्यालय टोंक में होगा। इन प्रतिभागियों में से 10 विजेताओं का चयन राज्य स्तरीय कार्यक्रम विधानसभा जयपुर में होने वाले कार्यक्रम हेतु चयन किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में से तीन विजेताओं का चयन राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम हेतु किया जाएगा। जिन्हें राष्ट्रीय संसद नई दिल्ली में अपने विचार प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। अधिक जानकारी हेतु युवा जिला नेहरू युवा केंद्र कार्यालय अथवा संबंधित एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी से संपर्क कर सकते है।

फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आज से कार्यक्रम निर्धारित

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री (एग्रीस्टैक) अभियान तहत 3 मार्च से 5 मार्च, 2025 तक सवाई माधोपुर की ग्राम पंचायत खिलचीपुर, जीनापुर, लोरवाड़ा एवं मुई में, चौथ का बरवाड़ा की आदलवाड़ा कला, पांवडेरा एवं टापुर में, मलारना डूंगर की सांकड़ा, चांदनहोली एवं डिडवाड़ा में, बौंली की गालदकलां, बागडोली एवं हथडोली में, मित्रपुरा की मोरण में, गंगापुर सिटी की छावा एवं सलेमपुर में, बामनवास की कोयला, जाहरा एवं ककराला में, वजीरपुर की बगलाई, जीवली, मैड़ी, मोहचा एवं मीना बड़ौदा में, बरनाला की बिछौछ एवं मोरपा में फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 6 मार्च से 8 मार्च, 2025 तक सवाई माधोपुर की ग्राम पंचायत चितारा, पढ़ाना, शेरपुर एवं एण्डा में, चौथ का बरवाड़ा की जौला, भगवतगढ़ एवं शिवाड़ में, मलारना डूंगर की कुण्डली नदी, जोलन्दा एवं बहतेड़ में, बौंली की बांस टोरडा , नीमोद (राठोद) एवं मामडोली में, गंगापुर सिटी की अहमदपुर एवं टोकसी में, बामनवास की खेडली, सीतोड़ एवं सुकार में, वजीरपुर की पावटा, उदेई खुर्द, पीलोदा एवं भालपुर में, बरनाला की नारौली चौड़ एवं भिनौरा में फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

1000 से अधिक राशन कार्ड हुए वेरिफाई

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। नगरपालिका मालपुरा द्वारा खाद्य सुरक्षा योजना में नए नाम जोड़ने की प्रक्रिया के अन्तर्गत एक हजार से अधिक राशन कार्डो का वेरिफिकेशन कर शहरी क्षेत्र की जनता को राहत प्रदान की गई है। नगरपालिका के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट ने बताया कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग राजस्थान सरकार द्वारा राशन कार्ड वेरिफिकेशन के लिये पोर्टल पर जिन खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित राशन उपभोक्ताओं द्वारा नाम जुडवाने, कटवाने इत्यादि के लिए एप्लाई किया गया था। जिसके लिए पोर्टल लगभग 20 जनवरी 2025 के बाद चालू किया गया था। पोर्टल चालू होने के बाद शहरी क्षेत्र में लगभग 1000 से अधिक राशन कार्ड वेरिफिकेशन कर आम जनता को लाभान्वित किया जा चुका है। उक्त अवधि के दौरान लगभग 15 दिनों तक पोर्टल बन्द भी रहा था किन्तु फिर भी पालिका में राशन कार्ड वेरिफिकेशन करने वाले कनिष्ठ सहायक मोहित विजय द्वारा अपने कार्यालय के अन्य कार्यो में व्यस्त रहने के बावजूद भी दिन रात मेहनत कर आमजनता को लाभान्वित किये जाने का सराहनीय कार्य किया गया है। वर्तमान में पोर्टल पर अत्यधिक दबाव होने एवं पोर्टल तकनीकी कारणो से गति धीमी होने के चलते वेरिफिकेशन की गति धीमी चल रही है। साथ ही पालिका के खाद्य सुरक्षा योजना के पोर्टल पर भी एक फार्म वेरिफिकेशन के लिये पेण्डिंग नहीं है। पालिका के कार्मिक द्वारा राशन कार्ड, जनआधार, खाद्य सुरक्षा योजना में ऑनलाईन वेरिफिकेशन का सराहनीय कार्य जब से किया जा रहा है जब से उक्त कार्य ऑनलाईन प्रारम्भ हुआ था।

निःशुल्क भंडारे की खाद्य सामग्री के वाहनों को विधायक रामसहाय वर्मा व पालिका अध्यक्ष इसरानी ने किया रवाना

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। श्रीश्याम सलोना परिवार निवाई व टोडारायसिंह के संयुक्त तत्वावधान में खाटू धाम में आयोजित फाल्गुन मेले में श्याम भक्तों के लिए निःशुल्क भंडारे के लिए खाद्य सामग्री के वाहनों को विधायक रामसहाय वर्मा व नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भंडारा संयोजक चेतन पारीक ने बताया कि खाटूश्यामजी में फाल्गुन मेले में आने वाले लाखों श्यामभक्तों के लिए 6 मार्च से 11 मार्च तक चौबीसों घंटे निःशुल्क भंडारा लगाया जाएगा।

विधायक रामसहाय वर्मा व पालिकाध्यक्ष इसरानी ने बाबा श्याम की पूजा अर्चना कर खाद्य सामग्री से भरें ट्रक व मिनी ट्रक तथा श्याम निशान की विधि विधान से पूजा अर्चना कर भंडारे में लोगों की दिन रात सेवा करने वाले सभी श्रद्धालुओं को माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। संयोजक चेतन पारीक ने बताया कि श्री श्याम सलोना परिवार मंडल के सदस्यों द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निः शुल्क भंडारे की व्यवस्था की जा रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व वित्त मंत्री दीया कुमारी ने विधानसभा क्षेत्र को दी है कई सौगातें : विधायक रामसहाय वर्मा

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा ने किया सदन का अपमान

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। नगरपालिका में विधायक रामसहाय वर्मा ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा क्षेत्र में करवाए गए विकास कार्यो व बजट में की गई घोषणाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री राजकुमारी दीया कुमारी ने विधानसभा क्षेत्र को कई सौगातें दी है। जिसमें शहर में सीवरेज लाइन, बस स्टैंड का सौंदर्यकरण, पीपलू में हाईवे ब्रिज, विभिन्न सडकों का कार्य सहित विभिन्न कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बद्री विशाल धाम नटवाडा, देवधाम जोधपुरिया में स्थित भगवान देवनारायण मंदिर व हरभावता आश्रम में विभिन्न कार्यों के लिए बजट में प्रस्ताव किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम कांटोली में 5 करोड़ 90 लाख रुपए की लागत से सडक् निर्माण का कार्य किया जाएगा। जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने 46 करोड रुपए की लागत से पानी की समस्या को दूर करने के लिए टंकी निर्माण सहित कई कार्यों की सौगात दी है। विधायक वर्मा ने बताया कि दतवास क्षेत्र में नई पंचायत समिति खोलने, हाउसिंग बोर्ड में ग्रामीण लोगों को मकान उपलब्ध करवाने, राहोली क्षेत्र में महाविद्यालय खोलने, राहोली को उप तहसील बनाने की मुख्यमंत्री से मांग की गई है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा सहित नेता प्रतिपक्ष ने दादी शब्द के प्रयोग पर गलत हंगामा किया है। दादी शब्द एक सम्मानजनक शब्द है। मैं अगर राहुल गांधी को भाई बोल दूं तो कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उसका भी विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा ने विधानसभा स्पीकर वासु देवनानी का अपमान कर सदन की मर्यादा को ठेस पहुंचाई है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा कि विधायक राम सहाय वर्मा की मेहनत रंग ला रही है। बजट सत्र में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री दीया कुमारी द्वारा क्षेत्र के लोगों के लिए अनेक सौगात दी है। बस स्टैंड निर्माण, अस्पताल का निर्माण, पहाड़ पर सीढीयों के निर्माण का कार्य जल्द ही पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 80 फीट पर दो विशाल सामुदायिक भवनों का लोकार्पण 11 अप्रैल को किया जाएगा। शहर में हाई क्वालिटी के कैमरे लगाने व पुराने कैमरे को सही करने का कार्य चालू है। आने वाले समय में करोड़ों रुपए के विकास कार्य शहर में प्रत्येक वार्ड में किए जाएंगे। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पार्षद नितिन छाबड़ा, नटवाड़ा मंडल अध्यक्ष बद्री विजय, भाजपा नेता हनुमान रजवास, सियाराम शर्मा व चिरंजी झापड़ी सहित कई कार्यकर्ता थे।

श्याम पदयात्रा को उपखण्ड अधिकारी व मंडल अध्यक्ष ने ध्वज प्रदान कर किया रवाना

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। श्री श्याम मित्र मंडल पदयात्रा संघ के तत्वावधान में रविवार को रवाना हुई 35वीं पदयात्रा को उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी व भाजपा मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या ने ध्वज प्रदान कर रवाना किया। खवास जी का कटला स्थित श्री सीताराम जी के मन्दिर में मौजुद सैकड़ो श्याम के जयकारो के बीच पदयात्रा के ध्वज की पूर्ण विधि विधान पूजा की गई। पूजा के बाद इस मौके पर सम्मानीय अतिथि के रूप में मौजुद उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी व मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या का संघ की ओर से अभिनन्दन किया गया। अंत में सम्मानीत अतिथियो ने बाबा श्याम कें जयकारो की गूंज के बीच ध्वज प्रदान कर रवाना किया। पदयात्रा का भव्य विशाल जुलुस बेण्डबाजो व नाचते गाते श्याम प्रेमियो के साथ रवाना हुआ।

मालपुरा शहर के मुख्य बाजारो में जुलुस शामिल श्याम प्रेमियो का स्वागत सम्मान किया। साथ ही जुलुस के साथ मौजुद भव्य झांकी की आरती कर व दर्शन कर शहरवासियो ने पुण्य प्राप्त किया। संघ की ओर से मिली जानकारी के अनुसार यह पदयात्रा रविवार को मोतीपुरा, 3 को फागी, 4 मार्च को छाजुराम पेराडाईज रेनवाल, 5 मार्च को जयपुर के मानसरोवर स्थित सामुदायिक केन्द्र, 6 मार्च को विश्वकर्मा स्थित हंस पेराडाईज में 7 मार्च को चौमू कृषि मंडी में रात्रि विश्राम के बाद 8 मार्च को रींगस धाम पहुंच कर दर्शन रींगस धर्मशाला में रात्रि विश्राम करेगें।

जलदाय मंत्री ने दिया आश्वासन, मालपुरा में विकास कार्यो की लगेगी झड़ी

7 करोड़ रूपये के होगें विकास कार्य, विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने राजकीय पीजी महाविद्यालय का दौरा किया

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। प्रदेश के जलदाय मंत्री व मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षैत्र कू विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि मालपुरा में विकाय कार्य योजनाबद्ध तरीके से होगा। जिसमें 3 करोड़ की डिवाईडर सहित सीमेन्ट सड़क, राजकीय पीजी महाविद्यालय में 2 करोड़ रूपये की लागत से नए कक्षा कक्ष व मरम्मत कार्य तथा पीएमश्री राजकीय बालिका उमावि मालपुरा में 2 करोड़ रूपये की लागत से नए कक्षा कक्षो का निर्माण होगा। रविवार को प्रदेश के जलदाय मंत्री व मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षैत्र कू विधायक कन्हैयालाल चौधरी राजकीय पीजी महाविद्यालय का दौरा किया। इस दौरान चौधरी ने सम्पूर्ण महाविद्यालय भवन का औचक निरीक्षण कर सभागार में बैठक ली। बैठक में उपखण्ड अधिकारी अमित क़ुमार चौधरी, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता पीन्टू मीणा, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र शर्मा, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष सोनी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र कुमार जैन व पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन मुख्य रूप से मौजुद रहे। बैठक के दौरान प्रदेश के जलदाय मंत्री व मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षैत्र कू विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने महाविद्यालय के भवन की स्थिति पर गहरी चिन्ता प्रकट करते जहुए कहा कि महाविद्यालय में देश का भविष्य माने जाने वाली युवा पीढ़ी अध्ययन कर रही है। इनको सभी प्रकार की सुविधाऐं प्रदान करना, संसाधन उपलब्ध करवाना तथा एक अच्छे भवन की छत के नीचे अध्ययन करने की सुविधा प्रदान करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। विकास के लिए प्राप्त बजट में से 3 करोड़ रूपये से रूपाहेली से सिन्धोलिया माताजी तक डिवाईडर सहित सीमेन्ट सड़क के लिए 3 करोड़ रूपये, राजकीय पीजी महाविद्यालय भवन की मरम्मत व नए कक्षा कक्षो के निर्माण पर 2 करोड़ तथा पीएम श्री राजकीय बालिका उमावि में नए कक्षा कक्षो के निर्माण पर 2 करोड़ रूपये व्यय किए जाएगें। साथ ही जलदाय मंत्री चौधरी ने कालेज निदेशालय के उच्चाधिकारियो से दूरभाष पर सम्पर्क कर महाविद्यालय के विकास कोष में पड़े एक करोड़ रूपये से विकास कार्य करवाने की स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश प्रदान किए।

रोडवेज बस स्टेण्ड बनेगा आलिशान, यात्रियो के लिए आवश्यक सुविधाऐं कराई जाएगी उपलब्ध :- राजकीय महाविद्यालय में बैठक के बाद प्रदेश के जलदाय मंत्री व मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षैत्र कू विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने रोडवेज बस स्टेण्ड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आम जन ने बस स्टेण्ड की दुर्दशा सहित जीर्ण शीर्ण यात्री प्रतिक्षालय की ओर से ध्यान आकर्षित किया। साथ ही बस स्टेण्ड पर यात्रियो के लिए सुविधाऐं व शौचालय निर्माण करवाने की मांग रखी। जिस पर जलदाय मंत्री चौधरी ने पखण्ड अधिकारी अमित क़ुमार चौधरी, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता पीन्टू मीणा को बस स्टेण्ड पर पुराने यात्री प्रतीक्षालय के स्थान पर दों मजिंला नया यात्री प्रतिक्षालय का निर्माण करवाने तथा शौचालय व बस स्टेण्ड को सुन्दर बनाने के लिए आवश्यक निर्माण कार्य करवाए जाने के लिए तकमीने बनाकर स्वीकृति हेतु भिजवाने के निर्देश प्रदान किए।

श्री हनुमान भक्त मंडल के सर्वजातीय प्रतिभा सम्मान समारोह में 60 प्रतिभाएँ सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

सर्वजातीय प्रतिभा सम्मान समारोह
दिनांक: 2 मार्च 2025

सवाई माधोपुर/ गंगापुर सिटी (राकेश शर्मा)। श्री हनुमान भक्त मंडल गंगापुर सिटी द्वारा गंगापुर सिटी व आसपास के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं के सम्मान हेतु प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन गुलकंदी देवी आदर्श विद्या मंदिर में किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विजय कुमार वर्मा सेवानिवृत्त ज़िला शिक्षा अधिकारी रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ हेमंत शर्मा निदेशक कुहू इंटरनेशनल स्कूल , कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष विप्र फाउंडेशन जॉन 1-डी राजस्थान ने की ।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ सुभाष पहाड़िया प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय लालसोट एवं गिरिराज तिवारी विभाग संयोजक समरसता विभाग सवाई माधोपुर रहे एवं कार्यक्रम संयोजक पूरणमल जाट एवं सह संयोजक डॉ हेमंत शर्मा व्याख्याता रहे । इस कार्यक्रम में 60 प्रतिभाओं व कलाकारों का सम्मान किया गया जिसमें देवी सिंह जाट , कैलाश दास स्वामी , नवल किशोर छीपी , बनवारी लाल जोशी , श्याम सुंदर जोशी , फूल सिंह कोली , बाबू लाल कोली , फूल सिंह राणा , मनीष राणा , ज्योति वर्मा , सुनीता सोखल , अखिलेश सिंह , जगदीश सिंह राजपूत , कविता जांगिड , गौरव तलुजा , गर्व कालरा , जसवीर सिंह , ध्रुव प्रियदर्शी , राजीव चौधरी , महादेव प्रसाद शर्मा , बलरामसिंह धनवाल, प्रवीण कुमार जांगिड , भरत सिंह बैनीवाल , तारासिंह माली , महेश मीना , राजीव गुर्जर , निरंजन गिरी , सीताराम मीना , अंबा लाल प्रजापत, नेतराम महावर , आभास शर्मा , कैलाश प्रसाद , रवि वर्मा , कविता रूड़ला , तिलकसिंह , आभूषण शर्मा , काजल जादो , राजेश कुमार शर्मा शर्मा , तपन अग्रवाल , द्रोपती देवी गुर्जर , डॉ अरमान राजा आदित्य , धनराज राणा , राजेश कुमार जोगी , योगेश योगी , किरोड़ी लाल योगी , हनुमान योगी , चतुरु लाल योगी , मनोज कुमार , जुगल किशोर शर्मा , उतन जाट , डॉ फ़तेहसिंह प्रजापत , बजरंग लाल गुर्जर , जसवंत कुमार बैरवा , संदीप शर्मा आदि शामिल थे । इस कार्यक्रम में 7 कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति भी दी । कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ हेमंत शर्मा व्याख्याता के द्वारा किया गया ।

राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के राजेश शर्मा चुने गए निर्विरोध जिलाध्यक्ष कर्मचारी हितों की ली शपथ

पुरानी पेंशन योजना की सुरक्षित निरंतरता एवं पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू कराने की रहेगी प्रतिबद्धता

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। राज्य के सबसे बड़े कर्मचारियों के महासंघ अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के चुनावों में शिक्षक नेता राजेश शर्मा निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुने गए। स्थानीय पंचायत समिति सभागार में रविवार को आयोजित चुनावों में प्रांतीय पर्यवेक्षक के रूप में राजस्थान कानून गो संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील प्रधान,जिलानिर्वाचन अधिकारी प्राध्यापक राजेश कुमार व सह निर्वाचन अधिकारी के रूप में केदार सिंह बघेल मौजूद रहे। निर्वाचन में कृषि, पर्यवेक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, नर्सेज, पशुपालन, शिक्षक संघ शेखावत,आयुर्वेद नर्सेज, कानून गो संघ, पटवार संघ, पैरा टीचर, वन श्रमिक संघ, कंप्यूटरअनुदेशक, सांख्यिकी, सहायक विकास अधिकारी, कृषि स्नातक, पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ जैसे डेढ़ दर्जन से अधिक कर्मचारी संगठनों की आयोजित महासमिति की बैठक में सर्वसम्मति से जिले के वरिष्ठ शिक्षक नेता एवं राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा को संयुक्त कर्मचारी महासंघ का निर्विरोध जिला अध्यक्ष चुना गया ।प्रदेश पर्यवेक्षक सुशील प्रधान एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा को जीत का प्रमाण पत्र देकर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस दौरान आयोजित जिला महासमिति बैठक में कर्मचारी नेता हरीशंकर शर्मा, सुरेंद्र दीक्षित, श्रीभान सिंह गुर्जर,रविंद्र त्यागी, कृष्ण कुमार तोमर, यदुवीर सिंह गुर्जर,विकास त्यागी, हरीसिंह गुर्जर, श्रीराम गोस्वामी, देवेंद्रसिंह परमार बृजमोहन शर्मा, लोकेंद्र सिंह गुर्जर, सतीश कुमार शर्मा,विशाल गिरी गोस्वामी ने विचार व्यक्त करते हुए जिले में महासंघ की मजबूती पर जोर दिया। इस दौरान यदुवीर सिंह गुर्जर को संघर्ष समिति संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि आगामी समय में सभी के सहयोग से जिला कार्यकारिणी का गठन कर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा कर्मचारियों के बुढ़ापे के सहारे के रूप में लागू पुरानी पेंशन योजना की सुरक्षित निरंतरता कायम रहे, सभी विभागों के कार्मिकों की वेतन विसंगतियां दूर कराने, समयबद्ध पदोन्नति सहित शिक्षा विभाग के साथ सभी विभागों में पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू कर नियमित स्थानांतरण कराने सहितअन्य लंबित समस्याओं के निराकरण करने की उनकी प्रतिबद्धता रहेगी ।इस मौके पर गोपाल कृष्ण शर्मा, सुशील कुमार, सौरभ शर्मा, कुलदीप तोमर, गेंदालाल त्यागी, विकास शर्मा, हरेंद्र सिंह तोमर, राधा कृष्ण शर्मा,लक्ष्मण सिंह, अनिल मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

अपनाघर आश्रम अलवर की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। माँ माधुरी ब्रज वारिस सेवा सदन अपनाघर संस्था भरतपुर के तत्वावधान में संचालित संतोष कुमार जानकी देवी गुरुकृपा अपनाघर आश्रम, विवेकानंद नगर, अलवर में दिनांक 2 मार्च रविवार को प्रातः 10 बजे आश्रम से जुड़े सभी आजीवन सदस्यों की सभा आयोजित हुई। सभा में वर्ष 2025 - 27 के लिए आश्रम की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चुनाव समपन्न हुआ। चुनाव कार्य भरतपुर मुख्यालय से अधिकृत चुनाव अधिकारी श्री सुनील कुमार गर्ग के द्वारा समपन्न कराया गया। नई कार्यकारिणी में सतीश कुमार सारस्वत को अध्यक्ष चुना गया। शिव कुमार दुआ उपाध्यक्ष, डा. अशोक गुप्ता सचिव, के के खण्डेलवाल वित्त सचिव, सीताराम शर्मा संयुक्त सचिव चुने गए। संतोष कुमार अरोड़ा संस्थापक संरक्षक तथा वर्तमान कार्यकारिणी के अध्यक्ष अशोक मेठी संरक्षक के रूप में कार्यकारिणी से जुड़े रहेंगे। इसके अलावा 9 आजीवन सदस्यों को कार्यकारिणी सदस्य तथा अपनाघर महिला आश्रम अलवर व अपनाघर आश्रम चिकानी के अध्यक्ष एवं सचिवों को भी कार्यकारिणी में पदेन सदस्य रखा गया है।

चुनाव से पूर्व सभा में वर्तमान कार्यकारिणी के सचिव सतीश सारस्वत ने सभा को बताया कि वर्तमान कार्यकारिणी की 1-4-23 से 28-2-25 तक की दो साल की अवधि में 160 प्रभुजी को प्रवेश दिया गया, 81 को उनके परिवार को सुपुर्द किया, 93 को अन्य आश्रमों में स्थानांतरण किया तथा 12 प्रभुजी को सेवा और उपचार के बाद भी नहीं बचाया जा सका। आज आश्रम में 70 प्रभुजी सेवा पा रहे हैं। सभा में संतोष कुमार अरोड़ा, अर्जुन तख्तानी, सुभाष जोशी, शिव दयाल शर्मा, डा. गजेंद्र सिंह यादव सहित आश्रम से जुड़े आजीवन सदस्य सम्मिलित हुए।

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला शाखा अलवर की बैठक संपन्न

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। रविवार को राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला शाखा अलवर की प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय विद्या पीठ रामगढ़ में संगठन के जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई । प्रदेश व जिले के दायित्व वान कार्यकर्ताओ ने माँ शारदे के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वल कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बैठक में जिला प्रभारी नोरंग सहाय भारतीय ने ब्लाक वार वृत लिया, नोरंग सहाय ने इस अवसर पर ब्लाक प्रभारी भी नियुक्त कर उन्हें ब्लॉक के हर तरह की चिंता व संगठन को और अधिक मज़बूत करने के निर्देश दिये अपने उधद्बोधन में बताया कि वर्तमान सत्र श्रद्धेय जयदेव जी पाठक की जन्म शताब्दी वर्ष है इस वर्ष में संगठन का व्यापक विस्तार कर राजस्थान के प्रत्येक विद्यालय तक पहुंचना है । इस हेतु प्रत्येक पी ई ई ओ और यू सी ई ई ओ मे दो पुरुष एवं एक महिला की कार्यकारिणी बनाकर संकुल रचना के रूप में तैयार करवानी है द्य बैठक में प्रदेश कार्यकारणी सदस्य चंचल कुमार शर्मा ने आगामी हिंदू नव वर्ष पर प्रत्येक विद्यालय में प्रार्थना सभा में नव वर्ष का विषय लेने का आग्रह किया और मूल संगठन के द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सभी उपशाखाओं और जिला शाखा के पदाधिकारी से भाग लेने का आग्रह किया । प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र शर्मा ने बड़ी संख्या में सावलिया सेठ में आयोजित संगठन के प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन में पहुंचने पर सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया । बैठक में जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी के द्वारा आगामी 14 अप्रैल को समरसता दिवस मनाने का आह्वान किया द्य साथ ही प्रयागराज में आयोजित कुंभ को समरसता का सच्चा उदाहरण बताया द्य जिला शाखा के राजेश शर्मा ने वृक्षारोपण के विषय पर प्रकाश डाला और सभी से आह्वान किया कि प्रतिवर्ष किया जाने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रम में वृक्षारोपण उपरान्त वृक्षों की सार संभाल की जिम्मेदारी भी हमें लेनी चाहिए ।

बैठक के अंत में जिलाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी के द्वारा सभी विषयों को समाहित करते हुए आगामी समरसता दिवस पर उप शाखा स्तर पर आयोजित करने का आह्वान किया जिसमें 1 नोरंग सहाय के निर्देश पर शिक्षक संबंधित परिवेदनाओ का संकलन किया गया, परिवदेनाओ को संबंधित स्तर पर निस्तारण करने का आस्वाशन दिया गया 1 बैठक में नोवरंग सहाय, चंचल कुमार शर्मा, देवेंद्र शर्मा, राजेंद्र तिवारी,भूपेंद्र जायसवाल, अनंत जैन, हिमांशु शर्मा, प्रदीप मीना, गोबिंद जैन, सुनील छीपा, सूर्य प्रकास शर्मा, सुभाष शर्मा, योगेश यादव, शेर सिंह मीना, ओम प्रकाश सैनी, प्रेम जाट, नरेंद्र पुष्पद, राजेंद्र खंडेलवाल,हुकुम सिंह, कामिनी शर्मा, सीमा मीणा आदि ने भी अपने विचार रखे द्य बैठक का संचालन जगरूप सिंह के द्वारा किया गया।

जिले में करीब एक लाख किसानों की बनी फार्मर आईडी

अलवर जिले मे नवाचार के रूप मे फार्मर आईडी के साथ-साथ किसानो को अन्य विभागीय योजनाओ का दिया जा रहा है लाभ

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों को सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे किसान रजिस्ट्री शिविर में आज जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित हुए जिसमें अब तक 99618 किसानों की आईडी बनाई गई एवं 102472 किसान केवाईसी तथा 99618 किसान भूमि सत्यापन किए गए। इस दौरान उपस्थित किसानों को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित कराया गया। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि किसान रजिस्ट्री शिविरों में अब तक जिले की तहसील क्षेत्रों में 99618 किसानों की आईडी बनाई गई तथा अलवर जिले में जिला प्रशासन द्वारा नवाचार करते हुए इन शिविरों में केंद्र व राज्य सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ भी किसानों को दिया जा रहा है जिसके तहत उक्त शिविरों में 29087 आयुष्मान कार्ड बनाए गए, 2315 पीएम सूर्यघर बिजली, 3460 लोगों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भौतिक सत्यापन, 3393 मृदा कार्ड वितरित किए गए, 1309 फसल बीमा वितरण, 6403 मंगला पशु बीमा व 2499 किसान क्रेडिट कार्ड वितरण, 12563 नरेगा फार्म भराए गए, 1026 जन्म-मृत्य प्रमाण पत्र बनाए गए, 1529 पीएम आवास योजना रजिस्ट्रेशन, 351 किसान कार्ड वितरण व अन्य, 778 प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, 594 प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना एवं 233 अटल बीमा पेंशन योजना से जोड़ कर आमजन को लाभांवित किया गया।

संगीतज्ञ के सी नागपाल की स्मृति में संगीत संध्या 3 मार्च को कला भारती में

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। कला भारती के पूर्व संगीतज्ञ किराना घराना के श्री के सी नागपाल जी की 26वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि स्वरूप उनके शिष्य मम्मल खां , बनवारी लाल सैन व प्रकाश नागर एवं अलवर के संगीत प्रेमियों की ओर से अलवर के कलाभारती सभागार में शाम 6.30 बजे एक संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आमंत्रित कलाकारों में जयपुर से गायिका सुश्री लक्ष्मी राणा व गायक अक्षय निरंकारी के साथ तबले पर फतेह वारसी व अलवर के जफर अली संगत करेंगे। इस संगीत संध्या की अध्यक्षता बालहित शिक्षा समिति के अध्यक्ष बृज भूषण गुप्ता करेंगे, मुख्य अतिथि के रूप में मित्तल हॉस्पिटल के निदेशक डॉ0 एस सी मित्तल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शुभम हॉस्पिटल के निदेशक डॉ0 ओ पी अटल व जयपुर से संगीत समीक्षक कैलाश मीणा (सेवानिवृत्त अधिकारी पी डबल्यू डी) उपस्थित रहेंगे । इस अवसर पर अलवर के सभी संगीतज्ञ व संगीत प्रेमी उपस्थित रहेंगे । कार्यक्रम का संचालन गीतकार रामचरण राग करेंगे ।

दो बाइको में हुई खानपुर गांव के पास हाइवे पर भिड़ंत, दोनों बाइकों पर सवार तीन लोग घायल

दो को किया गंभीर हालत में धौलपुर रेफर

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। शहर में शनिवार को दिन में करीब दो बजे खानपुर मीणा गांव के पास दो बाइक की आपस में जोरदार भिड़ंत हुई है,जिसमें दोनों बाइको पर सवार तीन लोग घायल हुए है। सूचना पर पहुची एम्बुलेंस द्वारा सभी घायलों को बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सामान्य अस्पताल के चिकित्सक डॉ महेश गुप्ता ने बताया कि सड़क दुर्घटना में तीन घायलों को अस्पताल लाया गया। जिनमे से दो को गम्भीर हालत में धौलपुर भेजा गया है। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार सड़क दुर्घटना में प्रकाश पुत्र शिवसिंह मीणा निवासी खानपुर मीणा,गौरव पुत्र शेरसिह जाटव निवासी कौलारी,लोकेंद्र पुत्र महावीर जाटव निवासी कौलारी गंभीर घायल हुए है।

धौलपुर में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि का कहर

गेहूं की पकी फसल को नुकसान, शादी समारोहों में दावत का मजा हुआ किरकिरा

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। धौलपुर जिले में देर शाम को तेज बारिश के साथ कई जगह ओलावृष्टि हुई। सैंपऊ उपखंड क्षेत्र में महज 20 मिनट में ही जबरदस्त बारिश होने से शादी विवाहों में दावत के समय खलल पड़ गया। मेहमानों को दावत का मजा लेने की वजह बफे स्टॉल के ऊपर पड़े टीन शेडों के नीचे शरण लेते हुए देखा गया। उधर पकी हुई फसल पर बारिश और ओलावृष्टि के बाद नुकसान देखा जा रहा हैं। कई दिन से मौसम विभाग के द्वारा प्रदेश के कई जिलों में मौसम बिगड़ने की आशंका जताई जा रही थी, जो देर शाम को पूरी हो गई। सैंपऊ उपखंड क्षेत्र में सैंपऊ, तसीमों, सालेपुर, परौआ, लुधपुरा, रजौरा और कैंथरी में 20 मिनट तक जबरदस्त बारिश देखी गई है। वहीं धौलपुर शहर के साथ करीमपुर, जाकी, पुरैनी, कोलुआ, रतनपुर, विसायती पुरा, उमरारा सहित तमाम गांवों में चना और मटर के आकार से बड़े ओले गिरे हैं। ओलावृष्टि के बाद किसानों ने बताया कि उनकी पकी हुई फसल में नुकसान हुआ है। किसानों के द्वारा हाल में ही फसल को अंतिम पानी दिया गया है। ऐसे मे बारिश से गेहूं की फसल को नुकसान देखा जा रहा है। किसानों ने आशंका जताई है कि पानी के बाद हवा शुरू हो गई तो गेहूं की फसल खेतों में आड़ी गिर जाएगी। जिसका असर उत्पादन क्षमता पर पड़ेगा।

दावतों का मजा हुआ किरकिरा : शादी विवाह कार्यक्रमों में जब दावत का कार्यक्रम अपने चरम पर था उसी समय बारिश की शुरुआत हो गई देखते ही देखते लोग मैरिज होम ग्राउंड से सिमट कर बफे स्टाल के ऊपर पड़ी टीन शेडों के नीचे आ गए। जैसे तैसे कर लोग बारिश से बचने के लिए टीन के नीचे शरण लिए रहे। 20 मिनट के बाद जब बारिश बंद हुई तब जाकर फिर से दावत कार्यक्रम शुरू किए गए। गांवों में टेंट के नीचे चल रही दावतों में तेज बारिश से रंग में भंग पड़ गया और पूरा कार्यक्रम ही अस्त व्यस्त हो गया। बारातियों के दावत का मजा लेने से पहले ही दावत का मजा किरकिरा हो गया।

शादियों के चलते शहर में दिनभर रहे जाम के हालात, ट्रैफिक पुलिस नहीं संभाल पाई व्यवस्था

गर्ल्स स्कूल के पास लगा लंबा जाम, परेशान हुए स्कूली बच्चों के साथ आमजन



बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। शहर में जाम के हालात आए दिन लोगों को परेशान कर रहे हैं । ताजा मामला बालिका विद्यालय के ठीक सामने का है जहां फुटपाथ पर अतिक्रमण और वाहनों की पार्किंग से यह स्थिति पैदा हो गई है। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस भी पूरा एक्शन नहीं ले पा रही और वाहन चालकों के साथ शहर के आमजन परेशान है। जानकारी के अनुसार बाड़ी शहर में सड़क के दोनों तरफ जो फुटपाथ है उसे पर या तो ठेल-ढकेल वालों का कब्जा है या फिर निजी वाहनों की पार्किंग होती है। निजी होटल और बैंक परिसरों के आसपास भी यही स्थिति बनी हुई है। किसी भी होटल या मैरिजहोम में पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं है। इसके चलते वाहनों को सड़क पर खड़ा कर दिया जाता है। इसके चलते धीरे-धीरे हालात ऐसे पैदा हो जाते हैं कि यदि दो बड़े वाहन सड़क पर आमने-सामने हो जाये तो जाम लग जाता है। इसके चलते ही आज सुबह 09 से 10 बजे तक करीब एक घंटे जाम के हालात पैदा हो गए। ऐसे में जाम में फंसे वाहन चालक और स्कूली बसों में बैठे बच्चे परेशान नजर आए। बाड़ी ट्रैफिक इंचार्ज गोविंद सिंह ने बताया कि शहर में जाम नही लगे इसको लेकर अलग-अलग प्वाइंटों पर ट्रैफिक कर्मियों को तैनात किया हुआ है।

भारत विकास परिषद् का होली मिलन समारोह एवं वार्षिक चुनाव 08 मार्च को

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। भारत विकास परिषद अलवर शाखा द्वारा होली मिलन समारोह शनिवार, 08 मार्च 2025 की शाम 7 बजे स्वामी विवेकानन्द महिला स्वावलम्बन केन्द्र, 10 वैशाली नगर विस्तार, अपना घर आश्रम , अलवर के पास आयोजित किया जाएगा । यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक गिरीश गुप्ता ने बताया कि होली मिलन समारोह को धूमधाम से मनाए जाने हेतू तैयारियों को लेकर आज रविवार 2 मार्च 2025 को एक महत्त्वपूर्ण मीटिंग का आयोजन मित्तल हॉस्पिटल में किया गया । मीटिंग में कार्यक्रम संयोजक गिरीश गुप्ता एवं समस्त टीम सदस्यो जिनमे विनोद अग्रवाल, सँध्या अग्रवाल, डॉ एस के गर्ग, रेणु गर्ग, आलोक जैन , शिखा जैन ने भाग लिया तथा सभी तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई जिसमे यह तय किया गया कि पानी की कमी क देखते हुए होली चन्दन तिलक एवं फूलो की पंखुडियो से खेली जायेगी साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी परिषद् सदस्यों द्वारा ही प्रस्तुत करवाया जाएगा ! सत्र 2025 - 26 हेतु वार्षिक चुनाव की प्रक्रिया भी अधिकारियो द्वारा होली मिलन समारोह से पूर्व ही करवाई जायेगी ।

परिषद् अध्यक्ष सुरेश कुमार गोयल, सचिव राधेश्याम , कोषाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों की मीटिंग दिनांक 18 फ़रवरी 2025 को स्वामी विवेकानन्द स्मारक हॉल में आयोजित की गयी थी जिसमे यह तय किया गया कि भारत विकास परिषद् अलवर शाखा का होली मिलन समारोह दिनांक 08 मार्च को आयोजित किया जाएगा तथा इस कार्यक्रम के संयोजक गिरीश गुप्ता होंगे सहयोगी टीम में सदस्यों में यामिनी (मीना) गुप्ता, विनोद अग्रवाल, सँध्या अग्रवाल, डॉ एस के गर्ग, रेणु गर्ग, आलोक जैन , शिखा जैन, घनश्याम अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, अरुण बंसल, सोनिया बंसल, श्याम सुन्दर अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, संजय गुप्ता, रिंकी गुप्ता होंगे।

शेलोम इंग्लिश स्कूल में मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

बढ़ता राजस्थान

राजगढ़/अलवर(राजकुमार गुप्ता)। शेलोम इंग्लिश सेकेंडरी स्कूल, राजगढ़ में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर 28 फरवरी को विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के संस्था प्रधान डॉ. जोसेफ राज के मार्गदर्शन में विद्यालय के बच्चों ने वर्गवार विभिन्न मॉडल जैसे कि ह्यूमन बॉडी सिस्टम, वर्किंग मॉडल द हार्ट, वेस्ट मैनेजमेंट, वैक्यूम क्लीनर, टाइप्स ऑफ़ मोशन, इलेक्ट्रिसिटी जनरेटर, स्मार्ट सिटी, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, रेनवाटर प्यूरीफिकेशन, न्यूटन्स क्रैडल, पॉल्यूशन, वोल्कानो इरप्शन, वर्किंग मॉडल ऑफ़ किडनीज, पेरिस्कोप, माइक्रोस्कोप, वर्किंग मॉडल ऑफ़ चंद्रयान 3, सोलर एनर्जी, सोलर सिस्टम, ब्लड सर्कुलेटरी सिस्टम, मॉडल ऑफ़ एनिमल सेल, वाटर साइकिल, न्यूटन एस थर्ड लॉ वाटर टरबाइन सिस्टम और विंडमिल पैटर्न ऑफ़ एग्रीकल्चर इत्यादि को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. जोसेफ राज ने बच्चों को विभिन्न वैज्ञानिक उपलब्धियों के बारे में बताते हुए बच्चों को नये - नये प्रयोगों के बारे में बताया और उनके मॉडल्स में नये इंप्लीमेंट्स के निर्देश दिए। इस आयोजन में विद्यालय परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे।

अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन ने लिया संज्ञान सदर थाने में दर्ज हुआ दहेज का मामला,पति व ससुर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। रविवार को अंतरराष्ट्रीय मानवधिकार सुरक्षा संगठन की जिलाध्यक्ष तुलसी सोनी व जिला सचिव ज्योति अलग पहुँची सदर थाने। कई दिनों से महिला उत्पीड़न मामले में सुनवाई नही हो रही तो किसी के माध्यम से पीड़िता को इनकी जानकारी लगी ऐसे में रविवार को सदर थाने में मारपीट व दहेज का मामला दर्ज करवाया व उचित कार्यवाही करने का आव्हान किया। मामला केसरपुर गांव का है जहां पीड़िता ने इनसे गुहार लगाई थी। ऐसे में मानवाधिकार सुरक्षित रखने के संदर्भ में पुलिस ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया।

21 वीं सदी भारत और भाजपा की है, कर्तव्यनिष्ठा से इसे संवारते रहें

- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने 'विचार संगम' कार्यक्रम को सम्बोधित किया
- पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के अलावा शहर के प्रबुद्धजन भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि 21वीं सदी भारत की और भाजपा की है। हम कर्तव्यनिष्ठा के पथ पर चलते हुए इसे संवारते रहें। भारत का समय आ गया है, भारत एक नया स्वरूप लेने जा रहा है। त्रिवेदी रविवार को यहां केरियर पॉइंट ऑडिटोरियम में भाजपा कोटा शहर की ओर से आयोजित विचार संगम कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। इसी क्रम में राष्ट्रीय प्रवक्ता ने आगे कहा- भारत मां अंगड़ाई लेती, सुप्त चेतना जाग रही, ऋषि मुनियों की देव धरा से, अपना रूप संवार रही।उन्होंने संदेश देते हुए कहा कि, हमें गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर भविष्य को संवारना है। स्वर्णिम भविष्य हमारी प्रतीक्षा कर रहा है। हमें अपना वर्तमान कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से पूरा करना है। गौरवशाली राष्ट्र निर्माण की दिशा में बढ़ते चलना है।

भाजपा सरकारों ने ही विश्व को भारत की क्षमता से परिचित कराया : सुधांशु त्रिवेदी ने कहा भारत को कमजोर राष्ट्र समझने वालों को भारत की क्षमताओं से भाजपा सरकारों में ही परिचय करवाया गया। अटलजी की सरकार में पोखरण परमाणु विस्फोट कर हमने विश्व स्तर पर स्वाभिमान पाया और मजबूत राष्ट्र की नींव रखी तो मोदीजी के शासन में। सर्जिकल स्ट्राइक कर अपनी सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता प्रगट करते हुए भारतीय सीमाओं को मज़बूत बनाया।मोदीजी के नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद पर पूरी तरह काबू पाया है। पहले जब तब आतंकी आते थे, बम धमाके करके चले जाते थे। मोदीजी के नेतृत्व में हम पड़ोसियों को हैसियत में रहना सिखा सकते हैं। यह प्रमाणित किया, अब समय बदल गया है।भारत को कोई सताने की हिम्मत नहीं कर सकता है।

कार्यक्रम में ये भी रहे मौजूद : कार्यक्रम में संभागीय मीडिया प्रभारी अरविंद सिसोदिया, सोशल मीडिया प्रकोष्ठ के मयंक सेठी, एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अशोक मीणा, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह खींचीं, देवेन्द्र राही, जिला मंत्री राजेन्द्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश हरचंदानी, कुलदीप सिंह तलवार, शैलेन्द्र ऋषि आदि पदाधिकारी कार्यकर्ता व शहर के प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। प्रारम्भ में त्रिवेदी के आयोजन स्थल पर पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

टुकड़े-टुकड़े बांटने वाले भी संगम में गए

त्रिवेदी ने भारतीय समाज को बांटने वाली राजनीती पर कटाक्ष करते हुए कहा-कुम्भ में बहुत पानी बहा, टुकड़े-टुकड़े बांटने वाले, गंगा, जमुना, सरस्वती के संगम में गए। देश के 66 करोड़ लोगों ने बिना किसी भेदभाव के महाकुम्भ में स्नान किया। यह संख्या मतदान करने वालों से भी 2 करोड़ अधिक थी। उन्होंने कहा भारतीय संस्कृति एकात्म है। यहां विविधता में एकता है, इसे कोई नहीं तोड़ सकता। यह एकात्म ही रहेगी।

परिवारवाद को ऐसे लपेटा

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने आगे परिवारवाद पर कटाक्ष करते हुए कहा –2047 में भाजपा का अध्यक्ष कौन होगा, कोई नहीं बता सकता है, क्योंकि भाजपा का कोई कार्यकर्ता ही अध्यक्ष होगा।? दूसरी ओर, कांग्रेस सहित अन्य परिवारवादी दलों का 2047 में कौन अध्यक्ष होगा, यह कोई भी बता सकता है कि वह उन्हीं के परिवार से होगा। उन्होंने कहा, भाजपा में नेतृत्व नैसर्गिक रूप से विकसित होता है, उभरता है और नेता बनता है, किन्तु कांग्रेस में व्यक्ति को पदासीन कर उसे नेता बनाया जाता है।

राजस्थान के लिए गौरव की बात कि दोनों सदनों के सभापति यहीं से

त्रिवेदी ने कोटा की चर्चा करते हुए कहा, आज कोटा भाजपा संगठन की ऊर्जा और गतिशीलता के साथ-साथ एक अलग स्पंदन महसूस कर रहा है। वह है विश्व के सबसे बड़े लोकतान्त्रिक देश भारत की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा का अध्यक्ष ओम बिरला जी का होना। उन्होंने कहा कि राजस्थान के लिए भी यह गौरवपूर्ण अवसर है कि भारत की संसद के दोनों सदनों के सभापति राजस्थान से हैं।

इन्होंने भी किया सम्बोधित

इस दौरान भाजपा विधायक संदीप शर्मा व राजस्थान रेडक्रॉस सोसायटी के राजस्थान अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला ने भी सम्बोधित किया। भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने कोटा में जनसंघ और भाजपा के इतिहास की जानकारी दी। इसके बाद स्थानीय सांसद व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के द्वारा किए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। इसी के साथ राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी का भी विस्तृत परिचय दिया।

रामगंजमंडी में आयोजित हुआ सेवा भारती का सांस्कृतिक कार्यक्रम, बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने मोहा

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। रामगंजमंडी के अग्रसेन अतिथि गृह में सेवा भारती संस्थान की ओर से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। संस्थान के रामगंजमंडी प्रभारी विजय शाह, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रहलाद बैंसला, मुख्य अतिथि शिव भगवान अग्रवाल और जिला अध्यक्ष मनोज मलिक ने दीप प्रज्वलित किया। छोटी बालिकाओं ने सरस्वती वंदना और मंगलाचरण से कार्यक्रम की शुरुआत की। इस आयोजन में बच्चों ने विभिन्न रोचक प्रस्तुतियां दीं। प्यारो प्यारो लागे म्हारो राजस्थान की प्रस्तुति ने वातावरण को ऊर्जावान बना दिया। एक छोटे बालक ने जोशीले हावभाव से परेड करते हुए मां तुझे सलाम गीत की प्रस्तुति दी। दो बालिकाओं ने जयपुर की सैर पर मनमोहक प्रस्तुति दी। स्माल स्केल स्टोन इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष प्रहलाद बैंसला ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अल्प समय में बच्चों द्वारा तैयार की गई प्रस्तुतियां सराहनीय हैं। उन्होंने स्माल स्केल स्टोन इंडस्ट्रीज की ओर से सेवा भारती को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में अशोक अहीर, ललित पल्लीवाल, देवेंद्र जैन, महावीर जैन, निलेश जैन और श्वेता जैन का सक्रिय सहयोग रहा।

नैसर्गिक दीक्षा महोत्सव में दीक्षार्थियों का संयमित जीवन प्रारम्भ

आचार्य प्रज्ञा सागर मुनिराज ने दी क्षुल्लक-क्षुल्लिका दीक्षाएं, मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा-जिस धरती पर संत विराजते हैं, वह तपोभूमि बन जाती है

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। वैराग्य और त्याग की अनूठी परम्परा के तहत रविवार को नैसर्गिक दीक्षा महोत्सव में दीक्षार्थियों ने अपने सांसारिक जीवन का परित्याग कर संयमित जीवन की दिशा में कदम बढ़ाया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मुख्य अतिथि रहे। मुख्य संयोजक यतीश खेडावाला ने बताया कि पुष्पगिरि तीर्थ प्रणेता 108 पुष्पदंत महाराज के आशीर्वाद एवं तपोभूमि प्रणेता आचार्य प्रज्ञा सागर जी मुनिराज की प्रेरणा से तीन दीक्षार्थियों ने मोक्ष मार्ग की ओर पहला आधिकारिक कदम रखा। केशलोच क्रिया द्वारा दीक्षा संस्कार प्रारंभ हुआ। ब्रह्मचारी देवेन्द्र भैया जी (सूरत) को क्षुल्लक दीक्षा ब्रह्मचारिणी मीना दीदी (उज्जैन) और ब्रह्मचारिणी प्रेमलता दीदी (इंदौर) को क्षुल्लिका दीक्षा विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार से गुरुदेव प्रज्ञा सागर ने दी। कार्याध्यक्ष जेके जैन ने बताया कि विधायक संदीप शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जैन, भाजपा नेता पंकज मेहता, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रविन्द्र त्यागी, अंकित जैन व प्रवीण जैन मौजूद रहे। गोविंद माहेश्वरी ने इस अवसर पर सतगुरु ने जीना सीखा दिया, गीत सुनाया। मुख्य अतिथि बिरला सहित सभी अतिथियों ने अल्पसंख्यकों की योजनाओं के पोस्टर का भी विमोचन किया। इस क्रम में सोमवार को गुरु पूजन,आहार चर्या एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

ये बने पुण्यार्जक : संयोजक जेके जैन ने बताया कि इस अवसर पर गुरुदेव की आरती का सौभाग्य प्राची रूपेन हुमड़, खुशबू, अर्पित सर्राफ, मनीषा, हेमन्त सेठी इंदौर, पाद प्रक्षालन रत्न एवं रजत पुष्प द्वारा तथा चित्र अनावरण व दीप प्रज्वलन मनोज-नेहा, आशीष, प्रज्ञम, जैसवाल परिवार, शास्त्र भेंट प्रथमानुयोग अशोक जैन, कुरुणानुयोग राजीव, संजीव सूरत वाले, चरणानुयोग शिखर चंद कासलीवाल जयपुर, द्रव्यानुयोग कमल अजमेरा झालरापाटन, स्वर्ण कलक्ष द्वारा पाद प्रक्षालन महावीर प्रसाद, विकास अजमेरा परिवार, केसर द्वारा मोहन लाल, कैलाश,नयतीश खेड़ा परिवार, जगदीश, त्रिलोक जिन्दल परिवार तथा पिच्छी प्रदान करने का सौभाग्य कमला बाई, लोकेश सीसवाली परिवार को प्राप्त हुआ।

मुनि दिखाते हैं जीवन की राह

मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने अपने सम्बोधन में कहा कि जिस धरती पर संत विराजते हैं , वह तपोभूमि बन जाती है। आचार्य श्री 108 प्रज्ञा सागर महाराज की कृपा से कोटा में आज का दिन दिव्य, अद्भुत व स्मरणीय बन चुका है। संतों के तप व त्याग का लाभ समाज को सदैव प्राप्त होता आया है।मुनियों ने इस संसार को दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर स्वामी के विचार आज भी मनुष्य को जीवन जीने की राह राह दिखा रहे हैं। जैन दर्शन के सिद्धांत व नियम मनुष्य के पथ प्रदर्शक हैं। आज विश्व को महावीर के संदेशो की आवश्यकता है।

कोटा में 5 लड़कियां लापता, शिक्षा मंत्री बोले- वापस नहीं भेजा तो आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलेगा, बेटियों के मामले में सहन नहीं करेंगे

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। जिले के सुकेत थाना इलाके में पिछले 8 दिन में 5 लड़कियों के लापता होने के मामले में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बुलडोजर चलाने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा- लड़कियों को लेकर जाने वाले गुंडों, कान खोल कर सुन लो, अगर लड़कियों को वापस उनके घर नहीं भेजा तो गुंडागर्दी सहन नहीं की जाएगी। ऐसे गुंडों के घर पर बुलडोजर चलेगा और सख्ती से कार्रवाई होगी। दरअसल, रामगंजमंडी विधायक और प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर शनिवार रात को 11 बजे सुकेत पहुंचे थे। इस दौरान कुछ परिवारों ने मंत्री को बेटियों के लापता होने की शिकायत की। इस पर मंत्री ने फौरन सुकेत एसएचओ छोटू लाल से मामले के बारे में पूछा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- सुकेत में मैंने राजकीय कन्या महाविद्यालय दिया, ताकि अपनी बहन-बेटियां पढ़कर कुछ अच्छी काबिल ऑफिसर बने। हिन्दू की बेटी, हो या मुसलमान की बेटी, किसी की इज्जत पर हाथ डाला तो मेरे से बुरा कोई नहीं होगा। बेटियों की सुरक्षा करना हम सब का जिम्मा है। अगर ऐसा ही चलता है तो सुकेत के कन्या महाविद्यालय को या तो अन्य जगह शिफ्ट करेंगे या निरस्त करूंगा।

डीएसपी को फोन कर दिया निर्देश : दिलावर ने मौके से ही डीएसपी घनश्याम मीणा को फोन किया और कहा- गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं होगी। 5 दिन के अंदर सभी लड़कियां इनके घर पहुंचनी चाहिएं। चाहे 2 टीम लगाओ या पुलिस की 20 टीमें। इस दौरान मंत्री दिलावर ने कहा- ऐसा कृत्य करने वाले हिन्दू हो या मुसलमान, बेटियों के मामले में सहन नहीं करेंगे। लड़कियों को लेकर जाने वाले गुंडों के घर वाले भी कान खोल कर सुन लें। लड़कियों को उनके घर पहुंचा दो, नहीं तो बख्शा नहीं जाएगा। बुलडोजर चलाना पड़ा तो वह भी चलाएंगे। पुलिस भी सारे काम छोड़ कर इन मामले में लगे। मुझे लापता हुई लड़कियां चाहिएं।

सख्त कार्रवाई की जाएगी, 5 टीमें बनाई : इस मामले में डीएसपी घनश्याम मीणा ने कहा- सुकेत थाने में लड़कियों के सम्बंध में गुमशुदगी दर्ज हुई है। लापता बालिकाओं को ढूंढने के लिए 5 टीमें बनाई गई हैं। साथ ही जो पीड़ित परिवार गुमशुदगी दर्ज करवाना चाहता है, वो थाने पहुंचे। पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

लड़कियों के लापता होने के 5 मामले आए : एसएचओ छोटू लाल ने बताया- पहला मामला 22 फरवरी को आया था। बाजार क्षेत्र से एक लड़की लापता हुई थी।

इसके बाद सुकेत के ग्रामीण क्षेत्र से 25 फरवरी को एक लड़की के लापता होने गुमशुदगी दर्ज हुई। 27 फरवरी को भी जुल्मी में बालिका के लापता होने का मामला सामने आया। 1 मार्च को सुकेत से 2 लड़कियों के लापता होने का मामला सामने आया। 5 में से 2 लड़कियां नाबालिग हैं।

निःशुल्क सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में 30 जोड़े गठबंधन में बंधे

मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। इनरव्हील ज्योत्सना सोसाइटी कोटा एवं इनरव्हील क्लब ऑफ कोटा के तत्वावधान में तेरहवां निः शुल्क सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन रविवार को आयोजित किया गया।अध्यक्ष चारू जैन ने बताया कि इसमें 30 जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मुख्य अतिथि थे। प्रांत 305 की प्रांतीय अध्यक्ष स्वाति गुप्ता कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि रहीं। बिरला ने अपने सम्बोधन में कहा कि समाज में ऐसे आयोजन न केवल सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित होते हैं। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय दाम्पत्य जीवन की मंगलकामना की।

संस्था का समाज सेवी प्रयास : संस्थान की अध्यक्ष चारू जैन एवं सचिव डॉ. नीता जैन ने बताया कि संस्था द्वारा वर्षों से यह पुनीत कार्य किया जा रहा है, जिससे समाज में एक मिसाल कायम हो रही है। प्रोजेक्ट चेयरमैन पूनम गोयल व किरण अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नवविवाहित जोड़ों को अपना शुभाशीष प्रदान की। कार्यक्रम संयोजक निशा जैन, डॉ.आरती गर्ग, रेनू पालीवाल, जयश्री जोलिया, नीरजा कोहली, अंजली शर्मा, मीनू परियानी, सावित्री खण्डेलवाल, अंजली अग्रवाल व सुषमा जैन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन सुनीता जोली व अर्चना अग्रवाल ने किया। पीडीसी पुष्पा गुप्ता व अनिता गर्ग भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं।

नवदम्पतियों को मिली कन्यादान सामग्री : सचिव डॉ. नीता जैन ने बताया कि समिति द्वारा सभी नवविवाहित जोड़ों को कन्यादान स्वरूप बहुमूल्य उपहार भेंट किए गए। इनमें सोने की लौंग, चांदी की पायल एवं बिछिया, अंगूठियां, मंगलसूत्र, ज्वैलरी सेट, लहंगा, सफारी सूट, अलमारी, पलंग, सात जोड़ी कपड़े, बर्तन और घरेलू उपकरण शामिल थे।इस प्रकार प्रत्येक जोड़े को नए जीवन की शुरुआत के लिए कुल 101 दैनिक उपयोग की वस्तुएं प्रदान की गईं।

कार्यक्रम की प्रमुख झलकियां : निशा जैन व नीरजा कोहली ने बताया कि समारोह की शुरुआत सुबह 9 बजे शीतला माता मंदिर, न्यू कॉलोनी से बारात निकासी के साथ हुई। इसके बाद रोटरी बिनानी सभागार में दूल्हों का पारम्परिक स्वागत किया गया। दोपहर 11.30 बजे वरमाला कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे सभी जोड़ों का सामूहिक रूप से पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न हुआ। विवाह के उपरांत सभी जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र दिए गए।

इन स्थानों से आए जोड़े

नीरजा कोहली ने बताया कि बारां, झालावाड़, ककरवादा, पीपल्दा, इटावा, अंता, केशवरायपाटन, लाडपुरा, आवली रोजड़ी, दिगोद, टोंक व बूंदी के जोड़ों का इसमें हिन्दू रीति रिवाज से विवाह हुआ।

हवा भरते समय जेसीबी का टायर फटा ड्राइवर 10 फीट ऊपर उछलकर नीचे गिरा अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। बूंदी जिले के दरा का नया गांव इलाके में जेसीबी के ड्राइवर की टायर फट जाने से मौत हो गई। जेसीबी ड्राइवर पवन जेसीबी के टायर में हवा भर रहा था। इस दौरान टायर फट जाने से पवन करीब 10 फीट ऊपर उछलता हुआ नीचे गिरा। इसके सिर में टायर के लोहे के कड़े से टकराने से गम्भीर चोट आई। इस पर इसे पहले बूंदी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। मगर यहां से इस कोटा के निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान इसकी मौत हो गई। कम्पनी के इंजीनियर राजकुमार ने बताया कि जेसीबी ड्राइवर पवन जेसीबी के पंचर टायर में हवा भर रहा था। इस दौरान टायर में ब्लास्ट हो गया और पवन 10 फीट ऊपर तक हवा में उछलता हुआ नीचे गिरा।

कोयला बंकर में गिरने से मजदूर के शरीर के चीथड़े उड़े, मुआवजे की मांग पर अड़े साथी

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। शहर के कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र के सुपर थर्मल पावर प्लांट में बने कॉल हेंडलिंग प्लांट के बंकर के अंदर एक ठेका श्रमिक हेमराज गोस्वामी के गिर जाने से उसकी बेहद दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में मजदूर के शव के टुकड़े-टुकड़े हो गए। इस मामले में ठेका कर्मचारियों ने थर्मल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची कुन्हाड़ी थाना पुलिस ने शव के टुकड़ों को एमबीए हॉस्पिटल के पोस्टमॉर्टम रूम में रखवाया। ठेकाकर्मी थर्मल के गेट पर मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कुन्हाड़ी थाना अधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया कि मृतक हेमराज गोस्वाल (45) निवासी अरनिया, थाना बपावर, जिला कोटा ग्रामीण का रहने वाला था। यह कोटा में रह कर थर्मल पावर हाउस में ठेकेदार के पास मजदूरी करता था। यहां कोयला पीसने के क्रेशर में गिर जाने से उसकी मौत हो गई। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

सायबर ठगी के आरोप में 17 जने गिरफ्तार, फसल की आड़ में छुपकर करते थे ठगी

जुरहरा थानाधिकारी अमित कुमार की बड़ी कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

जुरहरा/ डीग/भरतपुर (रेखचन्द्र भारद्वाज)। स्थानीय थाना पुलिस ने साइबर ठगों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए खेतों में फसल की आड़ में छुपकर ठगी करने के आरोप में 17 जनों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 23 एंड्रॉयड मोबाईल फोन, 34 फर्जी सिम कार्ड, 6 फर्जी ए.टी.एम. कार्ड व सायबर ठगी से अर्जित रकम से खरीदी गई कुल 6 बाइकों को जब्त किया गया है। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी सोशल मीडिया पर लडकी की फर्जी आई.डी. बनाकर अनजान लोगों से सम्पर्क कर उनको विडियो कॉल कर और उनकी नग्न विडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे। आरोपी लहंगा, साडी, लेपटॉप, गाय-भैंस, गाडी व नकली सोने जैसी पीतल की ईंटो को सस्ते दामों में बेचने का विज्ञापन डालकर अनजान लोगों से डिलेवरी चार्ज के रूप में रूपये प्राप्त कर सायबर ठगी की वारदातों को अंजाम देते थे। जुरहरा थानाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि शनिवार को रैंज स्पेशल टीम, जिला स्पेशल टीम एवं थाना जुरहरा पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए ग्राम समधारा के जंगल में पेड़ों के झुरमुट व खडी फसल की आड में बैठकर सायबर ठगी कर रहे मुल्जिमान 1. शाहरूख पुत्र आसीन जाति मेव निवासी ग्राम नौगावां थाना जुरहरा, 2. सोहिल पुत्र शेर मौहम्मद जाति मेव निवासी ग्राम जुरहरी थाना जुरहरा, 3. साजिद पुत्र सुलेमान जाति मेव निवासी ग्राम छज्जू खेडा थाना सीकरी, 4. शौकीन पुत्र सल्लू जाति मेव निवासी ग्राम उंचेडा थाना जुरहरा, 5. मुस्तकीम पुत्र कीडू जाति मेव निवासी ग्राम भीलमका थाना कोतवाली डीग, 6. मनीष कुमार पुत्र महेश जाति जाटव निवासी ग्राम दांदेडा थाना जुरहरा, 7.आदिल पुत्र सल्लू जाति मेव निवासी ग्राम उंचेडा थाना जुरहरा, 8.राशिद पुत्र अहमद जाति मेव निवासी ग्राम भंडारा थाना जुरहरा, 9. मुस्तफा पुत्र सम्पत जाति मेव निवासी ग्राम भंडारा थाना जुरहरा, 10. सोहिल पुत्र इदरीश जाति मेव निवासी ग्राम नन्देरा थाना कामां, 11.निसार पुत्र युनुस जाति मेव निवासी ग्राम नन्देरा थाना कामां, 12. कामिल पुत्र जमील जाति मेव निवासी समधारा थाना जुरहरा, 13.साबिर पुत्र सूबे खां जाति मेव निवासी समधारा थाना जुरहरा, 14. शकील पुत्र शौकत जाति मेव निवासी समधारा थाना जुरहरा, 15.साकीब पुत्र रमजान जाति मेव निवासी कावान का बास थाना खोह, 16. हैदर पुत्र याकूब उर्फ नक्का जाति मेव निवासी गांवडी थाना जुरहरा, 17. हन्नी उर्फ हनीफ पुत्र कासम जाति मेव निवासी गांवडी थाना जुरहरा को गिरफ्तार करते हुए मुल्जिमान के कब्जे से 23 एण्ड्रोईड मोबाइल फोन, 34 फर्जी सिम कार्ड, 6 फर्जी ए.टी.एम. कार्ड, 6 मोटरसाईकिलें व तलाशी में मिले 1170 रूपये जब्त किये गए हैं। थानाधिकारी ने बताया कि एक आरोपी खडी फसल की आड में भाग गया। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

खेत में पानी देते समय किसान के ऊपर गिरा 11केवी का बिजली तार

करंट से दोनों पैर झुलसे, जिला अस्पताल रेफर

बढ़ता राजस्थान

बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)। बयाना क्षेत्र थाना डांग के गांव तरसुमा (उपलला)में बिजली विभाग की लापरवाही से एक किसान हादसे का शिकार हो गया। गांव तरसूमा में रविवार सुबह करीब 10.30 बजे की घटना है। खेत में फसल की सिंचाई कर रहे धनीराम गुर्जर (55) के ऊपर 11 केवी की बिजली लाइन का तार टूटकर गिर गया। हादसे में धनीराम के दोनों पैर करंट से झुलस गए। परिजन उन्हें तुरंत बयाना के जिला अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें जिला आरबीएम अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस क्षेत्र में बिजली के तार काफी ढीले और नीचे लटके हुए हैं। उन्होंने कई बार डिस्कॉम प्रशासन को इसकी शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बिजली लाइनों की नियमित मेंटेनेंस न होने से इस तरह के हादसे लगातार बढ़ रहे हैं।

बिहारीजी मंदिर में गुलाल,फूलों की पत्तीयां व चंदन टीका लगाकर धूमधाम से मनाया होली फागोत्सव,

ठाकुरजी संग खेली, गीत-नृत्य से बृज की संस्कृति हुई साकार

बढ़ता राजस्थान

बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)। कस्बे के शिवगंज मंडी स्थित श्री बिहारी जी मंदिर में हर वर्ष की भांति इस बार भी होली फागोत्सव बड़े हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल के बीच मनाया गया। महोत्सव ने श्रद्धालुओं के लिए ठाकुर जी की कृपा और रंगों की भक्ति में सराबोर होने का अवसर प्रदान किया। बृज अंचल की लोक संस्कृति की झलक फागोत्सव में देखने को मिली। कार्यक्रम में बृज अंचल के प्रसिद्ध लोक कलाकार रविन्द्र कटारा गोवर्धन एवं बृज रसिक जगदीश बृजवासी ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वृंदावन से आए कलाकारों ने पारंपरिक फाग गायन और नृत्य के माध्यम से बृज की संस्कृति को जीवंत किया। वहीं श्रद्धालुओं ने भी जमकर गुलाल उड़ाते हुए होली की मस्ती में नाच-गाकर संगत प्रदान की। मंदिर प्रांगण में गुलाल और अबीर के रंगों से भक्तों का स्वागत किया गया। पूरे मंदिर परिसर को फूल मालाओं से सजाया गया। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और रंगीन हो उठा। इस दौरान इत्र वर्षा भी की गई।

मन्दिर महन्त पं. सतीश तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में कीर्तन मंडलियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी के होली उत्सव से जुड़े भजनों का गायन किया गया। ठाकुर जी के समक्ष अर्पित गुलाल और पुष्प वर्षा के बीच श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की। करीब 4 घंटे तक चले उत्सव में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा।

इस दौरान आयोजन समिति के शैलेन्द्र भावरा, दिनेश बंटी, प्रेमशंकर तिवारी, बृजेश तिवारी, लोकेश शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, रविशंकर उपाध्याय, खेमचंद भावरा आदि कई लोग मौजूद रहे।

विभिन्न मांगों को लेकर बैंक कर्मियों की 24-25 मार्च को राष्ट्रव्यापी हड़ताल

2
BANK EMPLOYEES FEDERATION OF INDIA
GENERAL COUNCIL MEETING
1 & 2 March 2025 Patna

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर(यतेन्द्र पाण्डेय)। बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक से जुड़े बैंक कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 24 व 25 मार्च को राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहने का आव्हान किया है ।बड़ौदा राजस्थान सेंट्रल एम्प्लाइज के अध्यक्ष ओंकार शर्मा ने बताया कि बैंक कर्मी राज्य स्तरीय ग्रामीण बैंकों के साथ भारतीय राष्ट्रीय ग्रामीण बैक को मौजूदा प्रायोजक बैंकों की तरह अलग रखने, रिक्त पदों पर नई भर्ती करने,पदोन्नति व सेवा नियमों व जनशक्ति मानदडों में संशोधन करने के अलावा अंशकालिक, आकस्मिक व दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का नियमतिकरण करने,वेतन सरंचना, अवकाश नियम,स्टाफ ऋण में पूर्ण समानता रखने,12 वें वेतन समझौता,जॉइंट नोट का उचित कार्यान्वयन,वेतन संशोधन वार्ता के लिये आरबीआई को शामिल करने,पेंशन,कम्प्यूटर वेतन वर्द्धि का उचित क्रियान्वयन करने,अनुकम्पा नियुक्ति योजना का क्रियान्वयन करने जैसी प्रमुख मांगों को लेकर हड़ताल पर रहेंगे । उन्होंने बताया कि हड़ताल से पहले 3 मार्च को युनाइटेड फॉर्म बैंक यूनियन के साथ 5 दिवसीय बैंकिंग कार्य सहित अन्य मांगों को लेकर संसद के समक्ष धरना दिया जाएगा ।

कर्मो का नहीं आसक्ति का करे त्याग- श्री हरि चैतन्य महाप्रभु

बढ़ता राजस्थान

जुरहरा/कामां /भरतपुर (रेखचन्द्र भारद्वाज)। तीर्थराज विमल कुण्ड स्थित श्री हरि कृपा आश्रम के संस्थापक एंव श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व विश्व विख्यात संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि हमें संसार या कर्मों का त्याग नहीं करना चाहिए बल्कि आसक्ति का त्याग करना चाहिए। आसक्ति रहित पुरुष की प्रत्येक क्रिया स्वार्थहीन होती है जिससे उसके आचरण में प्रेम व दया का भाव विकसित होता है। भोगों की इच्छा वाला व्यक्ति क्या अनर्थ नहीं कर सकता। राग व द्वेष सदाचार के लिए विधातक है। अतः साधक को सदैव इनसे बचना चाहिए। विषय लोलुप व्यक्ति के ना तो आचरण में ही सम्यक सुधार होता है तथा ना ही उसे कहीं शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि सद्भाव मुक्ति का व असद्भाव पतन का मार्ग है। यथासंभव व्यर्थ के उलझाव से बचने का प्रयास करें। सत्पुरुष कभी भी उदारता, दया व सुहृदयता का त्याग नहीं करते। चाहे उनके साथ कोई निष्ठुरता या अत्यंत निर्दयता का ही व्यवहार क्यों ना करें।

मुख्यमंत्री ने केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में किया भ्रमण, पर्यटकों के लिए सुविधा सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय) । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने भरतपुर दौरे के दौरान दूसरे दिन रविवार को सुबह केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में भ्रमण करने पहुंचे उद्यान में पक्षी व्यू प्वाइंट तक जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के साथ पैदल भ्रमण किया उद्यान में भ्रमण कर रहे देसी विदेशी पर्यटकों ने मुख्यमंत्री को अपने आप के बीच पाकर खुशी जाहिर की मुख्यमंत्री शर्मा ने पर्यटकों से आत्मीयता से बातचीत कर केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के संबंध में उनके अनुभव जाने। राष्ट्रीय उद्यान पक्षियों की प्रजाति की विविधता के लिए देश और विदेश में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। मुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए की यहां आने वाले पर्यटकों के लिए संचालित सभी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें, व्यू प्वाइंट स्थित केवलादेव शिव मंदिर में दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली और आमजन की सुख सुविधा की प्रार्थना की।

लिटिल जयशंकर टाईगर्स के कम उम्र में साउथ कोरिया के खेल में ब्लैक बेल्ट प्राप्त करने पर मुख्यमंत्री ने किया उत्साहवर्धन

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)। भरतपुर आगमन पर किला स्थित जयशंकर टाईगर शिक्षक एवं प्रशिक्षण संस्थान के राष्ट्रीय स्तरीय खिलाड़ियों से शिष्टाचार भेंट कर हौसला अफजाई की एवं राजस्थान के कम उम्र के साउथ कोरिया ओलंपिक खेल ताइक्वांडो में ब्लैक बेल्ट प्राप्त खिलाड़ी लिटिल टाईगर्स ऐश्वर्य शर्मा द्वितीय पुम ब्लैक बेल्ट एवं राम्या शर्मा प्रथम पुम ब्लैक बेल्ट का उत्साहवर्धन कर खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

भरतपुर जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव ने कहा कि खेल मूल रूप से जीवन का एक महत्वपुर्ण हिस्सा हैं। ये प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में एक अहम् भूमिका निभाता है। खेल और मार्शल आर्ट्स सांसारिक जीवन के तनाव को दूर करने तथा सकारात्मक ऊर्जा पैदा करने में मददगार हैं। ये दिमाग और शरीर को सक्रिय और बेहतर बनाये रखने में सहायक है, ये खिलाड़ियों को निर्णय लेने के लिए बेहतर समझ तथा किसी भी प्रकार के डर और असफलता पर काबू पाने में सक्षम हैं। वरिष्ठ समाजसेवी संतोष कटारा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को खेलों में भाग लेने के साथ-साथ इसे अपने करियर में चयनित करना चाहिए।

जयशंकर टाईगर क्लब के सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर ने कहा कि छात्रों को खेल के प्रति जागरूक करने के लिए संस्थानों में नियमित अभ्यास और फिटनेस कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए तथा उनके अभिभावकों को खेल के महत्व के बारे में जागरूक करना चाहिए। टाईगर क्लब जिले की बेटियों को सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित हो रहा है, विगत लंबे अरसे से टाईगर क्लब बेटियों में आत्मनिर्भरता पैदा करने में एक महती भूमिका अदा कर रहा है। इस मौके पर भरतपुर उपखंड अधिकारी राजीव शर्मा, भरतपुर जिला ताइक्वांडो संघ सचिव दीप्ति शर्मा, वरिष्ठ कुंगफू चैंपियन पवन पाराशर, वरिष्ठ जूडो चैंपियन पोहप सिंह जादौन, नेशनल यूनिवर्सिटी चैंपियन लवली माहोर, दीक्षा सिंह, राहुल जाटव आदि अन्य खिलाड़ी मौजूद रहे।

पूर्णाहुति के साथ चार दिवसीय अथर्ववेद परायण यज्ञ का समापन

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर(यतेन्द्र पाण्डेय)। आर्य समाज भुसावर में संचालित आर्ष कन्या गुरुकुल की ओर से आयोजित चार दिवसीय अथर्ववेद पारायण यज्ञ का समापन रविवार 2 मार्च को कर्नल सिरोही फरीदाबाद के मुख्य अतिथ्य, योगेन्द्र आर्य जयपुर की अध्यक्षता में गुरुकुल कॉगडी से यज्ञ ब्रह्मा डॉक्टर सत्यदेव निगमालंकार, मुख्य यजमान अरुण मित्तल राजेश गोयल विपिन बंसल ज्ञानचंद मित्तल की उपस्थिति में अथर्ववेद के 5977 मंत्रो के साथ संपन्न हुआ। पूर्णआहूति में आर्य समाज विचारधारा के विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य पदाधिकारी महिला पुरुष उपस्थित रहे।

मैं आत्मा हूँ

आर्ष कन्या गुरूकुल(संस्थापक)अधिष्टा हरिश्चंद्र शास्त्री यज्ञ ब्रह्मा सहित अन्य वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में अहम् ब्रह्मास्मि, मैं ब्रह्म हूँ अर्थात मैं आत्मा हूँ। इसका तात्पर्य मैं पदार्थ नहीं हूँ, मैं यह शरीर नहीं हूँ। इसलिए, वेदों के अनुसार, वास्तविक आत्मा शरीर नहीं है। शरीर से उनका तात्पर्य शरीर और जिसे हम मन कहते हैं, से है। ब्रह्म वेदों में पाई जाने वाली एक प्रमुख अवधारणा है, और प्रारंभिक उपनिषदों में इस पर विस्तार से चर्चा की गई है। वेदों में ब्रह्म को ब्रह्मांडीय सिद्धांत के रूप में माना गया है।

अथर्ववेद मैं क्या है-

वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा किअथर्ववेद की दो शाखों में से एक शाखा शौनक सहित का पहला मंत्र(त्रिशप्ता: परियन्ति विश्वा रूपाणि विभ्रत:) इसमे शांति-पुष्टि और अभिचारिक दोनों तरह के अनुष्ठानों का वर्णन , ब्रह्म की उपासना से जुड़े कई मंत्र , अनेक तरह की चिकित्सा पद्धतियां ग्रस्त आश्रम के अंदर पति-पत्नी के कर्तव्य और विवाह के नियम, औपचारी के अनुष्ठानों, के मंत्र सहित यह भजन ऑन उपचार सुरक्षा और समृद्धि जैसे कामों के लिए इस्तेमाल होने वाले मित्रों का संग्रह है। इस अवसर पर भजन उपदेशक उपेंद्र वेद पाठ सुमन शास्त्री सहित कन्या गुरुकुल की ब्रह्मचारिणी आचार्य प्रियंका आर्य सहित बयाना बल्लभगढ़ छोकरवाड़ा हिंडौन निठार , जुरहरा, कामां, डीग,भरतपुर के आर्य समाज कार्यकारी सदस्य सहित भुसावर आर्य समाज के संरक्षक विद्या दिनेश चंद पांडे अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद आर्य प्रकाश चंद आर्य सर्वनाम प्रसाद बड़ा ओम प्रकाश पंसारी कमलकांत शर्मा राजेश कुमार धर्मेंद्र मित्तल चंद्रप्रकाश आर्य बाबूलाल पांडे नित्यानंद शर्मा चेतराम मीणा सहित अनेक महिला पुरुष उपस्थित रहे।

जाट कर्मचारी वेलफेयर सोसाइटी के लोगों ने मनाया होली मिलन समारोह

चंदन टीका और गुलाल लगाकर दिया भाईचारे का संदेश

बढ़ता राजस्थान

बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)। बयाना में जाट कर्मचारी वेलफेयर सोसायटी ने रविवार को तहसील स्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन किया। ब्लॉक अध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष तेजवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित कर्मचारियों ने एक-दूसरे को चंदन टीका और गुलाल लगाकर भाईचारे का संदेश दिया।

जिलाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष हरपाल दादरवाल के निर्देशन का जिक्र करते हुए सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से वंचित लोगों को मुख्य धारा से जोड़ना जरूरी है। उनका मानना है कि शिक्षित व्यक्ति समाज और देश की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता हैकार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे गए। इनमें जाट गुरुकुल और कर्मचारी भवन की स्थापना, जरूरतमंद बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग सेंटर, सामाजिक छात्रवृत्ति, रक्तदान शिविर और प्रतिभा अभिनंदन समारोह के आयोजन शामिल हैं। समारोह में बीसीएमओ डॉ. धर्मेंद्र चौधरी, मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह, कैप्टन जयसिंह फौजदार, जयपाल चौधरी, यशपाल चौधरी, रवि भालोठिया, राजकुमार, सुभाष चंद समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कर्मचारियों को समाज का दर्पण बताते हुए उनकी कार्यशैली, नैतिकता और जिम्मेदारियों की सराहना की।

अभिभाषक संघ समिति ने बाजार में पीले चावल बांटकर मांगा समर्थन

अभिभाषक संघ की एसीजेएम तथा एडीजे कोर्ट की मांगों के समर्थन में बाजार बंद रखने का आश्वासन दिया

बढ़ता राजस्थान

रूपवास/भरतपुर (राजेश कटारा)। रूपवास उपखंड मुख्यालय पर एडीजे स्थाई कोर्ट, एसीजेएम कोर्ट स्थापित करने की मांग को लेकर अभिभाषक संघ रूपवास की संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष जयप्रकाश पाराशर व बार संघ अध्यक्ष सचिन शर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं व अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने रविवार को कस्बे के मुख्य बाजार में दुकानदारों को पीले चावल देकर सोमवार को आयोजित बाजार बंद रखकर आन्दोलन में महती भूमिका निभाने व अभियान को सफल बनाने की अपील की गई। इस अवसर पर सभी दुकान व्यापारियों द्वारा सम्पूर्ण रूप से बाजार बंद रखकर अधिवक्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की बात कही। गौरतलब है कि संघ के आह्वान पर कोर्ट की मांग को लेकर सोमवार को बाजार बंद, रैली प्रदर्शन व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देना तय है। रविवार सुबह से ही लाउडस्पीकर पर अभियान को सफल बनाने के लिए सभी से बाजार बंद रखने की भी अपील की जा रही है । इस मौके पर संघ अध्यक्ष सचिन शर्मा, जयप्रकाश पाराशर, शिक्षा विद हरीशंकर शर्मा,ब्रम्ह सिंह, राजवीर सिंह,फौजी करनैल सिंह, सुरेश शर्मा,नरेंद्र परमार,डौलेन्दर गौड़, सियाराम शर्मा, भूपेंद्र शर्मा, नवनीत यश, मोती वैश्य,नमन गोयल, विनोद वैश्य सहित विभिन्न संगठनों के लोग मौजूद रहे।

15 मिनट अचानक हुई ओलावृष्टि से किसान चिंतित: फसलों को होगा नुकसान, मुआवजे की रखी मांग

बढ़ता राजस्थान

बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)। बयाना में रविवार को शाम तेज बारिश के साथ करीब 20 एम एम साइज के ओले गिरे। इससे ओलावृष्टि क्षेत्र में पकी खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। बयाना क्षेत्र के फरसो, बीरमपुरा, सालाबाद समेत दर्जनों गांवों में करीब 15 मिनट तक 20-25 ग्राम वजन के ओले गिरे। इससे खेतों में बर्फ की चादर बिछ गई। सरसों की पकी फसल की फलियां टूटकर गिर गईं। गेहूं और चने की फसल को भी नुकसान पहुंचा है।

किसान योगेंद्र चौधरी और लालहंस कसाना के अनुसार, शाम करीब 7 बजे अचानक मौसम बदला। आसमान से ओलों की बौछार शुरू हो गई। फसलों के बिछ जाने और दाने झड़ने की आशंका से किसान चिंतित हैं।

किसानों ने प्रशासन से फसलों के नुकसान का सर्वे कराने और मुआवजा देने की मांग की है। कृषि विभाग के उपनिदेशक सुरेश गुप्ता ने कहा कि सर्वे कराकर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई की जाएगी।

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में फिर मौसम बिगड़ने की चेतावनी दी है। कुछ इलाकों में हल्की बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। प्रशासन ने किसानों को सतर्क रहने को कहा है। हिन्द इंडिया न्यूज़ बयाना से सत्य प्रकाश अग्रवाल की रिपोर्ट।

जिले को सभी योजनाओं में प्रथम स्थान पर लाने का प्रयास करें : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

झालावाड़ (नि.स.)। एग्रीस्टैक योजना के तहत जिले में आयोजित किए जा रहे किसान रजिस्ट्री शिविरों की प्रगति की समीक्षा को लेकर रविवार को जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने वीसी के माध्यम से सभी उपखण्ड एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से कहा कि किसान रजिस्ट्री शिविरों की पुख्ता मॉनीटरिंग करते हुए अधिकतम लक्ष्य प्राप्त कर झालावाड़ जिले को समस्त योजनाओं में प्रथम स्थान पर लाने का पूर्ण प्रयास करें।

किसान रजिस्ट्री शिविरों की करें पुख्ता मॉनीटरिंग : जिला कलक्टर ने कहा कि एग्रीस्टैक योजना के तहत आयोजित किए जा रहे किसान रजिस्ट्री शिविर राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने संबंधित उपखण्ड अधिकारियों, तहसीलदारों एवं विकास अधिकारियों को आगामी दिनों में आयोजित होने वाले शिविरों का सघन निरीक्षण और मॉनीटरिंग करते हुए कार्य में अधिक गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसान रजिस्ट्री शिविरों का ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करें और किसान विशिष्ट फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन, पेंशन सत्यापन, प्रधानमंत्री आवास स्वीकृतियां, सहमति से खाता विभाजन, गैर खातेदारी से खातेदारी इत्यादि कार्यों में शत प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिविरों का आयोजन समय पर शुरू करवाएं और निर्धारित समय तक सभी स्थानीय कार्मिक शिविर में उपस्थित रहकर कार्यों को पूर्ण करें। साथ ही शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अवश्य दें। जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों के शिविरों की प्रगति कमजोर है वहां फोलोअप कैम्प आयोजित कर प्रगति लाये और उनकी प्रतिदिन मॉनीटरिंग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लम्बे समय से सत्यापन नहीं करा रहे सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का ग्राम सभा में प्रस्ताव लेकर नाम हटाने की कार्यवाही करें और तकनीकी कारण से सत्यापन नहीं होने वाले पेंशनर्स के प्रकरण का सत्यापन जिला स्तरीय टीम से कराएं।

बिना अनुमति के नहीं छोड़े मुख्यालय : जिला कलक्टर ने किसान रजिस्ट्री शिविरों से जुड़े अधिकारियों एवं कार्मिकों के संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी अधिकारी व कर्मचारी बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़े और न ही अवकाश पर रहें। यदि कोई भी कार्मिक अनुमति लिए बिना अवकाश पर रहता है तो उसे नोटिस जारी करें। वीसी के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर सत्यनारायण आमेटा, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भू दयाल मीणा, उपखण्ड अधिकारी अभिषेक चारण सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं ब्लॉक स्तर पर संबंधित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार एवं विकास अधिकारी व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इन ग्राम पंचायतों में 3 से 5 मार्च तक आयोजित होंगे किसान रजिस्ट्री शिविर : एग्रीस्टैक योजना के तहत झालावाड़ जिले में 3 से 5 मार्च तक ग्राम पंचायत गुराडखेड़ा, आगरिया, नसीराबाद, बरखेड़ा कला, रूपारेल, टांडी सोहनपुरा, ल्हास, बोरबंद, आसलपुर, सरड़ा, कोहड़ीझर, सरखन्डिया, डूंडी, धानोदा कलाँ, गाडरवाडा नूरजी, कंवल्दा, गोलाना, कचनारा, पारापीपली, सुनारी, श्रीछत्रपुरा, गुढा, सरोद, नाहरघट्टा, करावन, रमायदलपत, नौलाई, हिम्मतगढ़, माथनिया, सांगरिया, उन्हेल, बांसखेड़ी मेवातियान, चन्दीपुर, टोडरीमीरा एवं बनेठ में किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन होगा।

मासूम बच्ची के गले में फंसी खुली हुई पिन डॉक्टर ने एंडोस्कोपी से सुरक्षित निकाली

बढ़ता राजस्थान

चौमहला (आबिद हुसैन)। झालावाड़ जिले के डग क्षेत्र के नंदपुर छावनी निवासी 7 वर्षीय मासूम बच्ची सुगना पिता भेरूलाल के गले में शनिवार सुबह खेलते समय पिन फंस गई, जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। तत्काल बच्ची को भवानीमंडी स्थित निजी हॉस्पिटल लाया गया, जहां डॉक्टर इकबाल खान ने अपनी विशेषज्ञता का परिचय देते हुए मात्र 5 मिनट में एंडोस्कोपी की सहायता से पिन को सुरक्षित निकाल लिया।डॉक्टर इकबाल खान ने बताया कि बच्ची खेलते समय अपने कपड़ों में लगी एक पिन को गलती से निगल गई, जिससे पिन उसकी सांस नली में जाकर फंस गई। स्थिति गंभीर इसलिए थी क्योंकि पिन खुली हुई थी, जिससे आंतरिक चोट का खतरा अधिक था।बच्ची की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर इकबाल खान ने तुरंत एंडोस्कोपी की मदद से पिन निकालने का निर्णय लिया। अत्यधिक सावधानी और दक्षता के साथ इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया और केवल 5 मिनट में पिन को बाहर निकाल लिया गया।बच्ची के पिता भेरूलाल ने सफल उपचार के लिए डॉक्टर इकबाल खान और हॉस्पिटल की टीम का हृदय से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यदि समय पर इलाज नहीं मिलता तो स्थिति और भी भयावह हो सकती थी।इस घटना के बाद डॉक्टर इकबाल खान ने अभिभावकों से अपील की कि वे छोटे बच्चों को इस तरह की नुकीली और खतरनाक वस्तुओं से दूर रखें, ताकि इस प्रकार की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

भाजपा जिलाध्यक्ष का जन्म दिवस सेवा समर्पण के तहत मनाया गया

गायो को हरा चारा डाला, मरीजो को किया फल वितरण

बढ़ता राजस्थान

नैनवां, (टी.आर सैनी)। बून्दी भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा का रविवार को जन्म दिवस भाजपा कार्यकर्ताओ ने हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सेवा समर्पण भाव को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओ ने अलग अलग कार्यक्रम रखे गये। नगर पालिका अध्यक्ष सरिता नागर के नेतृत्व में गौशाला में गायों को हरा चारा खिलाया गया। इस दौरान भाजपा जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र नागर, पूर्व मंडल महामंत्री राजेंद्र जैन, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका पुखराज ओसवाल, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुरेंद्रनागर,राजाराम मीणा, पंचायत समिति सदस्य रेशम सिंह,बूथ अध्यक्ष अशोक सरादना,मन की बात की संयोजक अनिल रंगीला ,युवा मोर्चा महामंत्री जीतू भाट, हिंडोली विधानसभा मीडिया प्रभारी कृष्ण मुरारी तिवारी, पार्षद नगर पालिका राजू चैधरी पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष आशीष जैन, भाजपा शहर मंडल मंत्री सूरज गुर्जर, बुथ अध्यक्ष अमन शर्मा,युवा मोर्चा महामंत्री अविनाश सोनी, पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष रामलाल सैनी, भाजपा युवा कार्यकर्ता अखिलेश उपाध्याय, आदि ने भाजपा जिला अध्यक्ष के दीर्घायु की मंगल कामना की गई। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अखिलेश जैन सहित कार्यकर्ताओ ने उप जिला चिकित्सालय में पहुॅच कर रोगियो को फल वितरित करने पहुॅचे लेकिन चिकित्सालय में रोगियो की लाईने लगी हुई थी। लोगो ने चिकित्सालय में चिकित्सक नहीं होने की बात कही इस पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने रोष प्रकट करते हुए जिला मुख्य चिकित्सा प्रभारी को मामले से अवगत करवाया गया। इस अवसर पर पार्षद कपिल पोरवाल, हंसराज यादव, निर्मल पाटनी,वीरेंद्र मित्तल,लवी मारवाड़ा, करण सिंह,नरेश जाट,अशोक नागर, सद्दाम हुसैन, कमल प्रजापत,प्रिंस, अंकित नागर ,टिंकू चैधरी सहित कार्यकर्ता और पदाधिकारी आमजन मौजूद रहे। वहीं शहर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में अन्नपूर्णा भोजनालय बुर्जग लोगों को भोजन कराया। गौशाला में गौ माता को हरा चारा खिलाकर रामेश्वर मीणा जिला अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष पार्षद प्रमोद जैन पार्षद, उम्मेद नगर,प्रधान पदम नगर, पूर्व प्रधान जगदीश नगर, अटल सोनी, महेंद्र सिंह सिसोदिया, जगदीश जोशी ,राजेंद्र सिंह, अशोक नागर, टिंकू चैधरी, अवधेश चैधरी,लाखन सिंह, विकास जोशी, हरिराम चिता,मैनेजर मीणा,कमल सैनी,सूरज नकवाल, संजय कारपेंटर, रवि भाट, महावीर नगर,महावीर नगर, चैनपुरिया बूथ अध्यक्ष जसवंत, पूर्व पार्षद भंवर सिंह सोलंकी, शिवराज शर्मा, अंकित साहू,हंसराज यादव, दीपक चैपड़ा आदि ने भाजपा जिला अध्यक्ष रामेश्वर जी मीणा के दीर्घायु की मंगल कामनाएं की।

अखिल भारतीय कार्यकारिणी में निर्वाचन के लिए कमलेश दलाल दिलीप, मेघा गुप्ता एवं मंगला गुप्ता का समाज के द्वारा सम्मान

बढ़ता राजस्थान

भवानीमंडी (अब्दुल सलीम मंसूरी)। मेडतवाल समाज के द्वारा मंदिर श्री फलोदी माताजी महाराज ट्रस्ट खैराबाद धाम के अखिल भारतीय केंद्रीय कार्यकारिणी चुनाव में विजय को प्राप्त करने के उपलक्ष में भवानीमंडी के कमलेश गुप्ता दलाल, दिलीप गुप्ता, मेघा गुप्ता एवं मंगला गुप्ता को सम्मानित किया किया। मेड़तवाल समाज भवानीमंडी के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता एवं उपाध्यक्ष गोविंद गुप्ता ने बताया कि मंदिर श्री फलोदी माताजी महाराज ट्रस्ट खैराबादधाम के अखिल भारतीय केंद्रीय कार्यकारिणी के चुनाव में भवानीमंडी के कमलेश गुप्ता दलाल, दिलीप गुप्ता, मेघा गुप्ता एवं मंगला गुप्ता ने विजय को प्राप्त करके राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य होने के गौरव को प्राप्त किया। यह भवानीमंडी समाज से पहली बार हुआ है जब चार सदस्य मंदिर ट्रस्ट की अखिल भारतीय केंद्रीय कार्यकारिणी के लिए निर्वाचित हुए हैं। इस उपलक्ष में मेड़तवाल धर्मशाला में विजेता प्रत्याशियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन रखा गया, जिसमें समाज की स्थानीय कार्यकारिणी के द्वारा चारों विजेता सदस्यों का फूल माला, शाल पहनाकर तथा साफा बांधकर स्वागत किया गया, इस अवसर पर स्थानीय समाज कार्यकारिणी के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, उपाध्यक्ष गोविंद गुप्ता, ओमप्रकाश मातासरा, सचिव बालचंद अध्यापक, कोषाध्यक्ष मांगीलाल हेमड़ा, महिला मंडल अध्यक्ष भगवती गुप्ता एवं समाज कार्यकारिणी के बल्लभदास, बालचंद टांक, कैलाशचंद कानूनगो, प्रकाश सीए, संतोष मामा, रमेशचंद्र, दामोदरदास, अमितकुमार, राधेश्याम आगरिया, घनश्याम जीडी, चेतन, अशोक गुप्ता स्टेट बैंक, पुरुषोत्तम बोबस, राजकुमार पार्षद, दयाराम, श्रीनाथ गुप्ता, लोकेश एडवोकेट, बालकिशन, प्रफुल्ल सीए, रामगोपाल दलाल, रमेशचंद कानूनगो आदि मंचासीन रहे, कार्यक्रम का संचालन बल्लभदास एवं प्रकाशचंद्र गुप्ता ने किया। स्वागत भाषण राधेश्याम गुप्ता के द्वारा किया गया तथा संयुक्त आभार कमलेश, दिलीप, मेघा गुप्ता एवं मंगला गुप्ता के द्वारा किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज सदस्य एवं महिलाएं और नवयुवक उपस्थित रहे। मेड़तवाल महिला मंडल की महासचिव मेघा गुप्ता ने आगे और जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित समाज सदस्यों के द्वारा 16 मार्च को फागोत्सव के आयोजन का निर्णय लिया गया।

मुस्लिम समाज द्वारा कपासन में पवित्र रमजान माह का पहला रोजा रख इबादत की गयी

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। मुस्लिम समाज के पवित्र पर्व रमजान माह शनिवार सायं चंद्र दर्शन के बाद रविवार से शुरू हुआ।जिसमे मुस्लिम समाज द्वारा रमजान माह का पहला रोजा रखा गया। जानकारी अनुसार मुस्लिम समाज के पवित्र माह रमजान की शुरुआत रविवार से शुरुआत हुई।जिसमें समाज के लोगों द्वारा प्रातः सूर्य उदय से पूर्व सेहरी कर सायंकाल सूर्यास्त उपरांत इफ्तार किया गया।जिसमे क्षेत्रीय मुस्लिम समाज के बुजुर्ग,महिला,नन्हें बच्चों द्वारा उत्साहपूर्वक रोजा रखकर इबादत की गयी।साथ ही रात्रि में पूरे पवित्र रमजान माह में तरावीह की विशेष नमाज का आयोजन होता हैं।मुस्लिम समाज द्वारा आयोजित उक्त सामूहिक विशेष नमाज में समाजजन उत्साह के साथ भाग लेकर इबादत करते हैं।

जिला स्तरीय मिनी जम्बूरी रैली का आयोजन 3 मार्च सोमवार से 7 मार्च तक

भूमि पूजन कर शिविर स्थल पर कैंप स्थापित कर तैयारियों की विधिवत शुरुआत की

बढ़ता राजस्थान

बून्दी (अनन्त दाधीच)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड, जिला मुख्यालय बूंदी के तत्वावधान में मिनी जम्बूरी जिला स्तरीय रैली का आयोजन 3 मार्च सोमवार से 7 मार्च 2025 तक किया जा रहा है। इस भव्य रैली में जिले के विभिन्न विद्यालयों से स्काउट एवं गाइड्स के दल उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड, जिला मुख्यालय बूंदी द्वारा मिनी जम्बूरी जिला रैली के आयोजको ने शिविर स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और आयोजन समिति को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने शिविर व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी न रहे और इसे स्काउट-गाइड्स के प्रशिक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। सीओ स्काउट सुरेंद्र कुमार मेहराडा ने बताया कि यह जिला रैली प्रत्येक चार वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है, जिसका स्काउटिंग एवं गाइडिंग के प्रशिक्षण में विशेष महत्व होता है। इस रैली में भाग लेने वाले स्काउट-गाइड्स को प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा, जो रेलवे में स्काउट कोटे की आरक्षित नौकरी में अतिरिक्त अंक दिलाने में सहायक होगा। सीओ गाइड मधु कुमारी ने बताया कि रविवार को भूमि पूजन कर शिविर स्थल पर कैंप स्थापित कर तैयारियों की विधिवत शुरुआत की गई। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में जिलेभर से सैकड़ों स्काउट-गाइड्स भाग लेंगे और प्रशिक्षण सत्र, खेल-कूद, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा समाजसेवा से जुड़े कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे, जिससे उनका सर्वांगीण विकास होगा। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी धनराज मीणा ने रैली स्थल पर पहुंचकर शिविर की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने आयोजन समिति को आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। मीडिया प्रभारी संजय खान ने बताया कि रैली की सफलता हेतु विश्वजीत जोशी, नीरज शर्मा, जितेंद्र शर्मा, गिरिराज बैरवा, राजेंद्र सरोया, चंद्रप्रकाश प्रतिहार, रजिया ख़ातून समर्पित रूप से तैयारियों में लगे हुए हैं। वहीं छगनलाल वर्मा एलटी अलवर, रोवर लीडर लोकेश सैनी, जशपाल गिल, युवराज और उनकी टीम भी विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में सक्रिय भूमिका निभा रही है।

9 साल की बालिका अर्शिन खान पिता रईस खान ने रखा अपनी जिन्दगी का पहला रोजा

बढ़ता राजस्थान

चौमहला (आबिद हुसैन)। मुस्लिम समाज के पवित्र माह रमजान शुरु हो गया है।रमजान माह मै रोजा बड़ों के साथ साथ मासूम बच्चों ने भी रखा।यहा इनकी जिंदगी का यह पहला रोजा है। तपती धूप की परवाह किए बिना नन्हे बच्चो ने रोजा रखा।अल्लाह और उसके रसूल की रजा हासिल करने के लिए भूख और प्यास की शिद्दत बर्दाशत की।कस्बे के 9 साल की बालिका अर्शिन खॉंन पिता रईस खॉंन ने रखा पहला रोजा।पहला रोजा रखने पर घर में खुशी का माहौल रहा।बेटी के पहले रोजे रखना घर में खास पकवान तैयार किए गए।शाम को रोजा इफ्तार के दौरान अपने मनपसंद के लजीज खाने का मजा भी लिया परिजनों रिश्तेदारों ने दिली मुबारकबाद दी थी।वही देश में अमन चैन की दुआ मांगी।

निःशुल्क मुहिम क्लासेज ने मनाया विदाई समारोह

बढ़ता राजस्थान

नैनवां,(टी.आर सैनी)। निःशुल्क मुहिम क्लासेज नैनवां में रविवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सलीम पठान वार्ड पार्षद थे। समारोह की अध्यक्षता सूफी शराफत अली ने की विशिष्ट अतिथि हाजी नूर मौहम्मद कम्पाउण्डर व बाबू मौहम्मद मिर्जा थे। केशियर मोइनुद्दीन अंसारी ने बताया कि मदरसा मास्टर कोलोनी नैनवां मे मुहिम क्लासेज नैनवां द्वारा 5 वीं बोर्ड व 8वीं बोर्ड परीक्षा मे बैठने वाले मुस्लिम समुदाय के गरीब बच्चों को निःशुल्क कोचिंग दी जाती है। मुहिम क्लासेज नैनवां संस्था मुस्लिम बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़कर उन्हें भविष्य मे व्यसन ,नशा व बुरी आदतों से दूर रहने के लिए प्रेरित कर उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए मोटिवेशन किया जाता है। ताकि भविष्य मे बच्चों को देशभक्ति के साथ देश सेवा करने के लिए वातावरण तैय्यार किया जा रहा है।

निर्धारित सेवा प्रकल्प को शत-प्रतिशत पूर्ण करने पर भारत विकास परिषद शाखा कपासन को सर्व श्रेष्ठ शाखा सम्मान प्रदान किया

बढ़ता राजस्थान

कार्यकर्ता सम्मान समारोह
दिनांक : 02 मार्च 2025, रविवार
स्थान : राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पीठ
भारत विकास

कपासन (नि.स.)। निर्धारित सेवा प्रकल्प को शत-प्रतिशत पूर्ण करने पर भारत विकास परिषद की शाखा कपासन को प्रांतीय स्तरीय बैठक में सर्व श्रेष्ठ शाखा का सम्मान प्रदान किया गया। भारत विकास परिषद कपासन सदस्य कमल कुमार दाधीच ने बताया कि पीठ सीमलवाडा मे आयोजित दक्षिण प्रांत स्तरीय बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष गिरीश पानेरी द्वारा वर्ष 2024-25 में निर्धारित सेवा प्रकल्प को शत-प्रतिशत पूर्ण करने पर भारत विकास परिषद की कपासन शाखा को सर्व श्रेष्ठ शाखा का सम्मान प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि भारत विकास परिषद शाखा कपासन द्वारा विगत सत्र में प्रांत स्तरीय समूहगान प्रतियोगिता,वृक्षारोपण,चिकित्सा शिविर,सदस्य संख्या 111 होने पर शतक वीर सम्मान,काढा वितरण,निर्धन परिवारों को ऊनी वस्त्र एवं विद्यार्थियो में स्टेशनरी सामग्री का वितरण इत्यादि सेवा कार्य किये गये।जिसके तहत दक्षिण प्रांत स्तरीय बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष बादशाह सिंह को सेवा सम्मान व अशोक गौड़ को भारत को जाने प्रतियोगिता में श्रेष्ठ कार्य करने पर सम्मानित किया गया।साथ ही कार्यक्रम में 27-28 दिसं. 2024 को भारत विकास परिषद के राष्ट्रिय अधिवेशन जालंधर पंजाब में भाग लेने हेतु शाखा कपासन सदस्य आशा जोशी,पुष्पा बोहरा,वीणा जोशी,राजकुमारी विजयवर्गीय को उपरना ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस प्रांतीय बैठक में भारत विकास परिषद शाखा कपासन के नन्दलाल बोहरा,रमेशचन्द्र विजयवर्गीय, वैद्य महेंद्रमोहन दाधीच,आशा जोशी उपस्थित रहे।इस दौरान निवर्तमान भारत विकास परिषद शाखा कपासन अध्यक्ष कमल कुमार दाधीच द्वारा उक्त उपलब्धि हेतु स्थानीय शाखा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

कृषि एवं आपदा राहत मंत्री ने मृतक शिक्षक मनीष मीणा के पीड़ित परिवार को दी पाँच लाख रुपये की आर्थिक सहायता

बढ़ता राजस्थान

बूंदी (अनन्त दाधीच)। बूंदी के दौरे पर रहे राज्य के कृषि एवं आपदा राहत मंत्री डॉ किरोडीलाल मीणा ने मृतक शिक्षक मनीष मीणा के पीड़ित परिवार को दी पाँच लाख रुपये की आर्थिक सहायता।मनीष मीणा के पिता रामलक्ष्मण मीणा को पाँच लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि सौंपी।

इस दौरान मनीष मीणा के पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाने के लिये आमरण अनशन व आंदोलन करने वाले मीणा समाज के संरक्षक आंनदीलाल मीणा,राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा, भाजपा नेता रूपेश शर्मा,पूर्व तहसीलदार रामकरण मीणा,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष चेतराम मीणा,ग्रामीण छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष लोकेश मीणा,सरपंच सुरेश मीणा,पप्पूलाल मीणा, एडवोकेट हेमराज मीणा,गिरिराज मीणा सहित मीणा समाज व सर्व समाज के लोग रहे उपस्थित।

इनवर्टर की बैटरी में हुआ ब्लास्ट,घर की वायरिंग जलकर राख,बड़ी जनहानि होते होते टली

बढ़ता राजस्थान

चौमहला(नि.स.)। झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे के नई आबादी क्षेत्र में एक घर में देर रात्रि डेढ़ बजे करीब अचानक इनवर्टर की बैटरी में ब्लास्ट हो गया, जिससे घर की वायरिंग जलकर राख हो गई वहीं ब्लास्ट के समय कमरे में माता-पिता व उनके बच्चे सो रहे थे, ब्लास्ट होते ही पूरा परिवार जान बचाकर बाहर निकला, हादसे में बच्चों को मामूली चोटे आई है।चौमहला निवासी कुंदन ने बताया कि घर के सभी सदस्य कमरे में सो रहे थे तभी देर रात्रि इनवर्टर की बैटरी में अचानक ब्लास्ट हो गया, जिसके कारण कमरे व घर की वायरिंग जल गई, ब्लास्ट के धमाके से घर के सभी सदस्य भयभीत हो गए, वही धमाके से बच्चों के हल्की चोंटे आई है, घरवालों को बाहर निकालकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। साथ ही इनवर्टर की बैटरी फिलहाल 1 साल पुरानी ही है, ब्लास्ट होते ही तुरंत सूझबूझ से सभी सदस्यों को घर से बाहर निकालने से बड़ा हादसा होने से टल गया और कोई जनहानि नही हुई।

इन्टेक चेयरमैन व गवर्निंग कॉन्सिल मेंबर्स चुनाव के लिए किया मतदान

INTACH
INDIAN NATIONAL TRUST FOR ART AND CULTURAL HERITAGE
भारतीय सांस्कृतिक निधि (इन्टैक)

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (नि.स.)। इंडियन नेशनल ट्रस्ट फ़ॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज के भीलवाड़ा चेप्टर सदस्यों ने आज इन्टैक चेयरमैन व गवर्निंग कौंसिल मेम्बर चुनाव के लिए मतदान किया। इन्टैक के चेप्टर कन्वीनर बाबूलाल जाजू ने बताया कि मतदान के पश्चात सभी मतपत्र सील बंद कर नई दिल्ली हेड ऑफिस भिजवाये गये जहां देश भर से आने वाले मतों की गिनती की जायेगी और उसके बाद गवर्निंग कोन्सिल के नये सदस्यों की घोषणा की जायेगी। जाजू ने बताया कि कुमुद विहार में आज प्रात: 10 बजे हुए मतदान में कन्वीनर बाबूलाल जाजू, को कन्वीनर श्यामसुंदर जोशी, दिलीप गोयल, आर एल दरगड, गुमान सिंह पीपाड़ा, ओम प्रकाश हिंगड़, हरकलाल बिश्नोई, गोपाल नाराणीवाल, दिनेश अरोड़ा, रामगोपाल अग्रवाल, राजकुमार बुलिया, मुकेश अजमेरा, विद्यासागर सुराणा, ओम सोनी, सुरेश सुराना, राकेश बंब, अनुग्रह लोहिया सहित अन्य सदस्यों ने मतदान कर विचार व्यक्त किये।

बाइक फिसलने से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल

बढ़ता राजस्थान

चौमहला(नि.स.)। झालावाड़ जिले के गंगधार थाना क्षेत्र के गांव बोरखेड़ी आंजना में बाइक फिसलने से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें एंबुलेंस की सहायता से उपचार के लिए चौमहला चिकित्सालय लाया गया। घायल बुजुर्ग रुघनाथ लाल पिता ओंकार लाल जाति बागरी उम्र 60 वर्ष ने जानकरी देते हुए बताया कि वह आक्या परमार गांव से गेहूं लेकर अपने गांव बोरखेड़ी आंजना जा रहे थे तभी बाइक फिसलने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें राहगीरों की मदद से 108 एंबुलेंस की सहायता से चौमहला चिकित्सालय लाया गया जहां घायल का उपचार कर झालावाड़ जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।वही हादसे में बुजुर्ग के सिर व पैर में गंभीर चोट आई है।

युवक की तैरती लाश मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (नि.स.)। शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र स्थित गायत्री आश्रम नाले में सवेरे एक युवक की तैरती लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर ने बताया कि मौके पर यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए तैनात होमगार्ड जवान दीपक व्यास ने सूचना दी कि गायत्री आश्रम नाले में एक युवक की लाश तैरती हुई नजर आ रही है। इस सूचना पर थाना पुलिस प्रभारी गुर्जर जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और लाश को कड़ी मशक्कत के बाद नाले से बाहर निकल कर एमजी हॉस्पिटल की मोर्चरी पहुंचाया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टिया युवक की मौत हादसा लग रही है, क्योंकि उसके शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं।

धौलपुर में पेट्रोल पंप पर दो भाइयों ने की फायरिंग

पैसे मांगने पर सेल्समैन को मारा थप्पड़, झगड़े के 16 मिनट बाद वापस आकर चलाई गोलियां

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। धौलपुर में पेट्रोल डलवाने के बाद सेल्समैन ने पैसे मांगे तो बदमाशों ने मारपीट के साथ पेट्रोल पंप पर फायरिंग कर दी। इस दौरान आरोपी ने 2 से 3 राउंड फायरिंग की है। मामला धौलपुर जिले के बाड़ी सदर थाना क्षेत्र में स्थित गिर्राज बाबा फिलिंग स्टेशन का है। सदर थाना अधिकारी ने बताया-मामले को लेकर पेट्रोल पंप के सेल्समैन नरसी सिंह ने दो भाइयों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दी है। बाड़ी में बसेड़ी रोड स्थित गिर्राज बाबा फिलिंग स्टेशन के मालिक सत्येंद्र पटेल ने बताया-घटना शुक्रवार दोपहर 2:40 बजे की है। बाइक पर निधारा गांव (बाड़ी) निवासी मुंशी के दो बेटे हंसराम और शीशराम आए और पेट्रोल भरवाया। जब सेल्समैन ने पैसे मांगे तो दादागिरी करने लगे। जब सेल्समैन नरसी सिंह ने दोनों को रोकने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर दी। इस दौरान मारपीट और फायरिंग की घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

18 मिनट में वारदात को अंजाम देकर फरार

बदमाशों ने 18 मिनट में पेट्रोल पंप पर पूरी वारदात को अंजाम दिया। दोपहर 2.38 पर बाइक सवार दोनों बदमाश पेट्रोल पंप पर पहुंचे और 200 रुपए का पेट्रोल भरवाया। इसके बाद जब सेल्समैन ने पैसे देने के लिए कहा तो दोनों बिना पैसे दिए वहां से निकलने लगे। इस दौरान पेट्रोल पंप पर काम करने वाला दूसरा सेल्समैन नरसी सिंह दोनों के पास पहुंचा। जहां पेट्रोल के पैसे को लेकर बहस होने लगी। इस दौरान बाइक चला रहे बदमाश ने सेल्समैन को थप्पड़ मार दिया। इस दौरान बाइक के पीछे बैठा युवक नीचे उतरा और डंडा लेकर सेल्समैन पर हमला कर दिया। इसके बाद 2.40 पर दोनों बदमाश वहां से निकल गए। 2 बजकर 56 मिनट पर बाइक चला रहा बदमाश वापस आया और दो से तीन राउंड फायरिंग की और मौके से फरार हो गया।

बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस

घटना को लेकर सदर थाना अधिकारी विनोद कुमार का कहना है कि मामले की सूचना मिलते ही मौके पर जाकर मामले की जांच की है। जो आरोपी हैं उनको लेकर पुलिस टीम जांच में जुटी है। पीड़ित सेल्समैन नरसी सिंह ने जो रिपोर्ट दी है उसमें हंसराम और शीशराम पुत्र मुंशी पर आरोप लगाया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

शिक्षा के साथ भारतीय परंपराओं, संस्कारों और राष्ट्रभक्ति का भी पढ़ाया जाता है पाठ - सुदर्शनाचार्य महाराज

बढ़ता राजस्थान

छोटीसादड़ी (नि.स.)। नगर के गोमाना दरवाजा बाहर स्थित विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार शाम को भव्य वार्षिकोत्सव 卐शताब्दी卐 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री 1008 सुदर्शनाचार्य जी महाराज रहे। विशिष्ट अतिथि विद्या भारती संस्थान, चित्तौड़गढ़ के अध्यक्ष ललित शारदा, प्रतापगढ़ जिले के जिलाध्यक्ष महावीर सिंह कृष्णावत, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, विद्या भारती जिला सचिव कैलाश चंद्र शर्मा, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष यशराज जणवा रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री सुदर्शनाचार्य जी महाराज एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। विद्यालय के संस्था प्रधान दिनेश चंद्र वैष्णव ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसके पश्चात हिमांशु एवं समूह द्वारा घोष प्रदर्शन से कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। कक्षा प्रथम से पंचम तक के विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य एवं नाटकों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें हिमांशी, परी, युविका, अश्विन, आरोही, लक्ष्यराज आदि शामिल रहे। वहीं, कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने शारीरिक व्यायाम, पिरामिड, एकल व समूह नृत्य, नाटक एवं साहसिक कार्यक्रमों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान संस्कृत नाटक 卐यक्ष-युधिष्ठिर संवाद卐, साहसिक प्रस्तुति कार्तिक एवं मनीष समूह द्वारा, तथा पुण्यश्लोका माता अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा, योग नृत्य (यशस्वी उपाध्याय व समूह), कथक नृत्य (हर्षिता जाटव), राजपूती नृत्य (खुशी भंवर), नाटक 卐मोबाइल का जाल卐 (तनीषा देलवाल व समूह) सहित कई शानदार प्रस्तुतियां दी गई।मुख्य अतिथि सुदर्शनाचार्य महाराज ने विद्यार्थियों को सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालयों में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ भारतीय परंपराओं, संस्कारों एवं राष्ट्रभक्ति का पाठ भी पढ़ाया जाता है।

विशिष्ट अतिथि कृष्णावत ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ये बालक एवं बालिकाएं भविष्य में विद्यालय, जिले और देश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव प्रदीप वैष्णव ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक राजस्थान शाखा की 186 वीं बैठक

बढ़ता राजस्थान

रावतभाटा(संजय जैन)। इंटक प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राज श्रीमाली की अध्यक्षता में 2 मार्च रविवार को प्रात: 11 बजे गांधी मजदूर मैदान भीलवाड़ा में आहुत की गई । बैठक से पूर्व राजस्थान में इंटक की स्थापना करने वाले श्रमिक नेता रमेश व्यास की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई रावतभाटा ठेका कर्मचारी इंटक अध्यक्ष व प्रदेश उपाध्यक्ष डी पी सिंह ने बताया कि इंटक संगठन की बैठक में प्रस्तावित 13 सूत्री एजेंडा बिंदु पर विस्तार से चर्चा में कर्मचारियों के लिए की गई घोषणा व वर्तमान राज्य सरकार द्वारा पूर्व की गहलोत सरकार की आम मजदूरों को मिलने वाली आर्थिक योजनाओ को बंद करना जिसमें शुभ शक्ति छात्रवृत्ति श्रमिक कार्ड बनाने श्रमिकों को नि:शुल्क अपने पट्टे पर एक लाख पचास हजार रुपए का अनुदान देने विधवा व वरिष्ठ नागरिकों को पैंशन का भुगतान के साथ ओर इन परीलाभों के लिए नए सदस्य को आवेदन करने वाला पोर्टल जो बंद कर दिया गया है उस पोर्टल को पुन: चालु करवाना ठेके पर सप्लाई में काम करने वाले श्रमिकों का ठेकेदारों द्वारा किए जारहे आर्थिक शोषण को रोकने को लेकर केंद्र व राज्य सरकार का ध्यान आकर्षण करने के लिए 6 मार्च को राजस्थान विधानसभा परआंदोलन कर प्रदर्शन करने का प्रस्ताव सर्व समिति से पारित किया गया राज्य में विभिन्न कारखाने उद्योगों के श्रम संघ के प्रतिनिधियों की मांगों पर चर्चा राज्य में संगठित क्षेत्र व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की मांगों पर चर्चा राज्य में इंटक की सदस्यता बढ़ाना व नये श्रम संगठनो का निर्माण करना आदि मांगों के महा अधिवेशन आयोजित करने पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया। इसके साथ ही रावतभाटा में कर्मचारी राज्य बीमा निगम ई एस आई का हॉस्पिटल खोलने के लिए श्रम मंत्री भारत सरकार व संबंधित अधिकारियों को स्मरण पत्र लिखने का भी प्रताव लिया गया बैठक में इंटक प्रदेश जनरल सेक्रेटरी नरोत्तम जोशी ठेका इंटक के संजय हाडा सलीम शेख पवन जैन व सुनील मंगरोलिया के साथ मोड़क सीमेंट एम्पलाई यूनियन इंटक के अध्यक्ष राजीव चौहान रमेश चौधरी उपाध्यक्ष हेमंत कुमार प्रजापति कोषाध्यक्ष भेरू सिंह ने बैठक में लिया।

13 माह के बच्चे पर सियार ने किया हमला

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (नि.स.)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र स्थित रूपाहेली के निकट स्थित एक गांव में मां के साथ खेत पर मौजूद एक 13 माह के बच्चे पर सियार ने हमला कर दिया।

जानकारी के अनुसार मांडल थाना क्षेत्र स्थित रूपाहेली के निकट डोडवाना का खेड़ा निवासी दिनेश रैगर का 13 माह का बालक उसकी मां के साथ खेत पर झूले में झूल रहा था। इस दौरान अचानक सियार ने बच्चे पर हमला कर दिया। बच्चे की चीख पुकार सुनकर मां दौड़ी और बच्चे को सियार से बचाया और तत्काल एमजी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। घायल मासूम विराट रैगर का एमजी हॉस्पिटल में उपचार जारी है। बता दे कि गत कई दिनों मांडल क्षेत्र और उसके आसपास के इलाके में सियार का आतंक देखने को मिल रहा है। वन विभाग की लापरवाही के कारण आमजन दहशत में है।

ब्यावर जिले के करीब 600 बुजुर्ग निशुल्क तीर्थ यात्रा करेंगे

वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना के तहत हर साल चयनित बुजुर्गों को निशुल्क यात्रा

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर, (नि.स.)। इस बार ब्यावर जिले के करीब 600 बुजुर्गों समेत प्रदेश के 50 हजार बुजुर्गों को देव स्थान विभाग द्वारा निशुल्क तीर्थ यात्रा करवाई जाएगी। वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना के तहत हर साल देवस्थान विभाग प्रदेश के चयनित बुजुर्गों को निशुल्क यात्रा करवाता है। इस साल पिछले साल की तुलना में 14 हजार ज्यादा बुजुर्गों को यात्रा करवाई जाएगी। इसके साथ ही 6000 सीनियर सिटीजनों को हवाई जहाज से नेपाल के पशुपतिनाथ के दर्शन करवाया जाएगा। दोनों को मिलाकर इस साल देवस्थान विभाग 56 हजार बुजुर्गों को देश और विदेश के करीब 16 स्थानों की तीर्थयात्रा करवाएगा। राज्य बजट में इस बार सभी वरिष्ठ नागरिकों को एसी ट्रेनों से यात्रा करवाई जाएगी। पिछले 12 सालों में यह पहली बार है जब सारे तीर्थयात्रियों को एसी ट्रेनों में यात्रा करवाई जाएगी।

देवस्थान विभाग हरिद्वार, ऋषिकेश, अयोध्या, कामख्या, रामेश्वरम, मदुरैई, द्वारिकापुरी, जगन्नाथपुरी सहित करीब 15 जगहों की यात्रा करवाता है। इसके अलावा नेपाल के काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ की हवाई यात्रा करवाता है।

भीलवाड़ा में 14 दिन बाद पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ, वन विभाग ने सुरक्षित रूप से किया शिकार

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (नि.स.)। जिले के गुलाबपुरा थाना क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर राजस्थान उच्च न्यायालय के अधीन बंद पड़ी फैक्ट्री में गत 17 फरवरी को तेंदूआ होने की जानकारी चौकीदार नानूराम कुमावत को मिली, जिस पर वन विभाग को सूचित किया गया।

आसींद रेंज के 15 वन विभाग कर्मी ने बंद पड़ी फैक्ट्री में तीन पिंजरे लगाए व सीसीटीवी कैमरे लगाए । तेंदुआ होने की पुख्ता फुटेज प्राप्त होने पर वन विभाग कर्मियों को रविवार को 14 दिन बाद पैंथर के पिंजरे में आने की सफलता मिली। 14 दिन तक वन विभाग ने पिंजरे में कुत्ते, मोर ,मुर्गा रखकर पैंथर आने का इंतजार किया। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार फैक्ट्री के अंदर ही बने पानी के टांके से तेंदुआ पानी पी रहा था, व फैक्ट्री के अंदर गिलहरियों का शिकार कर जीवन यापन कर रहा था। रविवर को पिंजरे में कैद हुए पैंथर को टाटगढ़, अरावली क्षेत्र के जंगलों में ले जाने के लिए वन विभाग कर्मी रवाना हुए। वन विभाग कर्मियों ने बताया कि पैंथर को बिना ट्रॅंकुलाइजर व बिना नुकसान पहुंचा हुए पिंजरे में कैद किया गया है। कैद हुए तेंदुए की उम्र 5 साल बताई है। इस दौरान वनपाल समीर कुमार, प्रभु लाल चौधरी वनरक्षक, गौरव गर्ग उपवन संरक्षक, सहायक वन संरक्षक मोना चौधरी, राजेंद्र सिंह रावत रेंजर, अशोक टेलर, हरकरण, अंकिता चौधरी, हेमेंद्र, रेखा, हरविंदर, गजानन, भेरूलाल, हरजीराम इत्यादि वनकर्मी मौजूद थे।

सिखवाल समाज जिला बूंदी द्वारा श्रृंग ऋषि महादेव संगावादा तक 21 किलोमीटर की नवम पदयात्रा का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

बूंदी (अनन्त दाधीच)। रविवार को सिखवाल समाज जिला बूंदी के द्वारा संयोजक रामचरण श्रृंगी के नेतृत्व में श्रृंग छात्रावास नैनवा रोड बूंदी से श्रृंग ऋषि महादेव संगावादा तक 21 किलोमीटर की नवम पदयात्रा का आयोजन किया गया, आचार्य अरुण श्रृंगी ने श्रृंग छात्रावास नैनवा रोड पर सत्य प्रकाश श्रृंगी के द्वारा श्रृंगेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर यात्रा को विधिवत प्रारंभ किया पदयात्रा बूंदी से प्रारंभ होकर माटुंदा और किशनपुरिया से गुजरते हुए अंत में यथा स्थल श्रृंग ऋषि महादेव आश्रम संगावदा पहुंची जहां पर आचार्य द्वारा सत्य प्रकाश श्रृंगी लीलेड़ा व्यासान वाले से महादेव का रुद्राभिषेक करवाया गया समाज की महिला मंडल के द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया समाज के राम शंकर श्रृंगी, भंवरलाल पुरोहित, रमाकांत श्रृंगी, चंद्र प्रकाश अठारिया, लोकेश सुखवाल, सदानंद श्रृंगी,सूरज प्रकाश, श्रृंगी पवन श्रृंगी, नारायण श्रृंगी, राजकुमार श्रृंगी, बद्री श्रृंगी, रूपचंद श्रृंगी,शंभू बोहरा अशोक श्रृंगी सहसंयोजक ध्रुव श्रृंगी मंजूलता श्रृंगी साधना श्रृंगी कीर्ति सुखवाल, गुजरात से पधारे महेश ओझा आदि लोग मौजूद रहे प्रवक्ता मुकेश श्रृंगी ने बताया कि पदयात्रा का जगह-जगह पर स्वागत किया गया वही माटुंदा गांव में समाज बंधुओ द्वारा भव्य स्वागत किया गया महिलाओं द्वारा भगवान के भजनों पर नाचते गाते चल रही थी वह पुरुष जयकारे लगाते हुए चल रहे थे कार्यक्रम के अंत में महा आरती और महाप्रसादी का वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया कार्यक्रम में संपूर्ण बूंदी जिले के श्रृंगी समाज ने तन मन धन से सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

इन फूड्स को पचाना होता है बेहद मुश्किल खाने से हो सकती हैं पाचन से जुड़ी समस्याएं

पाचन संबंधी समस्या न हो, इसके लिए बहुत जरूरी है कि आप हेल्दी डाइट फॉलो करें। ऐसी चीजें न खाएं, जो डाइजेस्टिव सिस्टम को बुरी तरह प्रभावित कर सकती हैं। आपको बता दें कि पाचन तंत्र का सही तरह से काम करना बहुत जरूरी है। अगर किसी वजह से पाचन तंत्र पर बुरा असर पड़ता है, तो इस कारण हमारी ओवर ऑल हेल्थ बिगड़ सकती है। पाचन तंत्र का मुख्य काम होता है, हमारे द्वारा खाए जाने वाले फूड को ग्लूकोज, एमिनो एसिड और फैटी एसिड में कंवर्ट करना, जो कि स्मॉल इंटेस्टाइन की मदद से हमारे ब्लड स्ट्रीम तक पहुंचता है। इनमें मौजूद पोषक तत्व हमारे शरीर के सभी सेल्स तक पहुचंते हैं। बहरहाल, आपकी सही डाइट की मदद से पाचन तंत्र सही तरह से काम कर सकता है। लेकिन, अक्सर देखने में आता है कि लोग अनजाने में ऐसी चीजें खा लेते हैं, जिन्हें पचाना मुश्किल होता है।

फ्राइड फूड से रहें दूर

तला-भुना खाना सबको पसंद होता है। खासकर, स्नैक्स के तौर पर तला-भुना, जैसे समोसे, पकोड़े या आलू के पकोड़े आदि का सेवन लोग काफी ज्यादा करते हैं। ये खाने में भले स्वादिष्ट लगते हैं और लंबे समय तक पेट भरे होने का अहसास भी कराते हैं। लेकिन, पाचन तंत्र के लिए इन्हें पचाना काफी मुश्किल हो जाता है। असल में, फ्राइड फूड्स बनाने में काफी ज्यादा तेल का उपयोग किया जाता है। फैट को डाइजेस्ट करना मुश्किल होता है। जिन लोगों को पहले से ही डाइजेस्टिव सिस्टम से जुड़ी परेशानियां हैं, उनके लिए इसे पचाना और भी चैलेंजिंग हो सकता है।

प्रोसेस्ड फूड न खाएं

प्रोसेस्ड फूड भी पाचन तंत्र द्वारा आसानी से पचाया नहीं जा सकता है। प्रोसेस्ड फूड रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट, फैट और शुगर से भरपूर होता है।

प्रोसेस्ड फूड में, बेकरी आइटम और स्नैक्स फूड शामिल होते हैं। पाचन तंत्र के लिए, इनमें मौजूद कार्ब्स, फैट और शुगर को पचाना मुश्किल होता है। इस तरह के फूड को खाने से पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याओं में नजर आने लक्षण बिगड़ सकते हैं। जैसे, गैस बन सकती है, ब्लोटिंग हो सकती है, पेट में ऐंठन की समस्या भी देखने को मिल सकती है।

आर्टिफिशियल स्वीटनर खाने से बचें

कई लोग शुगर के बजाय ऐसे प्रोडक्ट को खाना ज्यादा पसंद करते हैं, जिसमें आर्टिफिशियल स्वीटनर का उपयोग किया जाता है। आपको शायद पता न हो कि आर्टिफिशियल स्वीटनर में सोर्बिटोल नाम का तत्व होता है। सोर्बिटोल, मैनिटोल और जाइलिटोल जैसे आर्टिफिशियल स्वीटनर के कारण डाइरिया और ब्लोटिंग की समस्या हो सकती है। यही कारण है कि जो लोग आर्टिफिशियल स्वीटनर का उपयोग ज्यादा करते हैं, उन्हें अक्सर कब्ज या पाचन तंत्र से जुड़ी अन्य समस्याएं होती रहती हैं।

कॉफी का सेवन न करें

कई लोगों की दिन की शुरुआत कॉफी से होती है। कुछ लोगों को कॉफी की आदत इस हद तक होती है कि वे एक ही दिन में कई-कई कप कॉफी पी लेते हैं। लेकिन, डाइजेस्टि सिस्टम के लिए यह बिल्कुल सही नहीं है। दरअसल, कॉफी में कैफीन और ऑयल होता है। इससे पाचन तंत्र में परेशानी शुरू हो सकती है। कोशिश करें कि एक दिन में एक कप कॉफी ही पिएं।

स्पाइसी फूड सही नहीं हैं

कई तरह के फूड आइटम्स को खासकर स्पाइसी बनाया जाता है। ये खाने में बहुत ही स्वादिष्ट लगते हैं। कई लोग स्पाइसी फूड्स इतना ज्यादा पसंद करते हैं कि वे अक्सर इसकी ओवर ईटिंग कर बैठते हैं। श्वेता जयसवाल आगे बताती हैं, इस तरह के फूड आइटम्स खाने में भले स्वादिष्ट और लजीज लगें, लेकिन पाचन तंत्र के लिए यह बहुत ही ज्यादा नुकसानदायक होता है। अत्यधिक मात्रा में स्पाइसी फूड खाने से सीने में जलन और पेट में दर्द की समस्या हो सकती है। खासकर, रात को सोने से पहले स्पाइसी फूड का सेवन किया जाना जरा भी सही नहीं है।

बच्चों को अभी से कराएं ये एक्सरसाइज आपकी आंखों की रोशनी होगी तेज

दुनिया देखने के लिए आंखों का सही रहना जरूरी है। लेकिन आजकल कम उम्र में ही आंखों की रोशनी कम होने लगी है। दरअसल इसके पीछे का कारण खराब लाइफस्टाइल,खराब खानपान और बढ़ता स्क्रीन टाइम है। बच्चे घंटों फोन और टैब पर वक्त बिताते हैं। स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी आंखों को बुरी तरह से नुकसान पहुंचाती है।

आंखों को लेफ्ट-राइट घुमाएं : अपने बच्चों से आंखों को लेफ्ट-राइट घुमाने वाला एक्सरसाइज जरूर करवाएं। आंखों को घुमाने के लिए सीधे बैठना है और गर्दन को स्थिर रखना है। सिर्फ आईबॉल्स को ही घुमाना है। इससे आंखों की मूवमेंट बेहतर होती है और आई साइट में सुधार की संभावना बढ़ती है।

पलकें झपकाना : पलकों को तेजी से झपकाने से भी आंखों को फायदा पहुंचता है। 10 सेकंड तक पलकों को तेजी से झपकाएं और फिर 20 सेकेंड के लिए आंखें बंद कर लें। रोजाना 4 से 5 बार बच्चों से इस एक्सरसाइज को करवाएं।

टकटकी लगाए : बच्चों से टकटकी वाली एक्सरसाइज जरूर कराएं। इसे त्राटक के नाम से जाना जाता है। इस एक्सरसाइज को करने के लिए एक वस्तु पर फोकस करना होता है। इससे आंखों का तनाव कम होता है।

पामिंग

यह एक बहुत ही बेहतरीन एक्सरसाइज है जिससे आंखों के तनाव को दूर करने में मदद मिलती है इससे आई साइट में सुधार होता है। इसके लिए हथेलियों को एक दूसरे से तब तक रगड़ना है जब तक उनमें गर्माहट महसूस न हो। अब अपनी आंखें बंद करें और गर्म हथेलियों को उन पर रखें।

गर्मियों में लू से बचने के लिए ये जड़ी-बूटियां शरीर को देंगी ठंडक, मिलेगी एनजी

गर्मियों का मौसम शुरु हो चुका है। इस मौसम खतरनाक लू चलती है जिससे इंसान की सेहत खराब होने लगती है। गर्मियों में खुद को हेल्दी रखने के लिए ठंडी तासीर वाली चीजें हम सभी खाते हैं। हालांकि, आप इन जड़ी-बूटियों के सेवन से गर्मी में कूल नजर आएंगे। चिलचिलाती गर्मी आपके हेल्थ पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। अपने शरीर को प्राकृतिक रूप से ठंडा रखने के लिए इन हर्ब्स का सेवन जरुर करें। यहां पांच ताज़ा जड़ी-बूटियां दी गई हैं। जिनके सेवन से आप खुद को कूल महसूस करेंगे, आइए आपको बताते हैं।

धनिया

धनिया में कूलिंग के गुण होते हैं जो गर्मी झेलने में सुधार करने में मदद करते हैं। यह एंटीऑक्सिडेंट से भी भरपूर है जो मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से सुरक्षा प्रदान करता है। धनिए इस्तेमाल चटनी से लेकर हर सब्जी में करते हैं। हर धनिए के अधिक सेवन से गर्मी का एहसास कम होता।

पुदीना

गर्मी के मौसम में ज्यादातर लोग पुदीना का इस्तेमाल करते हैं। पुदीना में शीतलन प्रभाव होता है, जो शरीर के तापमान को कम करने और थर्मोरेग्यूलेशन में सहायता करता है। पुदीने का पानी पीना या फिर आप चटनी बनाकर खा सकते हैं। वास्तव, पुदीना एक ठंडी जड़ी-बूटी है। गर्मियों में इसका सेवन करने से शरीर को ठंड़क मिलती है। पुदीने का पानी पीने से बॉडी डिटॉक्स होती है।

सौंफ

सौंफ शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में मदद करती है। इसमें एंटीऑक्सिडेंट और आवश्यक तेल होते हैं, जो पेट फूलना और पाचन से राहत दिलाने में मदद करते हैं। सौंफ का इस्तेमाल पारंपारिक रुप से शरीर को ठंडा करने के लिए किया जाता है। ठंडाई में भी सौंफ का प्रयोग होता है। आप सौंफ का पानी पी सकते हैं इससे गर्मी भी कम होगी और पाचन भी दुरुस्त रहेगा। वहीं आप सौंफ को प्रयोग खाना बनाते समय सब्जियों में कर सकते हैं।

इलायची

इलायची में शीतलन यौगिक होते हैं जो शरीर की गर्मी को कम करने और पाचन में सहायता करते हैं। इलायची का प्रयोग सबसे ज्यादा मसालों में प्रयोग होता है। यह भोजन में स्वाद के साथ सुगंध को बढ़ाती है। इलायची खाने से शरीर की गर्मी कम होती है,जो आपको ठंडक और एनर्जेटिक महसूस होता है।

गुड़हल या हिबिस्कस

हिबिकस अत्यधिक गर्मी के प्रभाव से निपटने में मदद करता है और शरीर को प्रभावी ढंग से ठंडा करता है। आप गुड़हल की चाय बनाकर पी सकते हैं जो शरीर को ठंडक पहुंचाती है। इसके साथ ही ये कब्ज की समस्या भी दूर करती है। गर्मी में कूल रहने के लिए आप हिबिस्कस टी जरुर पिएं।

फल और सब्जियों को मिलाकर बनाते हैं जूस, तो पहले जान लीजिए इसके नुकसान

जूस का सेवन करना सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। अक्सर लोग फल या सब्जियों का रस निकालकर उसका सेवन करते हैं। चूंकि ये कई तरह के पोषक तत्वों, विटामिन और एंटी-ऑक्सीडेंट से पैक होते हैं, इसलिए इनका सेवन करने से सेहत पर अच्छा असर पड़ता है। इतना ही नहीं, जब आप इस जूस का सेवन बिना छाने करते हैं तो आपको फाइबर भी मिलता है और आप खुद को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस करते हैं। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि फल और सब्जियों को हर किसी को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना चाहिए।

लेकिन आप इसका किस तरह से सेवन करते हैं, यह भी काफी अहम् है। कुछ लोग फल और सब्जियों को मिलाकर उसका जूस बनाते हैं और इसे पीते हैं।

गड़बड़ा सकता है डाइजेशन : आमतौर पर, यह माना जाता है कि जूस को डाइजेस्ट करना काफी आसान होता है। लेकिन जब आप फल और सब्जियों को मिलाकर उसका जूस निकालते हैं तो इससे आपका डाइजेशन सिस्टम गड़बड़ा सकता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि फलों के रस में नेचुरल शुगर अधिक होती है और इससे ब्लड शुगर लेवल स्पाइक हो सकता है। वहीं, जब इन्हें सब्जियों के रस के साथ मिलाया जाता है तो इससे यह प्रभाव और अधिक बढ़ सकता है। जब ब्लड शुगर एकदम स्पाइक होने लगता है तो इससे आपको ब्लोटिंग, गैस या दस्त आदि की शिकायत हो सकती है।

पोषक तत्वों का असंतुलन : यह सच है कि फल और सब्जियों दोनों में ही कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं जो शरीर के लिए बेहद जरूरी है। इनमें कई विटामिन, मिनरल्स और फाइटोन्यूट्रिएंट्स होते हैं। लेकिन जब इन दोनों को कॉम्बिनेशन में लिया जाता है तो इससे पोषक तत्वों में असंतुलन हो सकता है। उदाहरण के लिए, कुछ फलों में पोटेशियम की मात्रा अधिक होती है, जबकि कुछ सब्जियों में ऑक्सालेट या नाइट्रेट का उच्च स्तर हो सकता है, जो आपके लिए परेशानी का सबब बन सकता है।

एलर्जिक रिएक्शन की संभावना : कई बार फलों और सब्जियों के रस को मिलाकर लेने से एलर्जिक रिएक्शन होने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। खासतौर से, अगर आपको किसी खास तरह के फल या सब्जी से एलर्जी की शिकायत है और आप उसे जूस में शामिल करते हैं तो आपको एलर्जिक रिएक्शन हो सकता है। इससे आपको शरीर में खुजली, दाने या रेडनेस आदि हो सकते हैं।

बढ़ सकता है वजन

फल और सब्जियों के रस को एक साथ लेने से आपको वजन बढ़ने की शिकायत भी हो सकती है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि फलों के रस में नेचुरल शुगर के कारण कैलोरी अधिक होती है। अक्सर लोग यह सोचते हैं कि सब्जियां लो कैलोरी होती है और इसलिए इनके कॉम्बिनेशन से कैलोरी काउंट को बैलेंस किया जा सकता है, जबकि वास्तव में ऐसा नहीं होता है। चूंकि फलों के रस में साबुत फलों में मौजूद फाइबर की कमी होती है, जिससे आपको तृप्ति का अहसास नहीं होता है और इससे आपका कैलोरी काउंट गड़बड़ा जाता है।

गर्मी में लू से बचने के लिए डाइट में शामिल करें ये फल

गर्मियों के मौसम में सेहत का खास ख्याल रखना पड़ता है। तपती धूप और गर्म हवाओं की चपेट में आने के कारण अक्सर लोगों को लू लग जाती है। दरअसल जब आप ज्यादा देर तक धूप में रहकर काम करते हैं तो ऐसे शरीर में पानी की कमी हो जाती है और इसी कारण लू लगती है। इस कारण, चक्कर, बेहोशी, सिर में तेज दर्द और बुखार आ जाता है। अगर आप भी गर्मियों के मौसम में हीट स्ट्रोक से खुद को बचाना चाहते हैं तो आप इन फलों को डाइट में जरूर शामिल करें।

गर्मी में लू से बचने के लिए डाइट में शामिल करें ये फल

- गर्मियों के मौसम में लू से बचने के लिए आप तरबूज का सेवन कर सकते हैं। इसमें 90 से लेकर 92 फीसदी तक पानी होता है। यह गर्मियों में डिहाइड्रेशन दूर करने में मदद करता है। इससे हीट स्ट्रोक का असर आपकी सेहत पर नहीं पड़ता है।
- लू से बचने के लिए आप वुड एप्पल का सेवन भी कर सकते हैं। इसे हम बेल के नाम से जानते हैं। इस की तासीर ठंडी होती है और यह शरीर को डिहाइड्रेट होने से बचाता है। इस तरह से लू से आपके शरीर की सुरक्षा होती है।
- गर्मियों के मौसम में आप खरबूजा भी खा सकते हैं। इससे शरीर को पर्याप्त हाइड्रेशन मिलता है। वहीं इसमें मौजूद विटामिन सी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाने में मदद करता है।
- अनानास का सेवन करने से न सिर्फ आपके शरीर में पानी की कमी दूर होती है, बल्कि यह एंटीऑक्सीडेंट से भी भरपूर है जो मुक्त कणों से लड़ने में मददगार साबित होते हैं। इसमें ब्रोमेलैन नाम का एंजाइम होता है जो शरीर की सूजन को कम करने में मदद करता है।
- इसके अलावा आप गर्मियों में संतरे का सेवन भी कर सकते हैं। इससे भी शरीर में हाइड्रेशन बनाए रखने में मदद मिलती है। यह एनर्जी देने का भी काम करता है।

जांघ का फैट कम करने में बेहद फायदेमंद है लेग प्रेस एक्सरसाइज एक महीने में थाइज हो जाएंगी टोंड

आज के समय में मोटापा एक बड़ी समस्या है। महिला हो या पुरुष हर कोई मोटापा की समस्या से परेशान है। मोटापे की वजह से जहां फिगर खराब दिखता है, तो वहीं इसकी वजह से कई बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। आजकल लोग सबसे ज्यादा पेट और जांघ की बढ़ती चर्बी से परेशान रहते हैं। मोटापे के कारण न सिर्फ लोअर बॉडी का शेप खराब दिखता है, बल्कि उठने-बैठने, चलने-फिरने में भी समस्या होती है।

लेग प्रेस एक्सरसाइज करने के लाभ

- इस एक्सरसाइज को करने से शरीर का निचला हिस्सा मजबूत होता है।
- यह एक्सरसाइज पीठ पर दबाव डाले बिना मसल्स को टोन करने के अलावा उनको मजबूत करता है।
- लेग प्रेस से जांघों के मसल्स को कम करने में सहायता मिलती है।
- इस एक्सरसाइज से मांसपेशियों को भी मजबूत होने के साथ फिजिकल स्ट्रेंथ बढ़ती है।
- लेग प्रेस एक्सरसाइज करने से जकड़न या कमर दर्द की समस्या में आराम मिलता है।
- इस एक्सरसाइज को करने से पेट की मांसपेशियां एक्टिव होने के साथ पेट की चर्बी भी कम होती है।

ऐसे लगाने चाहिए लेग प्रेस सेट्स

लेग प्रेस एक्सरसाइज करने के लिए सबसे पहले मशीन की सीट पर लेट जाएं। फिर कंधे की चौड़ाई के बराबर में अपने दोनों पैरों को रखें। इसके बाद एड़ी से प्लेट पर धक्का लगाएं। अब इस अवस्था में कुछ देर रुकने के बाद धीरे-धीरे घुटनों को मोड़ते हुए पहले वाली अवस्था में आ जाएं। शुरूआत में कम सेट्स लगाने चाहिए।

लेग प्रेस के समय न करें ऐसी गलतियां

- अधिक और हैवी वेट लगाने से बचना चाहिए।
- एक्सरसाइज ट्रेनर की देखरेख में करना चाहिए।
- इस एक्सरसाइज को कमर दर्द होने पर नहीं करना चाहिए।
- पंजों से मशीन को पुश न करें।
- लेग प्रेस करने के दौरान घुटनों को लॉक न करें। क्योंकि इससे घुटनों पर प्रेशर पड़ता है और यह हड्डियों को कमजोर कर सकता है।

सूरजमुखी या कद्दू के बीज, सेहत के लिए क्या है अधिक फायदेमंद?

जब भी अच्छी सेहत की बात होती है तो उसके लिए कुछ चीजों को डाइट में शामिल करना बेहद जरूरी होता है। इन्हीं में से एक है बीज। कई छोटे-छोटे बीज पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और इसलिए इनके सेवन से आपको कई तरह के स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। यूं तो मार्केट में कई तरह के बीज अवेलेबल हैं, लेकिन कद्दू के बीज और सूरजमुखी के बीजों का सेवन करना लोग काफी पसंद करते हैं। इन बीजों को कई तरह से डाइट में शामिल किया जा सकता है। इतना ही नहीं, इन बीजों में काफी हद तक समानताएी भी हैं, लेकिन फिर भी वे बहुत अलग हैं। इसलिए, अगर आप इस बात को लेकर भ्रम की स्थिति में हैं कि कद्दू के बीज या सूरजमुखी के बीज में से कौन सा आपके लिए सबसे अधिक बेस्ट है तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है।

मैक्रोन्यूट्रिएंट्स और कैलोरी

जब मैक्रोन्यूट्रिएंट्स की बात आती है, तो सूरजमुखी के बीज और कद्दू के बीज काफी हद तक एकसमान होते हैं। इनमें मॉडरेट प्रोटीन और कम मात्रा में कार्बोहाइड्रेट होते हैं। कद्दू और सूरजमुखी के बीजों में वाटर कंटेंट अलग होता है। कद्दू के बीजों में पानी की मात्रा केवल 4.5 प्रतिशत होती है, जबकि सूरजमुखी के बीजों में 4.7 प्रतिशत की पानी की मात्रा पाई जाती है। जहां तक कैलोरी की बात है तो 100 ग्राम सूरजमुखी के बीजों में लगभग 584 कैलोरी होती है, जबकि 100 ग्राम कद्दू के बीजों में 446 कैलोरी होती है।

विटामिन और मिनरल्स

अगर विटामिन की बात की जाए तो सूरजमुखी के बीजों में अधिक विटामिन पाए जाते हैं। सूरजमुखी के बीजों में बी कॉम्प्लेक्स विटामिन, विटामिन सी, विटामिन ई आदि पर्याप्त मात्रा में होता है। हालांकि, कद्दू के बीज में विटामिन ए अपेक्षाकृत अधिक होता है। सूरजमुखी और कद्दू के बीज दोनों में विटामिन डी और विटामिन बी12 की पूरी तरह से कमी होती है। वहीं, कद्दू के बीज की तुलना में आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, मैंगनीज और सेलेनियम सूरजमुखी के बीज में अधिक पाया जाता है। जबकि पोटेशियम और जिंक के मामले में कद्दू के बीज अधिक फायदेमंद होते हैं।

ग्लाइसेमिक इंडेक्स

सूरजमुखी के बीजों का ग्लाइसेमिक इंडेक्स 22 होता है, जबकि कद्दू के बीजों का ग्लाइसेमिक इंडेक्स 54 होता है। इसका मतलब है कि अगर आप कद्दू के बीजों का सेवन करते हैं तो इससे ब्लड शुगर लेवल स्पाइक होने के चांसेस अधिक होते हैं।

किसका करें सेवन

अब सवाल यह उठता है कि सूरजमुखी के बीज और कद्दू के बीज में से किसका सेवन किया जाए। वास्तव में, दोनों ही बीज बेहद पौष्टिक हैं और हेल्थ के लिए फायदेमंद है। हालांकि, अगर आप अपनी डाइट में विटामिन ई इनटेक को बढ़ाना चाहते हैं, तो सूरजमुखी के बीज एक बेहतर विकल्प हो सकते हैं। वहीं, अगर आपको अधिक मैग्नीशियम या जिंक की आवश्यकता है, तो कद्दू के बीज अधिक फायदेमंद हो सकते हैं। कोशिश करें कि आप दोनों ही बीजों को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं।

पीएम मोदी जामनगर से सोमनाथ पहुंचे प्रथम ज्योतिर्लिंग की पूजा की

बढ़ता राजस्थान

जामनगर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को तीन दिवसीय यात्रा पर गुजरात पहुंचे हैं। रविवार सुबह करीब 11 बजे पीएम जामनगर में स्थित रिलायंस द्वारा संचालित पशु बचाव एवं पुनर्वास केंद्र वनतारा पहुंचे

वनतारा का दौरा करने के बाद शाम करीब 5.00 बजे सोमनाथ पहुंचे। यहां प्रथम ज्योतिर्लिंग की पूजा अर्चना करने के बाद 27 करोड़ रुपए से तैयार किए गए हाईटेक मार्केट का उद्घाटन किया। पीएम सोमवार को जामनगर, द्वारका और गिर जिले में कई प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

शनिवार रात को पहुंचे थे जामनगर

पीएम मोदी का विमान शनिवार रात करीब 8.00 बजे जामनगर पहुंचे। एयरपोर्ट से जामनगर के पायलट हाउस तक करीब 5 किमी लंबा रोड शो किया। इस दौरान उनका स्वागत करने के लिए भारी संख्या में लोग जमा रहे। इसके बाद पीएम ने जामनगर के पायलट हाउस में ही रात्रि विश्राम किया।

पशु बचाव एवं पुनर्वास केंद्र वनतारा पहुंचे

रविवार सुबह करीब 11 बजे पीएम जामनगर में स्थित रिलायंस द्वारा संचालित पशु बचाव एवं पुनर्वास केंद्र वनतारा पहुंचे। गौरतलब है कि जामनगर में जानवरों के पुनर्वास के लिए बनाया गया 'वनतारा' दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी का ड्रीम प्रोजेक्ट है।

रीट में कैंडिडेट की जनेऊ उतरवाने पर राठौड़ बोले

यह अति... अधिकारी की अकल काम करनी चाहिए

गहलोत ने फ्री स्मार्टफोन से सरकारी खजाना लूटा

जयपुर। बढ़ता राजस्थान

रीट परीक्षा में अभ्यर्थियों की जनेऊ उतरवाने की घटना को बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने एक प्रकार की अति बताया। राठौड़ ने कहा- जनेऊ से कोई क्या नकल करेगा। जनेऊ एक धागा होता है, जो शरीर के साथ चिपका होता है। उसे निकालकर कोई कैसे नकल करेगा।

मदन राठौड़ ने कहा- परंपरा से हटकर अपने आप को बहुत ज्यादा जागरूक शो करने का काम करते हैं तो यह ठीक बात नहीं है। जो अधिकारी वहां लगा हुआ है, उसकी अकल भी काम करनी चाहिए कि किस चीज से नकल हो सकती है और किससे नहीं। राठौड़ ने कहा- मैं सोचता हूं कि जिसने भी ऐसा किया है, उस पर कार्रवाई की गई है। भविष्य में ऐसा न हो इसका भी ध्यान रखेंगे। किसी को भी ऐसा काम नहीं करना चाहिए, जिससे किसी की भी भावना को ठेस पहुंचे। हां, जिससे नकल संभव है, उसको रोकने के लिए माध्यम अपनाना चाहिए। फालतू किसी को परेशान नहीं करना चाहिए।

गहलोत ने फ्री स्मार्टफोन योजना से सरकारी खजाने में की लूट

मदन राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के भजनलाल सरकार पर फ्री स्मार्टफोन योजना बंद करने के आरोपों पर भी पलटवार किया है। राठौड़ ने कहा- फ्री स्मार्टफोन योजना से गहलोत ने सरकारी खजाने में लूट का काम किया। मुझे याद आ रहा है कि गहलोत राज में जो मोबाइल फोन खरीदे गए थे, वो बहुत कम कीमत के थे। उनके अधिक रुपए बताए गए और बड़ा बिल बनाया गया।

राठौड़ ने कहा- कई स्मार्टफोन तो फेल होने पर लोगों ने लौटा दिए। इस तरह से सरकारी धन का दुरुपयोग करने का क्या मतलब है। हम ऐसे काम नहीं करते हैं। हम जनहित में और उपयोग में आ सके। ऐसा काम करेंगे।

राजस्थान के व्यापारियों की हर संभव मदद करेंगे

सूरत शहर में कपड़ा मार्केट में आग लगने से बड़े पैमाने पर हुए नुकसान को लेकर बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने चिंता जताई। उन्होंने कहा- सूरत के जिस निजी मार्केट में आग लगी है। वहां राजस्थान के भी कई अप्रवासी व्यापारियों की दुकानें हैं। वहां दुकानों में कपड़े के साथ ही नकदी और हिसाब का रिकॉर्ड जल गया है। ऐसे में उन्हें कैसे मदद दिलाई जा सकती है, इसे लेकर प्रयास जारी हैं। राठौड़ ने कहा- इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुजरात के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी बातचीत की है, ताकि सूरत में अग्निकांड से प्रभावित राजस्थानी व्यापारियों को मदद दिलाई जा सके। आग से हुए नुकसान का सही आकलन तो आना अभी बाकी है। प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि आग से 1500 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

भजनलाल शर्मा अपने सभी कार्यक्रम निरस्त कर सूरत जाएंगे

उन्होंने कहा- सूरत के जिस मार्केट में आग लगी है। वहां ज्यादातर कपड़े (साड़ियों) की दुकानें थी। इनमें राजस्थान के कई व्यापारियों की दुकानें भी हैं, जो बरसों से वहां रहकर काम कर रहे हैं।

रूस से युद्ध रोकने का प्लान बनाएंगे यूक्रेन-ब्रिटेन-फ्रांस

ब्रिटिश पीएम बोले- ये प्लान अमेरिका के सामने रखेंगे, ट्रम्प की सुरक्षा गारंटी जरूरी

बढ़ता राजस्थान

लंदन (एजेंसी)। ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन मिलकर रूस-यूक्रेन जंग को रोकने के प्लान पर काम करने के लिए राजी हुए हैं। ये प्लान अमेरिका के सामने रखा जाएगा।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के ब्रिटेन दौरे पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने इसकी जानकारी दी है।

स्टार्मर ने कहा कि व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति से जेलेंस्की की बहस के बाद चारों देशों के नेताओं की बातचीत में इस प्लान का जिक्र हुआ।

उन्होंन कहा कि उन्हें यकीन है ट्रम्प यूक्रेन में स्थायी शांति चाहते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि ये प्लान तभी काम करेगा जब अमेरिका अपनी सुरक्षा गारंटी पर टिका रहेगा।

स्टार्मर ने बुलाई यूरोपीय देशों की डिफेंस समिट

कीर स्टार्मर ने लंदन में यूरोपीय देशों की डिफेंस समिट बुलाई है। इसमें फ्रांस, जर्मनी, डेनमार्क, इटली समेत 13 देश शामिल होंगे। नाटो के महासचिव, यूरोपीय संघ और यूरोपीय काउंसिल के प्रेसिडेंट भी इसमें मौजूद रहेंगे।जेलेंस्की भी इस बैठक में भाग लेंगे होंगे। इसमें शामिल होने के लिए इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों, पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क, नाटो के जनरल सेक्रेटरी मार्क रूट समेत कई नेता पहुंच गए हैं। पीएम कीर स्टार्मर ने डाउनिंग स्ट्रीट पर सभी का स्वागत किया।

UKRAINE
RUSSIA
Luhansk
Donetsk
2022

यूक्रेन को 24 हजार करोड़ का लोन दिया

ब्रिटेन ने यूक्रेन को 24 हजार करोड़ का लोन दिया। इसके लिए शनिवार को ब्रिटिश पीएम स्टार्मर और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने समझौते पर साइन किए। द कीव पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक इस लोन को जी7 देशों की एक्सट्रा-ऑर्डिनरी रेवन्यू एक्सीलरेशन पहल के तहत दिया गया है। इस लोन का इस्तेमाल यूक्रेन के जरूरी हथियार खरीदने में किया जाएगा। पिछले साल अक्टूबर में जी7 देशों ने यूक्रेन को 50 बिलियन डॉलर यानी 4.3 लाख करोड़ रुपए की मदद देने का वादा किया था।

ब्रिटिश पीएम ने जेलेंस्की का गले लगाकर स्वागत किया

इससे पहले जब जेलेंस्की शनिवार को इंग्लैंड पहुंचे तो ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने जेलेंस्की का गले लगाकर स्वागत किया। सड़कों पर लोगों ने जेलेंस्की के सपोर्ट में जोरदार नारे लगाए। स्टार्मर ने जेलेंस्की से कहा कि आपको पूरे ब्रिटेन का सपोर्ट हासिल है। हम आपके और यूक्रेन के साथ खड़े हैं, भले ही इसमें कितना भी वक्त क्यों न लग जाए। जेलेंस्की ने इस सपोर्ट के लिए उनका शुक्रिया अदा किया।

जयपुर के होटल में रिसेप्शनिस्ट ने किया सुसाइड

कमरे में जाकर खाया जहर, बेहोशी की हालत में पड़ा मिला

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। जयपुर के होटल में एक रिसेप्शनिस्ट ने सुसाइड कर लिया। जहर खाने के चलते वह अपने रूम में बेहोशी की हालत में पड़ा मिला था। मालवीय नगर थाना पुलिस ने एसएमएस हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के भाई ने एक लड़की व उसके घरवालों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है। एसआई विजयपाल ने बताया- भीलवाड़ा के हनुमान नगर निवासी मोहम्मद हसन (28) ने सुसाइड किया है। वह पिछले करीब 5 महीने से मालवीय नगर स्थित होटल सीलवर सेट खालसा पैलेस में रिसेप्शन पर काम कर रहा था। वह होटल में बने वर्कर रुम में ही रहता था।

डॉ . किरोड़ी लाल मीणा का सरकारी आवास निरस्त, मंत्री बनने पर मिला था बंगला

2 फरवरी 2024 को जीएडी ने सिविल लाइंस सथित बंगला नंबर 14 आंवटित किया था

बढ़ता राजस्थान



सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा के सरकारी बंगले का आवंटन निरस्त कर दिया गया है। बताया जाता है कि खुद किरोड़ीलाल ने सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) से बंगले का आवंटन निरस्त करने के लिए आवेदन किया था। पहले इस बंगले को पूर्व राष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत के नाम से आवंटित किया गया था। अब उनका परिवार इस बंगले में रहता है।

भैरोंसिंह शेखावत के परिजन के पास है बंगला-भजनलाल सरकार ने 14 जनवरी को 17 मंत्रियों को सरकारी बंगला आवंटित किया था। इसके बाद 9 फरवरी को 6 मंत्रियों को सरकारी आवास दिया गया, जिसमें किरोड़ी लाल मीणा को भी बंगला आवंटित किया गया था।

अपनी ही सरकार पर कई गंभीर आरोप लगा चुके किरोड़ी-राजस्थान में विधानसभा चुनाव के बाद से ही किरोड़ीलाल मीणा अपनी ही सरकार पर सवाल उठाते आए हैं। भजनलाल सरकार के सवा साल के कार्यकाल में किरोड़ी लाल मीणा कई गंभीर आरोप लगा चुके हैं। इसकी वजह से वह चर्चा में बने हुए हैं।

उत्तराखंड में बर्फ का पहाड़ धंसने से 8 मौतें हुई : कुल 54 लोग फंसे थे; 4 के शव निकले

बढ़ता राजस्थान

चमोली (एजेंसी)। उत्तराखंड के चमोली में 28 फरवरी को आए एवलांच में फंसे 8 मजदूरों की मौत हो गई। इनमें 4 की रेस्क्यू के बाद इलाज के दौरान मौत हुई, जबकि रविवार को 4 शव निकाले गए। 46 मजदूरों का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। हादसे के दूसरे दिन शुक्रवार को 17 लोगों को निकाला गया था। शनिवार को 33 लोग निकाले गए थे। इन्हीं में से चार लोगों की मौत हुई थी। पहले लापता मजदूरों की संख्या 55 बताई गई थी, लेकिन शनिवार को पता चला कि एक मजदूर बिना बताए कैंप से अपने गांव चला गया था। हादसा चमोली के माणा गांव में 28 फरवरी की सुबह 7:15 बजे हुआ। मोली-बद्रीनाथ हाईवे पर बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन के मजदूर कंटेनर हाउस में रुके थे, तभी बर्फ का पहाड़ खिसक गया। सभी मजदूर इसकी चपेट में आ गए। 4 मजदूरों की हालत गंभीर रेस्क्यू किए गए 46 मजदूरों को जोशीमठ के आर्मी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इनमें से दो की हालात गंभीर होने के बाद ऋषिकेश एम्स रेफर किया गया है। एम्स के पीआरओ ने बताया कि आज एक और मरीज को एयरलिफ्ट करके यहां लाया गया है। उसे पेल्विक इंजरी है। कल स्पाइनल इंजरी के कारण एक मजदूर को लाया गया था। उसके पैर काम नहीं कर रहे हैं। टेस्ट रिपोर्ट ठीक रही तो आज उसकी सर्जरी की जाएगी। जोशीमठ आर्मी हॉस्पिटल में डॉक्टरों की टीम 44 मजदूरों का इलाज कर रही है। मेजर अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि दो मजदूरों की हालत गंभीर है। हालांकि सभी खतरे से बाहर हैं।

कर्नाटक के डिप्टी सीएम बोले-हिंदू पैदा हुआ, हिंदू ही मरूंगा

ईशा योग सेंटर में अमित शाह के साथ थे, कांग्रेस नेताओं ने सवाल उठाया

बढ़ता राजस्थान

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने तमिलनाडु स्थित ईशा योग सेंटर में महाशिवरात्रि समारोह में शामिल होने पर सफाई दी है। उन्होंने कहा- मैं हिंदू के रूप में जन्मा था और हिंदू के रूप में मरूंगा।

शिवकुमार ने कहा, सद्गुरु कर्नाटक से हैं। वह कावेरी जल के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने आकर मुझे व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया था। वह महान काम कर रहे हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों के विधायक और नेता वहां थे इसलिए, मैं वहां गया। यह मेरी व्यक्तिगत आस्था है। उन्होंने कहा कि, मेरे निर्वाचन क्षेत्र में यीशु की 100 फीट ऊंची मूर्ति है। निर्माण स्थानीय लोगों ने करवाया। तब भाजपा ने मुझे येसुकुमार कहा था। मैं सभी धर्मों, जातियों में विश्वास करता हूं। कांग्रेस पार्टी की विचारधारा समाज में सभी को एक साथ लेकर चलने की है, इसलिए कुछ लोगों को यह पसंद हो सकता है, कुछ को पसंद नहीं। शाह के साथ मंच शेयर करने पर मंत्री ने उठाए सवाल 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर कोयंबटूर में ईशा योग सेंटर में एक कार्यक्रम हुआ था।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya,
NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com